भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 280, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




रेस 4 में विलेन होंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा 15
भारत-अमेरिका मिलकर काम करने के इच्छुक : राजनाथ 16

## सिपाही भर्ती अब तक 9 लाख अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो पुलिसकर्मी समेत 10 गिरफ्तार 185 अभ्यर्थी संदिग्ध मिले
- तीसरे दिन 6,78,767 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**अमृत विचार:** प्रदेश पुलिस में चल रही सिपाही भर्ती परीक्षा में तीसरे दिन 29.57 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह परीक्षा छोड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या करीब नौ लाख हो गई है। हालांकि बीते दो दिनों की परीक्षा के मुकाबले रविवार को करीब दो फीसदी अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

इस दौरान यूपी पुलिस के दो सिपाहियों समेत परीक्षा में सेंधमारी का प्रयास करने वाले कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें दो सिपाहियों समेत पांच सॉल्वर शामिल हैं। वहीं 185 अभ्यर्थी संदिग्ध पाए गए। हालांकि उन्हें परीक्षा देने की अनुमति प्रदान की गई।

बलरामपुर में शनिवार को गिरफ्तार किए गये दोनों सिपाही दूसरे की जगह परीक्षा देने आए थे। उनको पकड़ने के बाद पुलिस मामले को दबाए रही। रविवार को दोनों को जेल भेजने के बाद डीजीपी मुख्यालय को इसका पता चला। इनमें अलीगढ़ स्थित पीएसी की 45वीं वाहिनी का सिपाही भगवान सिंह अभ्यर्थी गजेंद्र सिंह के स्थान पर परीक्षा देने आया था। वहीं मथुरा में उप्र विशेष सुरक्षा बल में तैनात आरक्षी गोविंद सिंह उसका सहयोग कर रहा था।

इसके अलावा अलीगढ़ में अभ्यर्थी विकास यादव की जगह परीक्षा दे रहे फिरोजाबाद निवासी रामू को गिरफ्तार किया गया है। जौनपुर के सरायख्वाजा में फतेहपुर निवासी अस्मित सोनकर को नाम बदलकर दोबारा परीक्षा देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। वह अस्मित राज सोनकर के नाम पर परीक्षा दे रहा था। इसके अलावा प्रयागराज के आकाश भारती को कूटरचित दस्तावेजों के जरिए किसी अन्य अभ्यर्थी को परीक्षा दिलाने का प्रयास करने पर चेकिंग के दौरान दबोच लिया गया।

### कानपुर: परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले तीन दबोचे

कानपुर में राजस्थान के धौलपुर निवासी नरेंद्र को अभ्यर्थी रामदीन की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। कानपुर के कैंट क्षेत्र में हरदोई के फहीम अली को आधार कार्ड और हाईस्कूल की मार्कशीट में जन्मतिथि में अंतर मिलने पर गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह चकेरी क्षेत्र में एटा के हरेंद्र कुमार को अभ्यर्थी सतवीर के स्थान पर परीक्षा देते हुए दबोच लिया गया। झांसी में बिहार के दो अभ्यर्थी रोहित कुमार पाल और अखलाक अंसारी को प्रश्न पुस्तिका आपस में बदलने पर गिरफ्तार किया गया।

## हर जेल-पुलिस थानों में भव्यता से मनाया जाए पर्व

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज मुख्यमंत्री ने भक्तिभाव से त्योहार मनाने और व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- वीडियोग्राफी सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से जांच करने के भी निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी रिजर्व पुलिस लाइंस, थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के आदेश दिए हैं।

भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के प्रबंध करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यंत संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं। वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से अराजक तत्वों और गतिविधियों पर नजर रखने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देशों का अनुपालन करते हुए कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### कहीं भी न हो अशोभनीय-अश्लील संवाद-नृत्य

मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को शालीनता के साथ त्योहार मनाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का अशोभनीय नृत्य का कार्यकम न हो। संबंधित पुलिस आयुक्त एवं जिला प्रभारी पहले से ही कार्यक्रमों का अवलोकन करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार का अशोभनीय एवं अश्लीलतापूर्ण संवाद अथवा नृत्य न होने पाए।

LAST 3 DAY
MONTE CARLO
7 DAYS OPEN
• शर्ट, टी-शर्ट
• जीन्स, पैन्ट
• ट्राउजर
• ट्रैक सूट्स
• लोअर
• बरमूडा एवं ऑल मान्टी कारलो
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप

### लखपति दीदी रैली में प्रधानमंत्री मोदी बोले- बचने नहीं चाहिए दोषी और उसके मददगार

जलगांव (महाराष्ट्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध को अक्षम्य पाप करार दिया और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। मोदी की यह कड़ी टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या तथा मुंबई के पास बदलापुर में दो स्कूली बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बाद आई है।

उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों और बेटियों का दर्द और गुस्सा समझता हूं। मोदी ने कहा कि वह हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहेंगे कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक अक्षम्य पाप है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मददगारों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। चाहे अस्पताल हो, स्कूल हो, सरकार हो या पुलिस थाना हो, जिस भी स्तर पर लापरवाही हुई हो, सभी को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। सरकारें आएंगी और जाएंगी, लेकिन समाज और सरकार दोनों के तौर पर महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में भी शादी के झूठे वादे और धोखे को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।



जलगांव में लखपति दीदी को प्रमाणपत्र देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

### कड़ी सजा के लिए कानूनों को मजबूत कर रही सरकार

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए जो काम किया है, उतना आजादी के बाद से किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। मोदी ने 'लखपति दीदी' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करने के वास्ते कानूनों को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में भी शादी के झूठे वादे और धोखे को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने के लिए केंद्र सरकार हर तरह से राज्य सरकारों के साथ है।

### परिवारवादी राजनीति से होता है नई प्रतिभाओं का दमन

**मन की बात**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में ऐसे नौजवान राजनीति में आने के लिए तैयार बैठे हैं, जिनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं है और इससे देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए नई ऊर्जा, नया जोश एवं नया अनुभव मिलेगा। मोदी ने रविवार मन की बात के 113वें एपिसोड में कहा कि परिवारवादी राजनीति नई प्रतिभाओं को दमन करती है। गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में आने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मैंने इस साल लालकिले से बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले 1 लाख लोगों को राजनीति से जुड़ने की बात कही थी। इससे पता चला कि हमारे युवा राजनीति में आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। परिवारवादी राजनीति के अलावा मोदी ने तिरंगा अभियान, बच्चों में पोषण को लेकर जागरूकता जैसे पांच बड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों से अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप को लेकर भी बात की।

### लखपति दीदियों से की बात, 11 लाख को बांटे सर्टिफिकेट

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलगांव में लखपति दीदियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया और उन्हें सर्टिफिकेट दिए। लखपति दीदी स्वयं सहायता समूहों की उन महिलाओं को कहा जाता है, जो सालाना एक लाख रुपये कमा रही हैं। लखपति दीदी से बातचीत करते हुए मोदी ने 2,500 करोड़ रुपये की निधि जारी की, जिससे 4 .3 लाख स्वयं सहायता समूहों के 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना का उद्देश्य न केवल महिलाओं की आय बढ़ाना है, बल्कि भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाना भी है। उन्होंने कहा, 'आपने सुना होगा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसमें महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। हालांकि कुछ वर्षों पहले तक ऐसा नहीं था।'

## पीएम मोदी की अगुवाई में बढ़ी महिला सशक्तीकरण की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- एक उम्मीद संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोले केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तीकरण की गति लगातार तेज हो रही है। पिछले साल एक करोड़ लखपति दीदी बनाई गई थीं, इस बार दो करोड़ यानी दोगुनी लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने रविवार को यह बात कही।

बीएल वर्मा 'एक उम्मीद' संस्था की ओर से पीलीभीत बाईपास स्थित हवेली (फन सिटी) के सभागार में आयोजित तेजस्विनी सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। महिला सशक्तीकरण के प्रयासों का नतीजा है कि महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम बुलंद कर रही हैं। लड़ाकू विमान उड़ाने और सीमाओं की रक्षा करने के साथ अपने परिवार का भी पालन-पोषण कर रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी महिला सशक्तीकरण का ही उदाहरण हैं, जिन्होंने आदिवासी इलाके से निकलकर देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त किया है।

### अमिता अग्रवाल से मंत्री ने कहा- दिव्यांगजनों के लिए कार्यक्रम कराएं हम मदद करेंगे

बीएल वर्मा ने 'एक उम्मीद' की संस्थापक अमृता अग्रवाल से दिव्यांगजन की सहायता के लिए मेला लगवाने के लिए कहते हुए आश्वासन दिया कि इस काम में वह अपने मंत्रालय की ओर से पूरा सहयोग कराएंगे। उन्होंने मेयर उमेश गौतम और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल से भी शहर में दिव्यांगजन के लिए कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए कहा।

### एक नजर

#### हर घर पहचानी जाने वाली अभिनेत्री आशा शर्मा का निधन



**मुंबई।** जानी-मानी अभिनेत्री आशा शर्मा का निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थीं। आशा शर्मा के निधन की जानकारी सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन ने ट्विटर हैंडल पर साझा की। आशा शर्मा ने टीवी शोज के अलावा फिल्मों में भी काम किया था। खासतौर पर एक मां और दादी के किरदार से दर्शकों ने बीच काफी मशहूर हुई हैं। उन्होंने कुमकुम भाग्य', मन की आवाज प्रतिज्ञा और एक और महाभारत जैसे टीवी शो में काम किया है। आशा ने दो दिशाएं, मुझे कुछ कहना है, प्यार तो होना ही था जैसी कई फिल्मों में काम किया है। आशा शर्मा ने 'दो दिशाएं', मुझे कुछ कहना है, प्यार तो होना ही था जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

### मिल्कीपुर उपचुनाव

## फैजाबाद के सांसद अवधेश के बेटे अजीत प्रसाद होंगे सपा उम्मीदवार



**मिल्कीपुर, अमृत विचार:** विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने मिल्कीपुर से अपना उम्मीदवार तय कर लिया है। पार्टी ने फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद का मिल्कीपुर से टिकट फाइनल कर दिया है। लोकसभा चुनाव जीतने से पहले अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर से ही सपा के विधायक रहे। उनके सांसद बनने के बाद यह सीट रिक्त हुई है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने फोन पर बताया कि सभी दावेदारों व पार्टी के जिम्मेदार नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया। उसके बाद पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में सर्वसम्मति से अजीत प्रसाद को चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया है। हालांकि पार्टी में प्रत्याशी के घोषणा की जो प्रक्रिया होती है, उसके तहत घोषणा की जाएगी। यह भी बताया कि इस दौरान आनंद सेन यादव की भी सहमति रही।

## भर्ती परीक्षा में पर्चा खराब होने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाई

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर



- बरेली के फरीदपुर एसडीएम कॉलोनी का मामला

**अमृत विचार :** फरीदपुर की एसडीएम कॉलोनी में पुलिस भर्ती परीक्षा देकर आए युवक ने शनिवार रात फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह मकान मालिक ने उसका शव फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि युवक पर्चा खराब होने से क्षुब्ध था, जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया।

एसडीएम कॉलोनी निवासी गौरव सिंह ने बताया कि फतेहगंज पूर्वी के गांव मंजा निवासी अजयपाल सिंह का बेटा योगेश (24) उनके यहां किराये पर रहता था। शनिवार शाम को वह रामपुर से पुलिस भर्ती परीक्षा देकर वापस आया था। रात में किसी समय योगेश ने फंदा लगा लिया। उन्होंने रविवार सुबह खिड़की से योगेश के शव को फंदे पर लटका देखा तो पुलिस और योगेश के पिता को सूचना दी। फरीदपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर क्राइम संतोष कुमार ने कहा कि ऐसी जानकारी मिल रही है कि सिपाही भर्ती परीक्षा में अपने प्रदर्शन से क्षुब्ध होकर युवक ने यह कदम उठाया है।

## सीएस प्रोफेशनल नए कोर्स में मेरठ की भूमिका को फर्स्ट रैंक

**दिल्ली, अमृत विचार:** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने रविवार को जून में आयोजित कंपनी सेक्रेटरीज (सीएस) एक्जीक्यूटिव तथा प्रोफेशनल प्रोग्राम नया व पुराना पाठ्यक्रम के परिणाम घोषित कर दिए। सीएस प्रोफेशनल प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 पाठ्यक्रम) परीक्षा के मॉड्यूल-1 में 31.13 प्रतिशत, मॉड्यूल-2 में 30.16 और मॉड्यूल-3 में 32.18 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) परीक्षा के माड्यूल-1 में 27.04, माड्यूल-2 में 26.72 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017) में जोधपुर परीक्षा केंद्र से इशिका सोनी और प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022) में मेरठ परीक्षा केंद्र से भूमिका सिंह पाठ्यक्रम) ने ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की है। इसी तरह एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2017) में दिल्ली परीक्षा केंद्र से मनीष और एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022) में मुंबई परीक्षा केंद्र से भूमि विनोद मेहता ने ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की है।

### यूपी टी-20 का रंगारंग उद्घाटन...



**लखनऊ, अमृत विचार :** रविवार को यूपी टी-20 क्रिकेट लीग का रंगारंग उद्घाटन लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन, पॉप सिंगर बादशाह व अभिनेता आयुष्मान खुराना ने नृत्य व गायन से समां बांध दिया।

## राज्य मंत्रिमंडल की बैठक कल, यूपीएस पर होगा विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व से जुड़ी नीतियों पर भी लिए जा सकते हैं महत्वपूर्ण फैसले

**अमृत विचार:** राज्य मंत्रिमंडल की मंगलवार को बुलाई बैठक में केंद्र की तर्ज पर एकीकृत पेंशन योजना के प्रस्ताव पर विचार हो सकता है। अगर कैबिनेट से इस प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई जाती है तो राज्य सरकार भी यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को अंगीकार कर लेगी।

यूपीएस लागू होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की तरह उप्र. में सरकारी कर्मचारियों को पेंशन के लिए लगभग वही सुविधाएं मिलेंगी। दरअसल, इससे पूर्व साल 2004 में जब एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) लागू हुई थी तो बाद में उप्र. में भी इसको लेकर गजट जारी हुआ था। आगामी वित्तीय वर्ष 2025 अप्रैल से लागू होने जा रही केन्द्र सरकार की यूपीएस योजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिनंदनीय बताया है। साथ ही यह भी कहा है कि केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों को लाभान्वित करता यह निर्णय उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा और सुखद भविष्य की सुनिश्चितता का नया सूर्योदय लेकर आया है। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट बैठक में राजस्व से जुड़ी नीतियों पर भी महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।

## इंडिगो की टिकट बुकिंग के समय नहीं पूछा जाएगा जेंडर

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो की टिकट बुक कराते समय नहीं पूछा जाएगा कि यात्री स्त्री है या पुरुष। यह जानकारी देते हुए देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने कहा कि उसका लक्ष्य अपने यहां नियुक्त दिव्यांग कर्मियों की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य है। इंडिगो के समूह मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुखजीत एस पसरीचा ने बताया कि एयरलाइन अपने यात्रियों के लिए बुकिंग के समय स्त्री-पुरुष तटस्थ 'एमएक्स' विकल्प पेश करेगी। इससे उन ट्रांसजेंडरों को एक विकल्प मिलेगा, जो अपनी पहचान नहीं बताना चाहते हैं।

## वर्ष 2019 से 18,179 अनाथ बच्चों को मिला मां-बाप का साया

### दत्तक-शास्त्र संसाधन प्राधिकरण ने आरटीआई के जवाब में दी जानकारी, इनमें 1,404 बच्चे दिव्यांग

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2019 से अब तक 18,179 बच्चे गोद लिए गए जिसमें केवल 1,404 विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चे शामिल थे, जबकि अगले पांच वर्षों में गोद लेने के मामलों की कुल संख्या में वृद्धि हुई है। आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि हालांकि गोद लेने के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है, फिर भी गोद लेने की दर अब भी काफी कम है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शारीरिक, विकासात्मक, व्यवहारिक या भावनात्मक चुनौतियों के कारण अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती है।



केंद्रीय दत्तक-शास्त्र संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) ने एक आरटीआई प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। कहा कि 2019-20 में भारत में कुल 3,745 गोद लिए गए जिनमें 3,351 देश में और 394 अंतर्राष्ट्रीय थे। कुल संख्या में से विशेष जरूरतों वाले केवल 56 लड़कों और 110 लड़कियों को गोद लिया गया। सीएआरए के अनुसार वर्ष 2020-21 में कुल 3,559 बच्चे गोद लिए गए जिनमें 3,142 देश के अंदर और 417 अंतरदेशीय हैं। इस वर्ष केवल विशेष जरूरत वाले 110 लड़कों और 133 लड़कियों को गोद लिया गया। वर्ष 2021-22 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या मामूली रूप से घटकर 3,405 रह गई जिनमें से 2,991 देश में और 414 अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर थे। गोद लिए गए बच्चों की कुल संख्या में विशेष जरूरत वाले 136 लड़के और 206 लड़कियां शामिल थीं। वर्ष 2022-23 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या 3,441 थी, जिनमें 3,010 देश के अंदर और 431 अंतर्देशीय थे। इसमें विशेष आवश्यकता वाले 156 लड़कों और 188 लड़कियों को दत्तक परिवार मिले।

### दिव्यांग बच्चों के वर्गीकरण पर विवाद

फैमिलीज ऑफ जॉय के संस्थापक अविनाश ने कहा कि देश भर में दो साल से कम उम्र के सिर्फ 25 स्वस्थ बच्चे गोद लेने के लिए उपलब्ध हैं, जो कुल संख्या का सिर्फ एक प्रतिशत है। 19 राज्यों में 10 साल से कम उम्र के कोई भी स्वस्थ बच्चे गोद लेने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का वर्गीकरण विवादास्पद बना हुआ है।

### इस वर्ष 420 बच्चों को गोद की प्रतीक्षा

सीएआरए के अनुसार पांच जुलाई 2024 तक भारत भर में बाल देखभाल संस्थानों में विशेष आवश्यकता वाले 420 बच्चे गोद लिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'फैमिलीज ऑफ जॉय' के संस्थापक अविनाश कुमार ने कहा कि जुलाई 2024 तक गोद लेने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध 1,709 बच्चों में से 76 प्रतिशत विशेष जरूरतों वाले थे।


आप सभी जनपदवासियों को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं


आप सभी जनपद वासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मेधाव्रत शास्त्री
समाजसेवी


श्री कृष्ण जन्माष्टमी
के शुभ उपलक्ष्य में आयोजित
भव्य शोभायात्रा
में आप सभी की
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनन्दन
दिनांक-
26-8-2024 दिन सोमवार
दोपहर 1:30 बजे से प्रारम्भ
देवेन्द्र चौधरी 'बन्टी भईया'
ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि
सिकन्दराराऊ-हाथरस


आप सभी नगर वासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश गाँधी
पूर्व अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद,एटा


आप सभी जनपद वासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामकिशोर यादव
प्रिंस यादव
प्रो.प्रिंस ट्रेडर्स,अलीगंज-एटा




### विधायक के निजी सहायक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

# कटरा विधायक को परिवार सहित जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/जैतीपुर

- व्हाट्सएप कॉल कर चार मिनट तक की अभद्रता, आरोपी पकड़ा गया

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा से भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस को व्हाट्सएप कॉल पर एक व्यक्ति ने परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। आरोपी चार मिनट तक विधायक के साथ अभद्रता करता रहा। प्रकरण सत्ताधारी विधायक का होने के चलते तुरंत हरकत में आई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चंद घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



विधायक वीर विक्रम सिंह।

थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी विधायक के निजी सहायक जगवीर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह विधायक के निजी सहायक हैं। जगवीर ने बताया कि 19 अगस्त को सुबह 11:30 बजे विधायक के फोन नंबर 9956642336 पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आई, जिसमें उस अनजान व्यक्ति ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए परिवार सहित जान से मारने की धमकी देते हुए चार मिनट बाद फोन काट दिया। अगर भविष्य में विधायक या उनके परिवार के साथ किसी प्रकार की घटना होती है तो अज्ञात व्यक्ति जिम्मेदार होगा। जैतीपुर पुलिस ने मामले की अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 351(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच उपनिरीक्षक संजीव कुमार को दी गई, इसके बाद पुलिस ने आरोपी का नंबर सर्विलांस के जरिये ट्रेस किया। इसी के आधार पर पुलिस ने मदनापुर के गांव चाहरपुर निवासी अर्जुन उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**पहले भी विधायक से मांगी गई थी 10 लाख की रंगदारी**

वर्ष 2018 में कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस को व्हाट्सएप पर मैसेज कर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। उन दिनों प्रिंस के अलावा प्रदेश के नौ अन्य विधायकों को भी इसी तरह से व्हाट्सएप पर मैसेज कर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। विधायक ने तत्कालीन एसपी एस चनप्पा को मामले की जानकारी देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अन्य विधायकों ने भी अलग-अलग थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

> विधायक वीर विक्रम प्रिंस के निजी सहायक जगवीर सिंह की तहरीर पर विधायक व उनके परिवार को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच में मदनापुर के गांव चाहरपुर निवासी अर्जुन उर्फ छोटे का नाम सामने आने पर उसे हिरासत में लेकर धारा 170, 126, 133 के तहत कार्रवाई की गई है। विधायक की सुरक्षा के लिए ड्यूटी लगाई गई है।
> **-प्रयांक जैन**, सीओ तिलहर

## लापरवाही बरतने पर सिपाही निलंबित

**खुटार, अमृत विचार:** खुटार थाने में तैनात सिपाही मोहित मिश्रा की आए दिन जनता द्वारा शिकायतें उच्चाधिकारियों को मिल रही थी। जिस पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने सिपाही की गोपनीय जांच कराई। आरोप सही मिलने पर एसपी ने सिपाही मोहित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया मोहित मिश्रा को निलंबित किया गया है। विभागीय जांच भी कराई जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई भी उच्चाधिकारियों द्वारा की जाएगी।

## श्रवण आत्महत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां।** जेवां गांव के श्रवण ने बिक्री की हुई जमीन के पैसे नहीं मिलने पर 21 अगस्त को जहर खाकर जान दे दी थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जेवां गांव के श्रवण ने तिलहर तहसील के गांव रुहिला स्थित दो बीघा जमीन नाहिल गांव के बालेंद्र दीक्षित को पांच लाख रुपये में बेची थी। रजिस्ट्री के बाद भी पैसे नहीं मिले तो श्रवण ने तहरीर देकर आरोपी से पैसे दिलाने की मांग की थी। श्रवण की तहरीर पर पुलिस ने 21 अगस्त को दोनों को थाने बुलाया था। इसी दौरान सिंधौली के गांव रक्सा के विनय पांडेय चचेरी बहन के साथ कोतवाली आ गए। विनय चाहते थे जमीन की बिक्री का कुछ पैसा उनकी चचेरी बहन को मिले, जिसकी शादी श्रवण के साले के साथ हुई थी। श्रवण के साले की पहले ही मौत हो चुकी है। इसी कारण बालेंद्र ने श्रवण को पैसे देने से इनकार कर दिया और कहा कि पहले अपना आपस में मामला सुलझा लो कि शेष पैसे कौन लेगा। श्रवण का कहना था कि जमीन हमने बेची है तो पैसा हमे मिलना चाहिए। इसी बात पर बात बिगड़ गई और बालेंद्र के पैसे देने के इंकार करने के बाद श्रवण ने अपने घर जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। श्रवण की मौत के बाद उनके पुत्र मृत्युंजय ने बालेंद्र दीक्षित और विनय पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।



आरोपी बालेंद्र दीक्षित।

# अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री पर छापा, चार गिरफ्तार

### पांच लाख रुपये के पटाखे व अन्य सामान बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में एसओजी और सदर बाजार पुलिस ने अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारा। पुलिस ने निर्मित व अर्द्धनिर्मित पटाखे , विस्फोटक सामग्री बरामद की है। बरामद सामग्री पांच लाख रुपये की है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

सदर बाजार पुलिस और एसओजी टीम को रविवार की दोपहर बाद सूचना मिली कि बाडूजई प्रथम में अभियुक्त अरबाब खां निवासी बाडूजई प्रथम सदर बाजार के मकान और मोहल्ला ककरा में अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री चल रही है। पुलिस ने दोनों स्थानों पर छापा मारा और निर्मित व अर्द्धनिर्मित पटाखे, सुतली बम, पटाखा बनाने वाले विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने एक नाबालिग समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए अभियुक्त अरबाब खां, जब्बार खां निवासी बाडूजई थाना सदर बाजार, जमाल निवासी चौक आला खां थाना सदर बाजार और एक बालक है। पुलिस ने सुतली बम वजन 70 किलो, फुलझड़ी, मिर्ची बम, समोसा बम, पाउडर 10 किलोग्राम, गंधक 34 किलोग्राम, डिब्बा रैपर, सुतली आदि बरामद किया है। अभियुक्त अरबाब, जब्बार पर पहले से मुकदमें है। बरामद सामग्री करीब पांच लाख रुपये की है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि दीपावली के लिए पटाखा आदि तैयार करके रख रहे थे। टीम में प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह, एसओजी प्रभारी आरपी सिंह आदि थे।



मोहल्ला ककरा कलां में छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम। ● अमृत विचार



गाड़ी में रखा बरामद बारूद।

- एसओजी और सदर बाजार पुलिस ने दी दबिश, दीपावली के लिए कर रहे थे तैयार

> सूचना पर ककरा कला में आवासीय भवन और गोदाम पर छापेमारी की गई है। अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बने, अधबने पटाखे, रेपर, बारूद आदि सामग्री बरामद की गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।
> **– सौम्या पांडेय**, सीओ सिटी

# पंजाब मेल समेत सात ट्रेनें कई घंटे देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्योहारा में दो भागों में बंट गई थी गंगा सतलज एक्सप्रेस, बरेली में जोड़ा गया दूसरा कोच

**अमृत विचार :** बिजनौर के स्योहारा रेलवे स्टेशन पर डाउन लाइन की गंगा सतलज एक्सप्रेस दो भागों में बंट गई थी। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। इसके चलते गंगा सतलज एक्सप्रेस, पंजाब मेल समेत कई ट्रेनें देरी से आई। रिजर्वेशन वाले यात्रियों को कई घंटे तक ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।

लुधियाना-धनबाद गंगा सतलज एक्सप्रेस रविवार की सुबह चार बजे आ रही थी। स्योहारा रेलवे स्टेशन के पास तकनीकी फॉल्ट होने के कारण गंगा सतलज एक्सप्रेस दो भागों में बंट गई। ट्रेन की एसी बोगी की कपलिंग टूट गई, जिससे इंजन समेत आठ कोच स्योहारा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। जबकि गार्ड समेत 13 कोच चकराजमल गांव के सामने छूट गए। यात्रियों में अफरा-तफरी गच गई थी। बताते है कि ट्रेन में पुलिस भर्ती के परीक्षार्थी भी थे। चार बसों से परीक्षार्थियों को बरेली भिजवाया गया। एक कोच को अलग कर दिया गया। बरेली रेलवे स्टेशन पर दूसरा कोच गार्ड की बोगी के पीछे जोड़ा गया। इस दौरान गंगा सतलज एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे, पंचाब मेले चार घंटे, दिल्ली-गोरखपुर एक्सप्रेस तीन घंटे, जननायक एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, आनंद बिहार-सहरसा एक्सप्रेस दो घंटे देरी से यहां पहुंची। सबसे अधिक परेशानी रिजर्वेशन वाले यात्रियों को हुई और ट्रेन के इंतजार में कई घंटे तक प्लेटफार्म पर बैठना पड़ा। सीएमआई एके ठाकुर ने बताया कि गंगा सतलज एक्सप्रेस दो भागों में बंट गयी थी इसलिए ट्रेन देरी से पहुंची है।

## पीलीभीत के दो शिकारी पकड़े, चार फरार

- बंडा क्षेत्र में जंगली जानवर पकड़ने को लगाई थी खेत में खावर

**खुटार, अमृत विचार :** पीलीभीत के दो शिकारियों को वन विभाग ने पकड़ लिया। उनके कब्जे से एक खावर बरामद हुई है। हालांकि चार शिकारी फरार हो गए।

कस्बा बंडा में बंजार घाट (नदी किनारे) के पास 23 अगस्त की रात 12 बजे पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर के गांव सिकरहना के रहने वाले रामपाल, कृष्णपाल कुमार ने तीन-चार साथियों के साथ बंडा के बंजार घाट की तरफ गन्ने के खेत में जंगली जानवर का शिकार करने के लिए खावर लगाई थी। मुखबिर की सूचना पर खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव टीम के साथ पहुंच गए। उस समय पूरनपुर की बलरामपुर चौकी की पुलिस गश्त कर रही थी। शिकारी वन विभाग और पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। रेंजर ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया और मैलानी कार्यालय ले आई। हालांकि चार अन्य शिकारी फरार हो गए। आरोपियों से खावर बरामद हुई। वहीं, पीछा करने के दौरान रेंजर के पैर में चोट आ गई। उनका इलाज लखीमपुर खीरी के अस्पताल में चल रहा है।कस्बा बंडा में तैनात वनकर्मी संजीव कुमार ने उक्त दोनों के नाम केस काटा है।

> सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचा था, दो शिकारियों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वन दरोगा की तरफ से केस काटा गया है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर, वन रेंज खुटार

## कीटनाशक पीकर युवती ने दे दी जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव कुआ डांडा खजंन निवासी झंकार सिंह यादव शनिवार की शाम पांच बजे खेत पर जानवर लेकर गए थे। उसकी 18 वर्षीया पुत्री शशि और उसकी मां घर पर थी। शाम साढ़े पांच बजे शशि ने घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली। तबीयत खराब होने पर उल्टी करने लगी। खबर मिलने पर झंकार सिंह घर आए और पुत्री को लेकर पीएचसी पर गए। डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिवार वाले उसे लेकर मेडिकल कॉलेज आए। इलाज के दौरान शशि की मौत हो गई। परिजनों ने किसी बात पर उसे डांट दिया था। डांट से क्षुब्ध होकर उसने कीटनाशक दवा पी ली थी। बेटी की मौत से शशि की मां राजरानी रो-रोकर बेहाल है।

## तालाब में डूबकर बालिका की मौत

**निगोही, अमृत विचार :** गांव गुलडिया चकझाऊ निवासी श्रीकृष्ण की पुत्री बरखा(12) रविवार दोपहर 12 बजे बच्चों के साथ खेलते-खेलते गांव के बाहर तालाब किनारे पहुंच गई थी। इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में डूबने लगी। उसे डूबता देख बच्चे चिल्लाने लगे। लोगों ने उसे तालाब से निकाला और निगोही सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर लेकर चले गए।

## नगदी व मोबाइल चोरी, तहरीर दी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला मौजमपुर निवासी शिवलाल ने बताया कि वह अजीजगंज में एक फार्म हाउस पर देखरेख करता है। शुक्रवार की रात वह वही सो गया। शनिवार की सुबह उठा तो देखा कि उसकी जेब से 3320 रुपये और मोबाइल गायब था। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग
डा. सुधीर कुमार यादव
एम.डी. (मेडिसिन) गोल्ड मेडलिस्ट
(महामहिम राष्ट्रपति द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित)
कन्सलटेन्ट फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रात: 10 से 4 बजे तक
सायं 7 से 9 बजे तक
कोलेस्ट्रोल, शुगर, ब्लडप्रेशर, थायराइड, कमजोरी, डेगू, मलेरिया, टाइफायड, एवं खून की बीमारिया
छाती की समस्या: सांस फूलना, दमा, निमोनिया, खांसी, बलगम, टी.बी.
दिल की समस्या: ब्लडप्रेशर, हार्टअटैक, छाती में दर्द, धड़कन बढ़ना, घबराहट
पेट एवं लीवर की समस्या: पीलिया, काला पीलिया, उल्टी, कब्ज, पेट दर्द, लीवर खराब, खाना नहीं पचना, भूख न लगना
खून सम्बन्धित रोग: खून की कमी, खून की गन्दगी, इओसिनोफिलिया
सामान्य रोग
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

# सिस्टम में उलझा विकास... नहीं हो रही ग्राम पंचायत की बैठकें

## अधिकांश गांवों में जलभराव की स्थिति, दिक्कतें झेल रहे ग्रामीण, योजनाओं तक की नहीं मिल पाती जानकारी

संवाददाता, कलान



कलान के मरथरा गांव को जाने वाले रास्ते पर जलभराव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में विकास योजनाओं की रफ्तार सिस्टम में फंस कर रह गई है। यहां तक कि ग्राम पंचायत की खुली बैठकें भी नहीं हो पा रही हैं, जिस कारण ग्रामीणों को विकास योजना का लाभ मिलना तो दूर की बात उन्हें जानकारी भी नहीं हो पा रही है। आरोप है कि विकास विभाग के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। जिससे समस्या बढ़ रही है।

कलान क्षेत्र में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं क्षेत्र वासियों के लिए बेकार साबित हो रही हैं। क्षेत्र के कई गांव ऐसे हैं, जहां आज भी विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। जरूरतमंद सुविधाओं से लोग वंचित हैं। पानी बिजली जैसी समस्याएं लोगों को घेरे हुए हैं, वजह है कि सरकारी कर्मी व अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारू हैं। ग्राम पंचायत के लोग अपने प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी प्रधान को सौंपते हैं और बड़ी उम्मीदें भी रहती हैं लेकिन वह लोग भी अपने निजी स्वार्थवश ग्रामीणों की समस्याएं कम नहीं कर पाते। क्षेत्र के कई गांव ऐसे हैं जहां निकलने तक के सही रास्ते नहीं हैं, मुख्य गलियों में जलभराव की समस्या है। सथरी, खमरिया, भुन्नीखेडा , मरथरा नौसना समेत अन्य गांव के लोग सड़क, पानी, सफाई जैसी सुविधाओं का इंतजार कर रहे हैं। सरकार कि मंशा है कि गांव को शहरी सुविधाएं मिल सकें, इसके लिए भारी भरकम धनराशि खातों में भेजी जा रही हैं लेकिन उसका सदुपयोग नहीं हो पाता है। आरोप है कि प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी अपनी मनमानी करके शासकीय धनराशि को चूना लगाते हैं। नियम तो यह है कि विकास योजना का प्रस्ताव पारित किए जाने के ग्राम पंचायत की खुली बैठक आयोजित की जाती हैं। बैठक में कोरम पूरा होने के उपरांत सभी ग्राम पंचायत के लोगों को होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी जाती है और पूर्व में कराए गए विकास कार्यों के बारे में भी अवगत कराया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं होता है, ग्राम पंचायत में खुली बैठकें आयोजित नहीं हो पाती हैं, जिससे लोगों को कोई जानकारी नहीं मिल पाती है और विकास कार्य का काम हो पा रहा है।

### इन गांवों में नहीं हुई बैठकें

ग्राम पंचायत खजुरी , वाराकला, श्रीनगर, दारानगर , वाराखुरद , जखिया, मदनपुर, विचोला, बनाया, खमरिया, नौगबा मुबारकपुर, प्रथ्वीपुर, सथरी, सुखनैया, विक्रमपुर, मरथरा आंधी देई समेत अन्य गांवों खुली बैठकें नहीं हो पा रही है।

### बीडीओ पर है अतिरिक्त जिम्मेदारी

ग्रामीणों का कहना है कि खंड विकास अधिकारी मुन्नालाल के पास जिम्मेदारी है लेकिन उनके पास दूसरे विभाग का प्रभार होने के कारण ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं आते हैं, सप्ताह में एक दिन आ जाए तो बड़ी बात है। खंड विकास अधिकारी के नहीं आने की वजह से ब्लॉक के कर्मचारी व प्रधान अपनी मनमानी करते हैं और यही वजह है कि शासकीय धनराशि का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है और लोग बंदर बांट करने में जुटे हुए हैं

नियमानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकें होनी चाहिए। अगर बैठकें नहीं होती हैं, तो लापरवाही है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर निर्देश बैठकर आने के लिए दिए जाएंगे। इसके बाद बैठकें नहीं होती हैं, तो संबंधित लोगों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**-महेश कैथल**, उप जिलाधिकारी

## समूह नृत्य की प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर गांधी भवन में हुए देशभक्ति पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय ने प्रतिभागी छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में अनुकृति, वृंदा, आहाना, शगुन, अनुष्का, कौशिकी, संजना, शैलजा, वंशिका, कनक, सीनू, दिव्या, उपासना, अलंकृता आदि प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। 15 अगस्त को शिक्षिका नीलम सक्सेना व मधुमिता डे के निर्देशन में छात्राओं ने प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी थी। अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, मंजरी, रीतू अरोड़ा, रामऔतार आदि का सहयोग रहा।

## हिंदू समाज का जागृत होना बहुत आवश्यक

**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के गांधी पार्क में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस और हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष राजीव सिंह मौजूद रहे। राजीव सिंह ने कहा कि लव जिहाद, धर्मांतरण और अवैध घुसपैठ आदि चुनौतियों का एक ही समाधान है। इसके लिए पूरे हिंदू समाज को जागृत किया जाना बहुत आवश्यक है। मुख्य अतिथि श्री 108 महंत बाबा सुखदेव मुनि रहे। अध्यक्षता सुनील कुमार अग्रवाल ने की। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रमोद सिंह, बाबा पुरुषोत्तम दास आदि मौजूद रहे।

## पुलिस के जाने के बाद महिला को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा के गांव जपनापुर निवासी रामबेटी ने बताया कि उसके पति शिवलाल ने पूर्व में आईजीआरएस में आदित्य के खिलाफ शिकायत की थी। पुलिस जांच करने घर आई। पुलिस के जाने के बाद शुक्रवार की शाम आठ बजे आरोपी आदित्य व अमित घर में घुस आए। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# फिर उफनाई गंगा, हाईवे पर चलने लगा बाढ़ का पानी

संवाददाता, मिर्जापुर



पैलानी गांव में घुसा पानी। ● अमृत विचार

● आसपास के गांवों में भी पहुंचने लगा पानी, लोग भयभीत

**अमृत विचार :** गंगा का जलस्तर बढ़ने से नदी उफान पर है। बाढ़ का पानी हाईवे पर चलने लगा है। वहीं गांवों में भी एक बार फिर बाढ़ का पानी दस्तक देने लगा है। उधर, पैलानी गांव में पानी घुस गया है। जिससे ग्रामीण भयभीत होने लगे हैं। तटवर्ती गांव के लोगों की दुःश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही है।

लगातार घटते-बढ़ते जलस्तर के कारण खरीफ की फसलें बर्बाद हो रही हैं। गंगा में शनिवार को जलस्तर बढ़ने लगा। देर रात तक बाढ़ का यह पानी आसपास के गांव के करीब से होते हुए शमशाबाद-जलालाबाद स्टेट हाईवे पर पहुंच गया। रविवार सुबह जब लोग बाहर निकले तो उन्हें पानी ही पानी नजर आ रहा था। हाईवे पर भी पानी चलने लगा था। दोपहर होते-होते स्टेट हाईवे पर बाढ़ का पानी तेज रफ्तार से चलने लगा है। खेतों में चारो ओर बाढ़ का पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। शमशाबाद-जलालाबाद स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार बह रहा पानी लोगों के लिए खतरा बना हुआ है लेकिन लोगों का इस रास्ते से गुजरना मजबूरी बना हुआ है। आवागमन में राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। बाढ़ का पानी तेज रफ्तार से आबादी की तरफ बढ़ने लगा है। जिससे आजादनगर , पैलानी, कमथरी, चौरा, बांसखेड़ा, नगलाबसोला, चितार , कटैला नगला, चौरा समेत तमाम गांवों में बाढ़ का पानी दस्तक देने लगा है। जिससे गांव के लोगों की चिंता बढ़ गई है। कुछ लोग सुरक्षित ठिकाने पर जाने के लिए जरूरी सामान बांधने लगे हैं।

### फसलें जलमग्न

बाढ़ के पानी से धान , उर्द , तिली तथा शकरकंद , गन्ना आदि तमाम खरीफ की फसलें जलमग्न हो गई है। पशुओं के लिए चारे का भी विकराल संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही हालात रहे तो हाईवे पर और भी पानी बढ़ सकता है, इससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाएगा।।

# गोशाला में कीचड़ देख चढ़ा एसडीएम का पारा



निरीक्षण करते एसडीएम जीत सिंह राय। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

● अधिशासी अधिकारी की फटकार लगाई, समस्या को दूर करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** एसडीएम ने रविवार को गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां कीचड़ देख एसडीएम का पारा हाई हो गया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी की फटकार लगाते हुए समस्या को जल्द से जल्द सही करने के निर्देश दिए।

रविवार को एसडीएम जीत सिंह राय ने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा के साथ स्टेशन रोड स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। एसडीएम का उस समय पारा हाई हो गया जब उन्होंने गोशाला में कीचड़ और गंदगी के ढेर देखे। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा की फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द कीचड़ और गंदगी को साफ कराने के निर्देश दिए। ठेकेदार संजीव गुप्ता से जानकारी की गई तो ठेकेदार ने मिट्टी नहीं मिलने की बात बताई। उन्होंने पशुओं को दिए जाने वाले हरे चारा और भूसे की स्थिति देखी। इसके बाद उन्होंने गोशाला में मौजूद 120 पशुओं को देखा। एसडीएम ने लेखपाल अतुल चौधरी को मानक के अनुसार मिट्टी ठेकेदार को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। क्षेत्र के तमाम लोग गोशाला से 320 गाय पालने के लिए ले गए हैं। इस पर एसडीएम ने प्रशंसा की। एसडीएम जीत सिंह राय ने कहा कि समय-समय पर सभी गोवंश का चेकअप और टीकाकरण कराया जाए।

## अधिक से अधिक सदस्य बनाएं कार्यकर्ता: हरिप्रकाश वर्मा



**पुवायां, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी देकर उत्साहित किया गया। रविवार को आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला में मुख्य अतिथि जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को स्वयं के राजनीतिक निर्माण के लिए पार्टी में समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता को अधिक से अधिक सदस्य बनाने है। प्रत्येक बूथ पर सर्वाधिक सदस्य बनाने के लिए सामूहिक प्रयास एवं जनसंपर्क, जनसंवाद किया जाना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विपिन शुक्ला ने की। इसके अलावा दिनेश अवस्थी, सिद्धार्थ कश्यप, राजेश राजपूत, मनोज वर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शिवरानी, अमित सिंह, मोहनलाल वर्मा, बृजेश, दिवाकर सहित पार्टी के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र प्रायोजक एवं सदस्य मौजूद रहे।

## मिल अधिकारियों ने कराई गन्ने की बुवाई



**मदनापुर, अमृत विचार :** रोजा चीनी मिल के गन्ना अधिकारी सुरेंद्र मान व मिल के स्टाफ अनिल ने रविवार को ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह के फार्म में गन्ना प्रजाति 15023 की मानसून बुवाई कराई। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि किसानों के लिए गन्ने की फसल बहुत ही मजबूत फसल है, किसानों को अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए गन्ने की फसल को बढ़ावा देना चाहिए। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

# सार-संक्षेप

## वरुण अर्जुन के शिविर में 20 मरीजों में निकला मोतियाबिंद



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम बिलगरी में मुफ़्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 397 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 20 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में नि:शुल्क किया जाएगा। 157 मरीजों की ब्लड शुगर व 212 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। लगभग 375 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचे करवाने के लिए जागरूक किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। शिविर में समाजसेवक रामकिशोर, मोहम्मद सलीम, ब्रजेश मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर के चिकित्सक डॉ. कृष्णा शर्मा, डॉ. नलिनी सिंह, डॉ. नवनाथ, डॉ. शुभांगी सिंह एवं पीआरओ सतीश चंद्र और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने मॉडल बनाकर दी अंतरिक्ष की जानकारी



**पुवायां, अमृत विचार :** चंदी कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को नेशनल स्पेस डे मनाया गया। जिसमें चंद्रयान 3 मिशन और चंद्रमा पर भारत की सफलता का जश्न मनाते हुए कक्षा 6 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने इस वर्ष की थीम- टचिंग लाइव्स वाइल टचिंग द मून : इंडिया स्पेस सागा को ध्यान में रखते हुए मनमोहक व ज्ञानवर्धक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए। विज्ञान के शिक्षकों ने स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को चंद्रयान -3 मिशन व इसरो के बारे में स्पेशल लेक्चर के माध्यम से जानकारी दी। विद्यार्थियों को भारत ऑन मून पोर्टल पर पंजीकरण करवाते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग दिलाया। शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा पोर्टल पर चंद्रयान-3 पर आधारित ऑनलाइन प्रश्नोतरी को हल किया व सर्टिफिकेट डाउनलोड किए। सर्टिफिकेट पाकर छात्रों को प्रसन्नता हुई। डायरेक्टर बलदेव सिंह व मैनेजर अवतार सिंह ने सभी के प्रयास की सराहना की। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या प्रीति चौधरी ने चंद्रयान- 3 मिशन से प्रेरणा लेते हुए, भविष्य में बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया। उप-प्रधानाचार्य बलजिंदर सिंह ने शिक्षकों को धन्यवाद व्यक्त किया।

## 300 दिव्यांगों का आकलन कर 50 प्रतिशत के पंजीकरण किए

**कुर्रिया कलां, अमृत विचार :** दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की ओर से एडिप योजना के अंतर्गत निर्धन व अल्प आय वाले दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण दिए जाएंगे। शनिवार को लोक भारती इंटर कॉलेज कुर्रिया कलां में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर की ओर से नि:शुल्क आकलन शिविर शनिवार को लगाया गया। जिसमें 300 दिव्यांगों का आकलन कर 50 प्रतिशत के पंजीकरण किए गए। सचिव विनय कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यापक पुनीत मिश्रा, विकास मिश्रा, शुभम मिश्रा, कुश शुक्ला, कमलेश, मनोज आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को चुनौतियों का सामना करने को किया जागरुक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इंदिरानगर कॉलोनी स्थित लर्नप्रो क्लब लाइब्रेरी में महिला सुरक्षा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को किसी भी अप्रत्याशित हमले से आत्मरक्षा करने व बचाव के टिप्स दिए। संस्था संचालक शैलेश सिंह चौहान ने महिलाओं के साथ हो रहीं अप्रिय घटनाओं के प्रति चिंता व्यक्त हुए कहा कि इनसे निपटने के लिए महिलाओं को सजग रहना चाहिए और आत्मरक्षा के टिप्स भी सीखने चाहिए। 1090 की एसपीओ अनुज्ञा मिश्रा ने छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित महिला पॉवरलाइन 1090 के विषय में विस्तार से जानकारी दी। अभिषेक औदिच्य ने छात्राओं को अपनी समस्याओं के प्रति मुखर होने का सुझाव दिया। नेट जेआरएफ की छात्रा सुहासी कौशिक ने भी छात्राओं से संवाद करते हुए किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध जागरुक रहने और चुनौतियों का डटकर सामना करने को प्रेरित किया। शिवांगी, रिंकल, शिवा, श्रुति, नीतिज्ञा, पलक, राहुल, शोभित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एनपीएस की जगह घोषित यूपीएस से गदगद कर्मियों ने बांटी मिठाई

## जो कमियां रह गई हैं, उन्हें दूर करने की जताई मंशा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा घोषित एनपीएस के स्थान पर घोषित की गई यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) का पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच (एनजेसीए) ने स्वागत करते हुए रेलवे स्टेशन पर मिठाई बांटी। शिक्षक- कर्मचारियों ने कहा कि केंद्र की पेंशन संबंधी घोषणा आंदोलन का ही परिणाम है। एनजेसीए के कुशल नेतृत्व की जीत हुई है।

एनजेसीए से जुड़े कर्मचारियों और शिक्षकों का कहना है कि राष्ट्रीय संयोजक शिव गोपाल मिश्रा और संयोजक मंडल ने यह रास्ता निकालते हुए यूपीएस पर सहमति दी है। भविष्य में समय-समय पर कर्मचारियों के पक्ष में संशोधन भी कराए जाएंगे। अब संगठन आठवें वेतन आयोग की लड़ाई लड़ेगा। इस अवसर पर एनजेसीए संयोजक नरेंद्र त्यागी, सह संयोजक ऋषिकांत पांडेय, नरमू सचिव शिवकुमार सक्सेना, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, ऑर्डिनेंस कर्मचारी विश्वनाथ वर्मा, रत्नाकर दीक्षित, भुवनेश गुप्ता, यतेंद्र त्रिवेदी, नरमू अध्यक्ष रामऔतार शर्मा, नरेंद्र जायसवाल, धर्मनाथ, जितेंद्र, राजीव चंद्रा, हरेंद्र चौधरी, लाखन सिंह, श्याम कुमार, संतोष, कपिल, श्रवण कुमार, योगेंद्र कुमार नीरज, आनंद यादव, गुलफाम आदि मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं।



रेलवे स्टेशन पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाते कर्मचारी।



प्रक्रिया का यूपीएस संबंधी गजट आने पर समझा जाएगा। फिलहाल शिक्षकों और कर्मचारियों में जो अनियमितता थी, वह दूर हुई है। केंद्र ने मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के लिए माना है, इससे आशा की नई किरण दिखाई दी है। प्रधानमंत्री ने कर्मचारियों और शिक्षकों की परेशानी को समझा है, उसके लिए उनका आभार।

**- संजय सिंह**, प्रांतीय महामंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ



केंद्र सरकार द्वारा घोषित की गई यूपीएस में रिटायर्ड कर्मी को वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन देने का निर्णय स्वागत योग्य है। अंशदान के नाम पर होने वाली कटौती जीपीएफ में जमाकर फंड देने की व्यवस्था भी की जाए अन्यथा ओपीएस की मांग लगातार जारी रहेगी। फिलहाल सरकार द्वारा पेंशन की गारंटी देने वाली घोषणा स्वागत योग्य है।

**- ऋषिकांत पांडेय**, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ



मोदी सरकार द्वारा ओपीएस बहाली आंदोलन में शिक्षक कर्मचारियों की ताकत को देखते हुए यूपीएस घोषित की गई है, लेकिन इसमें शिक्षक कर्मचारियों को 25 साल की नौकरी के बाद 50 प्रतिशत पेंशन देने की गारंटी के अलावा कोई अन्य सुविधा नहीं है। शिक्षक कर्मचारी अपने भविष्य के लिए पुरानी पेंशन ही चाहता है।

**- मगरे लाल, जिलाध्यक्ष**, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ



यूपीएस स्कीम ठीक है। इसमें 25 वर्ष की सेवा पर जो 50 प्रतिशत पेंशन देने की बात कही गई है, वह स्वागत योग्य है। साथ ही डीआर सुविधा भी बात हुई है। इसके अलावा मृतक आश्रित को 60 प्रतिशत पेंशन देने का निर्णय अच्छा है। ऊहापोह की स्थिति खत्म हुई है। प्रधानमंत्री के निर्णय का स्वागत किया जाना चाहिए।

**- सीमांत मिश्रा**, जिला मंत्री कोषागार कर्मचारी संघ



एनपीएस की अपेक्षा यूपीएस को संशोधित करके बेहतर अवश्य बनाया गया है, लेकिन पुरानी पेंशन योजना और यूपीएस में जमीन-आसमान का अंतर है। यूपीएस से शिक्षक-कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं। यदि मूल वेतन का 50 प्रतिशत ही देना है, तो पुरानी पेंशन ही लागू कर देनी चाहिए। इसमें कोई विवाद नहीं होगा।

**- अजय वर्मा**, जिलाध्यक्ष एससी एसटी बेसिक शिक्षक संघ



शिक्षकों की मांग पुरानी पेंशन बहाली की थी, यूपीएस इसके विपरीत है। इसमें बहुत खामियां नजर आ रही हैं। गजट आने पर सही स्थिति का पता चल सकेगा। यूपीएस में फिलहाल कुछ भी संतोषजनक नजर नहीं आ रहा है। पुरानी पेंशन व्यवस्था से अच्छा कुछ हो ही नहीं सकता।

**- राज कमल आर्य**, जिलाध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ



केंद्र सरकार का प्रयास सराहनीय है, लेकिन इसमें अभी और सुधार की जरूरत है। पच्चीस वर्ष की सेवा पर जिस पेंशन की बात की गई है, वह अगर 20 साल कर दी जाए, तो और अधिक शिक्षक-कर्मचारी लाभान्वित हो सकेंगे। फिलहाल अच्छी पहल है। जो कमियां रह गई हैं, उन्हें भी दूर किया जाए।

**- धर्मेंद्र कुमार शर्मा**, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन की गारंटी निर्णय बहुत अच्छा है। उनके निर्णय से रेलवे सहित सभी कर्मचारी खुश है और इस घोषणा का स्वागत करते हैं। शिक्षकों-कर्मचारियों की मांग पर विचार करने के लिए प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं। उम्मीद करते हैं कि जो भी अन्य मांगे हैं, उन पर भी उचित निर्णय लिया जाएगा।

**- नरेंद्र कुमार त्यागी**, डिवीजनल मंत्री नरमू

### ओपीएस को ही लागू किया जाए

केंद्र सरकार द्वारा एकीकृत पेंशन योजना( यूपीएस) लागू करके भले ही कर्मचारियों को लुभाने का कार्य किया हो, लेकिन इससे हम कही पर भी सरकारी कर्मचारियों का हित नहीं दिखाई दे रहा है। यह बातें सीडीओ आफिस में क्लर्क एवं जिलाध्यक्ष ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश अमित कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों को एनपीएस के स्थान पर यूपीएस बनाकर लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि लंबे समय से सभी कर्मचारियों की एक ही मांग रही है कि उन्हें पुरानी पेंशन ही चाहिए है। इसके उपरांत सरकार का 10 फीसदी अंश से बढ़ाकर 14 परसेंट करना तथा 18 .5 परसेंट करना एवं अन्य स्वीकृति एवं लाभ प्रदान करने के बजाय ओपीएस को ही लागू किया जाना स्वीकार योग्य है।



**भाभी, ननद को पीटकर किया घायल : शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज के गांव मऊ निवासी मदीना पत्नी फिरोज ने बताया कि शनिवार की रात आठ बजे गांव के ही गोलू, नशरुल, जरीना, बब्लू उसके मकान में घुस आए। गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। ननद नसरीन बचाने आई तो उसे भी मारा पीटा।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट की सदस्ता लेने के लाभ
हमारा लक्ष्य आपका विकास
कार्ड एक फायदे अनेक
"स्वास्थ्य लाभ कार्ड"
(The online Hospital)
कार्ड के फायदे
लैब टेस्ट पर विशेष छूट
खून जांच पर विशेष छूट
अल्ट्रासाउंड पर विशेष छूट
MRI, CT Scan व अन्य टेस्टों पर विशेष छूट
कभी भी आप हमारे अनुभवी डॉक्टर से मुफ्त में परामर्श ले सकते हो
अब आपका निजी डॉक्टर रहेगा हमेशा आपके साथ आपके फोन पर
बस एक फोन पर ले अनुभवी डॉक्टर से हर परामर्श वो भी बिल्कुल मुफ्त में
जल्दी करे कार्ड के और भी बहुत से फायदे है
ज्यादा जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें
ग्राम सखी और ब्लॉक सहायक पद के आवेदन के लिये वेबसाइट पर विजिट करें
www.sksa.org.in
MO. 9045350563
सदस्यता लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
Website : www.sksa.org.in
E-mail : skseva6@gmail.com
Office - Mahanagar Colony Gol Chakkar Near PNB ATM Pilibhit bypass bareilly 7310916076

## शिविर में मरीजों की निःशुल्क जांच कर दी गई दवाई



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में निःशुल्क चर्म और मानसिक रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों की ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई। सामान्य दवाइयां भी दी गई। जांचों एवं सिटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। इसके अलावा शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने पर मरीजों की सीबीसी, केएफटी, एलएफटी, ब्लड शुगर की जांचें निशुल्क की जाएंगी। शिविर के दौरान चर्म रोग व मानसिक रोग विभाग के डॉक्टरों एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने की सलाह दी और अस्पताल में चर्म रोग विभाग में अन्य सुविधाएं जैसे पीयूवीए चैंबर के द्वारा सफेद दाग, सोरायसिस आदि के इलाज की सुविधा सस्ते दरों, लेजर के द्वारा अनचाहे बालों को हटाने आदि रोगों के इलाज की सुविधा उपलब्ध हैं। शिविर में चर्म रोग विभाग डॉ. दीपक एवं मानसिक रोग विभाग के डॉ. रमन चोपड़ा की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर से लखीमपुर जा रही बस में धमाके के साथ शीशा टूटा, चालक समेत दो यात्री घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शाहजहांपुर से लखीमपुर जा रही एक अनुबंधित बस का अगला शीशा तेज धमाके के साथ टूट गया। इससे बस का चालक और उसके पीछे बैठी दो महिलाएं चोटिल हो गई। चालक ने सूझबूझ से काम लेते हुए बस को नियंत्रित कर खड़ा कर दिया। खून बहने से परेशान चालक को देखकर परिचालक ने यात्रियों को दूसरी बस से लखीमपुर भिजवाया। रविवार को शाहजहांपुर डिपो की बस यूपी 27टी 7944 रविवार सुबह सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों सहित करीब 25 से 30 यात्रियों को लेकर लखीमपुर से आ रही थी। गोला लखीमपुर मार्ग पर केशवापुर से कुछ दूर आगे निकलते ही अचानक चालक की ओर वाला शीशा तेज धमाके के साथ टूट गया। कांच लगने से चालक के सिर व चेहरे से और पीछे बैठी एक बुजुर्ग महिला के पंजे से खून बहने लगा। जबकि एक अन्य महिला के चेहरे पर कांच लगने से आंख लाल हो गई। इस संबंध में शाहजहांपुर डिपो के प्रभारी एआरएम शैलेंद्र कुमार ने बताया कि हाल में ही डिपो का एडिशनल चार्ज मिला है। घटना की सूचना नहीं मिली है। एक बस का फर्स्ट एड बॉक्स खाली मिलने और दूसरी में एक्सपाइरी दवाएं मिलने के बाबत संबंधित से जवाब तलब होगा।

# वित्त मंत्री ने किया महाराणा प्रताप ओपन जिम पार्क का लोकार्पण



फीता काटकर लोकार्पण करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। साथ में अन्य लोग।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को पहुंचकर नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन एवं महाराणा प्रताप ओपन जिम पार्क का लोकार्पण किया।

वित्त मंत्री ने सबसे पहले जेपी मंदिर में पहुंचकर राधा-कृष्ण के दर्शन किए। उसके बाद सहयोग संस्था के सभी पदाधिकारी के साथ मिलकर शिवधाम पर बेल का पौधा रोपा और ग्राम पंचायत की ओर से बनाए गए अन्नपूर्णा भवन और महाराणा प्रताप ओपन जिम पार्क का लोकार्पण किया। उसके बाद श्रीकांत दीक्षित की मिनी गोशाला में पहुंचकर गायों को गुड़ खिलाई व ग्राम में बने हनुमत धाम के दर्शन कर स्वच्छता अभियान के तहत सबसे ज्यादा अपने घर व बाहर साफ सफाई रखने वाले अरुण द्विवेदी को अंग वस्त्र पहनाकर 1100 रुपये की नगद धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। वित्त मंत्री ने कहा कि मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में बहुत अच्छे तरीके से विकास कार्य हो रहा है। तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने भी सभी कार्यक्रमों में वित्त मंत्री के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता के साथ-साथ, भाजपा नेता अनिल बाजपेई वाण, सिंधौली थाना इंचार्ज धर्मेंद्र गुप्ता, नायब तहसीलदार, ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, लेखपाल शशी पटेल, अनुज मिश्रा, यशपाल सिंह, लड्डन अली, श्रीकांत दीक्षित, सतीश कुमार, सागर गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, सहयोग संस्था के पदाधिकारी, शाहनवाज़ खां एडवोकेट, नेहा यादव सक्सेना, महेंद्र दुबे, सरदार हरजीत सिंह, निखिल महेंद्रु, नुजहत अंजुम, शालू यादव व सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

## संगीत प्रतियोगिता में दृष्टि और रितिका को मिला प्रथम स्थान

**पुवायां, अमृत विचार :** गंगसरा के चंदी कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बच्चे श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा में सज-धज कर पहुंचे। राधा कृष्ण के भजनों से पूरा वातावरण गूंज उठा। स्माइल विंग के राधा और श्री कृष्ण बने बाल गोपालों ने सबका मन मोह लिया। नृत्य के माध्यम से श्री कृष्ण की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कक्षा 3 से कक्षा 12 तक संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा तीन की छात्रा दृष्टि कुशवाहा प्रथम, हर सीरत कौर द्वितीय, कक्षा चार की अर्पण यादव तृतीय स्थान पर रहीं। 11 की छात्रा रितिका प्रथम, गुरमन सिंह द्वितीय व मनप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के अध्यक्ष परमजीत सिंह, डायरेक्टर बलदेव सिंह, एडिशनल डायरेक्टर सुखदेव सिंह व प्रबंधक अवतार सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य प्रीति चौधरी ने बच्चों को गीता का महत्व बताया। उप- प्रधानाचार्य बलजिंदर सिंह ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। संचालन मिस जूही, और सहयोग मिस रजनी, मिस अमनदीप, शिवांश एवम संतोष का सहयोग रहा।



राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
Hero
ऑफर्स शानदार, भरोसा दमदार
आज ही घर लाइए अपनी हीरो
कम डाउन पेमेंट ₹7,999/-** से शुरू
CSD सुविधा उपलब्ध
कम ब्याज दर
कम कागजी कार्यवाही
ऑन रोड कीमत ₹87,999/-
DESTINI 125
श्री बाँके बिहारी हीरो
बाईपास रोड, बरेली।
फोन : 9289922497, 9675235678
राधा रानी ऑटोमोटिव
BSNL ऑफिस के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली।
फोन नं. : 0581-2302255, 7409819090



## बच्चों ने सजाई आकर्षक मटकी और बांसुरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज स्थित ऑस्कर ग्लोबल पब्लिक स्कूल में शनिवार को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक सचिन बाथम ने बताया कि श्री कृष्ण भगवान विष्णु के अवतार थे। कृष्णा और सुदामा की मित्रता के बारे में भी बच्चों को बताया। बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में आए। मटकी डेकोरेशन, बांसुरी डेकोरेशन व दही हांडी, एक्टिविटी हुई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्या जिया खान ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बसे भारतीय पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं।

## तीसरे दिन 2619 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तीसरे दिन रविवार को 12 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा हुई। सुबह 10 से 12 बजे तक पहली पाली में पंजीकृत 525 में 3913 ने परीक्षा दी। जबकि 1343 गैर हाजिर रहे। दोपहर 3 से 5 बजे तक चली दूसरी पाली में पंजीकृत 5256 में 3979 ने परीक्षा दी और 1276 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 2619 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एडीएम प्रशासन/ सहायक परीक्षा नोडल अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा दोनों दिवस की शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन ने करा ली है। अब 30-31 अगस्त को परीक्षा का आयोजन होगा।

## सार-संक्षेप

### कर्नल फाउंडेशन में भजनों पर थिरके नन्हें-मुन्ने



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कर्नल एकेडमी फाउंडेशन में शनिवार को जन्माष्टमी उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने नटखट कान्हा के बाल रूप की आकर्षक झांकियां सजा मटकी फोड़कर खूब मस्ती की। राधा-कृष्ण के प्यारे रूप धरकर स्कूल परिसर में सतरंगी छटा बिखेरी। बच्चों ने ग्रुप डांस कर खूब तालियां बटोरीं। उधर, कर्नल एकेडमी ग्लोबल भी जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कर्नल केके चौधरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। डायरेक्टर नीला चौधरी, डॉ. प्रणव, पूनम चौधरी ने स्टाफ के सदस्यों के साथ प्रसाद वितरित किया।

### फर्स्ट क्राई और डेकेयर स्कूल में जन्माष्टमी कार्निवल



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** फर्स्टक्राई इंटेलिटॉट्स प्री-स्कूल और डेकेयर में कृष्ण जन्माष्टमी कार्निवल का आयोजन किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्निवल में कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया। दही हांडी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इस मौके पर कला और शिल्प कोना भी खूब सराहा गया। डायरेक्टर शिवानी गुप्ता ने जन्माष्टमी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में की गई निःशुल्क बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र मीरानपुर कटरा में निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। कैंप में मरीजों की बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। सभी मरीजों को परामर्श व दवाइयां निःशुल्क दी गई और जांचें व सिटी स्कैन, एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ ने बताया कि आगे भी प्रत्येक माह के चौथे रविवार को निःशुल्क शिविर लगता रहेगा। शिविर में स्पाइन व जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. कुसुम चंद्र अंबुरे, डॉ. सोमनाथ एवं डॉ. मोहित वालिया की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल गंगवार मौजूद रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रताप गंगवार
ग्राम प्रधान
ग्राम प्यास वि.खं. ललौरीखेड़ा
जनपद-पीलीभीत

सभी क्षेत्रवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
कुंवर सौरभ प्रताप सिंह
अनुज
घुंघचिहाई

सभी क्षेत्रवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
हरबीर सिंह राजपूत
भाजपा किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष उझानी
अनेक पाल सिंह शाक्य
ठेकेदार उझानी

नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा
(मझोला) वि.खं. अमरिया
पीलीभीत की ओर से
सभी क्षेत्रवासियों को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
युवी लक्ष्य कश्यप

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बाजार पर चढ़ा नटखट कान्हा की भक्ति का रंग, खरीदारी को उमड़े भक्त

## आज और कल धूमधाम से मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, कई जगह फूटेगी मटकी



जन्माष्टमी को लेकर कान्हा की पोशाक और अन्य सामान की खरीदारी करते लोग।



अष्टधातु से तैयार लड्डू गोपाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजार तैयार है। इस बार जन्माष्टमी को लेकर असमजंस बना हुआ है। पुरोहित के अनुसार 26 और 27 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। फिलहाल पर्व के चलते बाजार गुलजार हो उठा है। हर तरफ कान्हा की भक्ति का रंग दिखाई दे रहा है।

लड्डू गोपाल के झूलों, पोशाकों, मुकुट व श्रृंगार के अन्य सामान से दुकानें सजी है। मंदिरों में भी भव्य सजावट शुरू कर दी गई है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शहर के स्टेशन रोड, गैस चौराहा, चावला चौराहा, रंगीला चौराहा, मोतीराम चौराहा, चौक बाजार, जेपी रोड, छिपियान मस्जिद, चूड़ी वाली गली, नींबू बाजार, ड्रमंडगंज चौराहा पर दुकानें सज गई हैं। रविवार को अवकाश के दिन इन बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ी। महिलाएं बाल-गोपाल, के रूप को निखारने के लिए एक से बढ़कर एक पोशाक पसंद करती नजर आई। लाल, नीली, काली, सुनहरी और चमकदार पोशाक खूब पसंद की गई। वहीं मुकुट बांसुरी, फूलों एवं मोतियों की मालाएं, लटकन भी खूब बिके। जिसमें लकड़ी का पालन जमकर बिका। इसकी कीमत 50 रुपये से 500 रुपये तक रही। फेंसी झूले 700 से चार हजार रुपये तक बिके। फैंसी और मैटल से तैयार सिंहासन भी बाजार की शान रहे। वैसे तो लड्डू गोपाल की कोई कीमत नहीं है। दुकानों पर अष्टधातु के लड्डू गोपाल 200 से लेकर 1000 रुपये तक बिक्री हुए। वहीं भगवान कान्हा की पोशाक 15 से 750 रुपये तक मुहैया रही। चौक बाजार स्थित राधा रमण मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी सजावट होना शुरू हो गई है।

● राधा कृष्ण मंदिरों में भव्य आयोजन की तैयारी, मोर पंख और मिठाई की हुई खरीदारी

### मोरपंख की पोशाक

जन्माष्टमी पर ठाकुर जी को सजाने के लिए सुंदर-सुंदर पोशाक बाजार में हैं। मोर, गुलाब, तितली के आकृति वाली पोशाक की खूब डिमांड है। रेशम के धागों के काम वाली पोशाकों के अलावा मोती, गोटा पत्ती, कुंदन से तैयार पोशाक भी बिक रही हैं। घरों में गोकुल, नंद गांव, बरसाना का दृश्य सजाने के लिए खिलौनों की भी विशेष मांग हैं। इस बार जन्माष्टमी पर विशेष सामान आया है। जयपुरी पोशाक की डिमांड अधिक है।

### राधा कृष्ण प्रतियोगिता में दर्शित व प्रियल प्रथम



**मझोला :** स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधा कृष्ण स्वरुप सज्जा प्रतियोगिता हुई। अध्यक्ष व नगर संघचालक विजय कुमार भाटिया, निर्णायक सुमनलता, प्रज्ञा सिंह ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम की शुरुआत कराई। प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कृष्ण स्वरुप सज्जा में दर्शित मित्रा, देव गुप्ता और रुद्र प्रताप, राधा स्वरुप सज्जा में प्रियल, गीतांजलि और अनुष्का क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। रामवीर सिंह, सियाराम वर्मा, अमित मंडल, अमन पाठक, आरती शर्मा, सुनीता, प्रीती, शालू मौर्य आदि मौजूद रहे।

### बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश




**मझोला :** एसके पब्लिक स्कूल में शनिवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने समाज को बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रधानाचार्य मोहन चंद्र तिवारी, राजेंद्र सिंह ने विजयी प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिए। प्रतियोगिता में खुशांश सक्सेना, आदविक शर्मा, पलक वीर कौर, देवांश नेगी, ऐकांश दीप सिंह, शिवांश अग्रवाल, हार्दिक विष्ट, अशतदीप सिंह, आरोही, गुरलीन कौर, नवदीप सिंह, गुरमहर कौर, स्नेहलदीप, प्रियांशी गंगवार पुरस्कृत हुए। निर्णायक मंडल में सीपी सक्सेना, लक्ष्मण सिंह विष्ट रहे। इस मौके पर रेनू विष्ट, फरहद, वैशाली, रतना सिंह, मेनका शर्मा, मुस्कान अग्रवाल, मीना जेठी, अमनदीप कौर, भावना थापा, खदीजा, संदीप कौर आदि मौजूद रहे।

### राधा कृष्ण के रुप में आए बच्चे



**घुंघचिहाई :** कस्बे के बच्चों ने पूरनपुर के बचपन स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर राधा कृष्ण का किरदार निभा रहे बच्चों और प्रधानाध्यापक अतुल मिश्रा की सराहना की। इस मौके पर लाडो, सोना, कृष्णा आदि मौजूद रहे। उधर, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को ठाकुरद्वारा मंदिर में सजावट की गई। संरक्षक कुंवर सौरभ प्रताप सिंह उर्फ अनुज ने सौंदरीकरण एवं साफ सफाई करवाई। बता दें कि हर वर्ष की तरह इस बार भागवताचार्य बीसलपुर के अजय शास्त्री को बुलवाया गया है। वह सप्ताह भर श्री कृष्ण लीला का गायन करेंगे।

**जन्माष्टमी पर लोगों को याद आई तराई की बांसुरी :** श्रीकृष्ण की लीला में बांसुरी का एक अलग ही महत्व है। वैसे तो बांसुरी की स्थिति अच्छी नहीं है। अधिकतर कारीगरों ने काम से मुंह मोड़ लिया है। मगर जन्माष्टमी का पर्व नजदीक आते ही पीलीभीत की बांसुरी का जलवा बाजार में दिखाई देने लगा। जोकि महिलाओं को खूब भा रही है। कारीगरों ने छोटी साइज की बांसुरी तैयार की है। जिन्हें रेशम और गोटा लगाकर तैयार किया गया। जिनकी कीमत बाजार में 20 रुपये से शुरु है।

## युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**जहानाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अगस्त की शाम चार बजे उसकी पुत्री को महताब नगर भानपुर का रहने वाला घनश्याम मां के सहयोग से बहला फुसलाकर ले गया। बेटी घर से दो हजार रुपये, जेवरात व बैंक पासबुक भी ले गई है। जब आरोपी के घर बेटी के बारे में जानकारी करने पहुंचे तो वहां लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश के लिए टीम लगाई है।

# डीएम ने किया गोशाला का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पूरनपुर क्षेत्र में गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखते डीएम संजय कुमार सिंह।

**अमृत विचार:** डीएम ने पूरनपुर क्षेत्र में पहुंचकर दो गोशालाओं का औचक निरीक्षण किया। पशुओं के खानपान से लेकर परिसर की सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गोशाला परिसर में पौधरोपण करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

डीएम संजय कुमार सिंह रविवार को पूरनपुर क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने पिपरिया मझरा पशु आश्रय स्थल और नगर पालिका परिषद पूरनपुर की अस्थाई गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गोवंश की संख्या जानी और पशु चिकित्सक को नियमित गोवंशीय पशुओं की देखरेख करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने गोवंश के ईयर टैगिंग के बारे में भी जानकारी जुटाई। गोशाला परिसर में पौधारोपण करने के लिए निर्देशित किया। गोशालाओं में भूसे की उपलब्धता के बारे में जाना। जिसमें बताया गया कि गोशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध है। डीएम ने सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

● पिपरिया मझरा व पूरनपुर में छिटपुट खामियां मिलने पर निर्देश

● गोवंश के ईयर टैगिंग, गोशाला परिसर में पौधारोपण के दिए निर्देश

# सामुदायिक निवेश निधि में दिए 6.76 करोड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सम्मानित की गई लखपति दीदी संग मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के सौ दिन की कार्ययोजना के उपलब्ध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में जलगांव महाराष्ट्र में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत लखपति सीआरपी एवं लखपति दीदी सम्मान समारोह कार्यक्रम जनपद के समस्त 28 संकुल स्तरीय संघ, सात ब्लॉक और जिला मुख्यालय पर हुआ।

विकास भवन स्थित गोमती सभगाार में हुए कार्यक्रम में सीडीओ केके सिंह ने 10 लखपति सीआरपी/लखपति दीदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पांच नवचयनित विद्युत सखी को थर्मल प्रिंटर बांटे। पांच-पांच स्वयं सहायता समूहों रिवाल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक लिंकेज का वितरण किया।

जनपद स्तर पर 1299 लखपति दीदी, 169 लखपति सीआरपी को सम्मानित किया। 422 समूहों को 30 हजार रुपये की दर से 01 करोड़ 26 लाख 60 हजार रिवाल्विंग फंड, 451 समूहों को 1.50 लाख रुपये की दर से 06 करोड़ 76 लाख 50 हजार रुपये सामुदायिक निवेश निधि और 110 समूहों को एक लाख रुपये की दर से 01 करोड़ 10 लाख की धनराशि का बैंक ऋृण वितरित किया गया। इस मौके पर परियोजना निदेशक शैलेन ब्यास, उपायुक्त स्वतःरोजगार वंदना सिंह, संजय तोमर आदि मौजूद रहे।

● विकास भवन और ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

● 1299 लखपति दीदी, 169 लखपति सीआरपी की गई सम्मानित

### प्रधानमंत्री का संवाद सुनाया फिर प्रशस्ति पत्र बांटे



अमरिया, ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों से हुई वार्ता को सुना। इस दौरान महिलाओं ने सरकार के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं स्वरोजगार की ओर बढ़ रही हैं। पात्र स्वयं सहायता समूहों को स्टार्टअप फंड, रिवाल्विंग फंड दिया गया। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को महिलाओं के लिए आर्थिक समृद्धि का एक उपाय बताया। ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह के उन सदस्यों से बात की जो लखपति बन गई हैं। ब्लॉक पर मौजूद क्षेत्र की लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। ब्लॉक मिशन प्रबंधक रमन जीत, कुशाग्र अग्निहोत्री, जगेश कुमार, मंजू सरोज आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ईओ का तबादला

**पूरनपुर :** नगर पालिका ईओ केके सोनकर का चंदौसी तबादला हो गया है। उन्होंने गत वर्ष अप्रैल में पूरनपुर नगरपालिका में बतौर अधिशासी अधिकारी कार्यभार संभाला था। अभी उन्हें रिलीव नहीं किया गया है।

### किशोरी ने खाया जहर

**बीसलपुर :** क्षेत्र की एक किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल जा रहा है। परिवार वाले घटना को लेकर चुप्पी साध गए। हालांकि घटनाक्रम का पता चलने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

### पापा..मुझे आकर बचा लो

**गजरौला :** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री को सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम मीरापुर का अनुज बहला फुसलाकर ले गया। आरोप है कि बेटी किसी नए नंबर से परिवार वालों को मेसेज कर बचाने की गुहार लगा रही है। काफी तलाशने के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है

# घास काटने गए ग्रामीण को बाघ ने बनाया निशाना

संवाददाता, पूरनपुर

- खेतों में काम कर रहे लोगों ने शोर शराबा कर बचाया
- सीएचसी में उपचार के बाद घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

**अमृत विचार:** खेत में घास काटने गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर दिया। आसपास के खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने शोर शराबा कर उसे बचाया। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। हमले के चलते ग्रामीणों में दहशत रही।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव नवदिया मुजप्ता के रहने वाले मुनीश पुत्र कुंदनलाल खेती करते हैं। रविवार दोपहर बाद वह दुर्जनपुर गांव के पास पशुओं के लिए घास काटने गए थे। उनके साथ गांव के ही कुछ अन्य लोग भी घास काट रहे थे। इसके अलावा अन्य ग्रामीण खेतों में धान की निराई कर रहे थे। इस बीच जंगल से निकल कर आए बाघ ने मुनीश पर हमला कर दिया। गर्दन और चेहरे पर घाव कर दिए। चीखने चिल्लाने पर आस पास के खेतों मे काम कर रहे शिवसरन, रामलाल सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। शोर शराबा करने पर बाघ वापस जंगल की तरफ भाग गया। परिवार वाले भी हमले की जानकारी पर आ गए। आनन-फानन में घायल को सीएचसी लाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। हरीपुर रेंज के रेंजर बीएस रावत ने बताया कि एक ग्रामीण पर वन्य जीव के हमले की जानकारी लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जांच के लिए टीम को मौके पर भेजी गई है। जांच के बाद ही किस वन्यजीव का हमला है, इसकी पुष्टि की जा सकेगी।

## प्रधान समेत पांच लोगों पर हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

**जहानाबाद, अमृत विचार:** शिकायत से नाराज ग्राम प्रधान की ओर से अपने साथियों के साथ ग्रामीण से मारपीट करने के मामले में तहरीर मिलने पर जहानाबाद पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी ग्राम प्रधान समेत पांच हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम सरौरी के नन्हेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई रुपलाल को गांव के ही ग्राम प्रधान नरेंद्र, उसके भाई महेंद्र पाल, टीकाराम, गंठे और काली चरण ने शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छह बजे घर से कुछ दूरी पर घेर लिया। इस दौरान गाली गलौज करने के बाद हमला कर मारपीट की। शोर सुनकर जब आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। हमला अन्य ग्रामीणों संग दिन में अधिकारियों से विकास कार्य से संबंधित की गई शिकायत को लेकर किया गया था। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर विवेचना कराई जा रही है।

# जन्माष्टमी पर्व पर दुकान लगाने को लेकर विवाद, एक पक्ष ने दिया धरना

## सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचh बरखेड़ा पुलिस ने बमुश्किल शांत कराया मामला

संवाददाता, बरखेड़ा



धरना दे रहे दुकानदार से जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दुकान लगाने को लेकर दो दुकानदारों में विवाद हो गया। एक की दुकान लगने से दूसरे ने एतराज जता दिया।जिसके बाद दुकान लगाने की तैयारी कर रहा दुकानदार परिवार समेत मुख्य मार्ग पर धरने पर बैठ गया। इसकी सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उठाकर थाने ले गई। दोनों दुकानदारों को आपसी सामंजस्य स्थापित कर हल निकालने की बात कहकर वापस भेज दिया गया। घटना के चलते हड़कंप मचा रहा।

बता दें कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजार सजने लगा है। कस्बे का ही अनिल कुमार पान का खोखा मुख्य बाजार में रखता है। इसी से परिवार का भरण पोषण करता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दुकान साप्ताहिक बाजार जाने वाले रास्ते पर लगाने की तैयारी कर रहा था। आरोप है कि पीछे की तरफ के एक दुकानदार ने इसका विरोध कर दिया। जिसके बाद बहस होने लगी।

इसके बाद अनिल व उसके परिवार के सदस्य व दुकान लगाने की तैयारी कर रहे कुछ अन्य लोग बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर कस्बे में ही सड़क पर धरने पर बैठ गए। आसपास के तमाम लोग जमा हो गए। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। कुछ ही देर में मौके पर बरखेड़ा पुलिस पहुंच गई। सड़क पर बैठे दुकानदारों को पुलिस ने उठवाया और उनकी बात सुनने के लिए थाने ले आई। यहां अनिल व कुछ अन्य दुकानदारों ने पीछे की तरफ दुकान रखने वाले दुकानदार द्वारा बेवजह विरोध किए जाने की शिकायत कर दी। पुलिस ने पूरे मामले को सुना और फिर आपसी सामंजस्य स्थापित करके दुकानें लगाने की बात कहकर भेज दिया।

शांति व्यवस्था भंग करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। हालांकि बाद में अनिल के भाई ने अपनी दुकान लगाई। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में मामूली अनबन हो गई थी। दोनों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया है। अब कोई विवाद नहीं है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
X-RAY, ULTRASOUND, BLOOD TEST, ECG
कायचिकित्सा विभाग
शल्यतंत्र विभाग
पंचकर्म विभाग
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग
शालाक्य तंत्र विभाग
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग

# किशोरी को अगवा करने और छेड़छाड़ का आरोप

संवाददाता, बिलसंडा

- घटना का वीडियो वायरल, फिर भी पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नशे की हालत में घर में घुसे कुछ लोगों ने सामान में तोड़फोड़ की। आरोप है कि किशोरी को अगवा करके ले गए और भाई से मारपीट की। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

थाना क्षेत्र करेली की एक किशोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार रात आठ बजे गांव के ही तीन युवक नशे में धुत्त होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है उसके घर में तोड़फोड़ की और विरोध करने पर आरोपी उसे जबरन उठाकर अपने घर ले गए। वहां उसके साथ छेड़छाड़ की। चीखने चिल्लाने पर जब उसे उसका भाई बचाने आया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से पिटाई की। इसी बीच किशोरी किसी तरह छूट कर वहां से अपने घर भाग आई और रात में ही परिजनों के साथ करेली थाने पहुंची और घटना की तहरीर दी। उधर घटना की तहरीर दिए जाने की 24 घंटे बाद भी पुलिस ने न तो घटना की रिपोर्ट ही दर्ज की और न ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की ही जरूरत समझी। उधर आरोपी लगातार किशोरी के परिजनों को धमकी दे रहे हैं, जिसकी वजह से पूरा परिवार दहशत में है।

# लापता युवक का नदी में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची जहानाबाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा
- 21 अगस्त से युवक था लापता परिजन ने सुनगढ़ी थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**अमृत विचार:** चार दिन से लापता युवक का शव देवहा नदी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के छत्रपति शिवाजी कॉलोनी के लालता प्रसाद का पुत्र थान सिंह (35) शहर के मुख्य बाजार में स्थित एक मेडिकल एजेंसी पर काम करता था। 21 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे वह घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला और लापता हो गया था। देर शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी कई जगह तलाश की पर कुछ पता नहीं चल सका। 22 अगस्त को परिजनों की तहरीर पर सुनगढ़ी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। इसके बाद भी युवक का पता नहीं चला। चार दिन बाद रविवार सुबह जहानाबाद थाना क्षेत्र में खरुआ और सैजना गांव के बीच से गुजर रही देवहा नदी में युवक का शव उतराता देख ग्रामीणों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी।

शव को नदी से बाहर मृतक की शिनाख्त लापता चल रहे थान सिंह के रुप में की गई। परिवार वाले भी शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंच गए। इंस्पेक्टर जहानाबाद संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मौत की वजह स्पष्ट करने और अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### कॉलोनी के युवक से 100 रुपये लेकर निकला था थान सिंह

शव मिलने के बाद की गई पड़ताल में लापता होने वाले दिन में मृतक थान सिंह से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई है। बताते हैं कि घर से निकलने के बाद वह मेडिकल एजेंसी पर पहुंचा था। वहां पर उसने एजेंसी संचालकों की ओर से दी गई बाइक की चाबी वापस कर दी थी। कुछ देर में वापस आने की बात कहकर वहां से चला गया था। इसके बाद वह वापस अपनी कॉलोनी पहुंचा। वहां एक युवक से 100 रुपये लिए और चला गया। मगर, उसके बाद से वह कहां गया इसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका। अब चार दिन बाद उसका शव बरामद हो गया है।

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जिसमें गांव जिरौनिया के कृपाल ने बताया उसने अगस्त 2021 को माधोटांडा रोड पर गौहनिया रेलवे क्रासिंग के पास स्थित केके ट्रैक्टर्स के संचालक कृष्ण कुमार से ट्रैक्टर 6.70 लाख रुपये में फाइनेंस कराकर खरीदा था। ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन भी इसी में शामिल था। ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन के के ट्रैक्टर्स के संचालक को कराकर देना था। कुछ समय बाद एजेंसी रवि अग्रवाल के पास चली गई। जब कृष्ण कुमार से ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन कराने को कहा तो टालमटोल की। 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे कृष्ण कुमार ने गाली गलौज की और रजिस्ट्रेशन कराने से इन्कार कर दिया। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गजब ! बेसिक शिक्षकों की ग्रांट से पांच राजकीय कर्मचारियों का कर दिया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने प्रकरण संज्ञान में आने पर मांगा स्पष्टीकरण, जुलाई महीने का निकाला गया है वेतन
- लेखा विभाग का तर्क- मानव संपदा पोर्टल पर डाटा अपडेट करने की वजह से हुई चूक

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में एक नया हैरतअंगेज मामला सामने आया है। मानव संपदा पोर्टल पर लेखा विभाग के कर्मचारी ने डेटा अपलोड करने में एक बड़ी लापरवाही कर दी गई। बेसिक शिक्षकों की ग्रांट से बेसिक शिक्षा कार्यालय में कार्यरत पांच राजकीय कर्मचारियों का वेतन निकाल दिया गया। इसकी भनक लगने के बाद कार्यालय में खलबली मच गई। विभागीय अफसर मामले में पर्दा डालने की कोशिश में जुटे रहे।

इधर, मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंहि ने लेखा विभाग के कर्मचारियों समेत अन्य जिम्मेदारों पर शिकंजा कसते हुए जवाब तलब कर लिया। इतना ही नहीं कार्रवाई के बाद जिन कर्मचारियों के खाते में वेतन भेजा गया है। उसकी रिकवरी करने की तैयारी भी आनन-फानन में शुरु कर दी गई है। बेसिक शिक्षा विभाग में करीब तीन हजार से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। जिनके वेतन की ग्रांट शासन से अलग आती है। जबकि बीईओ और कर्मचारी राजकीय में आते हैं। जुलाई माह का वेतन बिल तैयार किए गए थे। जिसमे शिक्षक ग्रांट से सिर्फ शिक्षकों का ही वेतन निकल सकता है, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से बीईओ हर्षित, लिपिक सुनील कुमार, कमलेश्वर वर्मा चतुर्थ श्रेणी धर्मवीर और मंजू देवी के वेतन का बिल राजकीय कोष से न बनाकर शिक्षक ग्रांट में शामिल कर दिया।

इतना ही नहीं लेखाधिकारी और कोषधिकारी ने भी बिल का सत्यापन करते हुए चेक नहीं किया। इसके बाद शिक्षकों के साथ कर्मचारियों का भी भुगतान कर दिया। जब मामले की भनक लगते ही बेसिक शिक्षा विभाग कर्मचारियों में खलबली मच गई। लेखाधिकारी ने अपनी गर्दन बचाने के लिए कर्मचारियों पर ठीकरा फोड़ दिया है। जबकि कर्मचारी तर्क दे रहे हैं कि मानव संपदा पोर्टल पर कर्मचारियों का डेटा फीड किया गया था। जिस वजह से स्वतः ही बिल जनरेट हो गया।

फिलहाल, वित्तीय अनियमितता सामने आने पर डीएम संजय कुमार सिंह ने लेखाधिकारी से पत्रावली तलब करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।फिलहाल इस अनियमितता का मामला सामने आने के बाद से विभाग में हड़कंप मचा है। डीएम संजय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। लेखाधिकारी से जवाब मांगा गया है। जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिन कर्मचारियों के खाते में वेतन गया है। उसकी रिकवरी करने के आदेश दिए हैं।

## मगरमच्छ को पकड़ वन विभाग की टीम ने नदी में छोड़ा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगर की बालाजी कॉलोनी के पास तालाब में एक महीने से मगरमच्छ डेरा डाले हुए था। जिसे लेकर स्थानीय लोगों को डर सता रहा था। इधर, ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिसके बाद ग्रामीणों की शिकायत का संज्ञान लेकर भाजपा नेता डॉ.रत्नेश गंगवार ने डीएफओ को पत्र भेजकर मगरमच्छ को पकड़वाने का आग्रह किया। इसके बाद डीएफओ के निर्देश पर डिप्टी रेंजर सुरेश पाल वर्मा की अगुवाई में वन विभाग की टीम रविवार को गांव पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ लिया। इसके बाद उसे पिंजरे में बंद करके टीम साथ ले गई और नदी में छोड़ दिया। मगरमच्छ पकड़े जाने से लोगों ने राहत महसूस की है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION
https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm ( Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## 19 नवंबर से रुद्र महायज्ञ घर-घर पहुंचाएंगे गीता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के गौहनिया चौराहा स्थित श्री स्वामीनारायण नंद महाराज आश्रम फाउंडेशन के कार्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के स्वामी नारायण महाराज ने बताया कि 19 नवंबर से 27 नवंबर तक रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। फिर रुद्र महायज्ञ चलेगा, जिसके समापन के बाद भंडारा होगा। पीलीभीत में 1,51000 श्रीमद भगवद गीता ,हर घर यथार्थ गीता पहुंचाई जाएगी। जिसके तहत सनातन धर्म को आगे बढ़ाया जाए। गीता पूरे उत्तर प्रदेश फिर पूरे देश और फिर पूरे विश्व में घर घर पहुंचाई जाएगी। यह विश्व की हर भाषा में होगी। इससे पहले उर्दू में हमारी संस्था पांच हजार गीता बांट चुकी है। हमारी संस्था जरूरतमंद महिलाओं को नि शुल्क सिलाई मशीन दे रही है। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। रुद्र महायज्ञ अमरिया क्षेत्र के गांव फरदिया के स्थित आश्रम में होंगे।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम Mohd. Aahil Raza जोकि स्कूल दस्तावेजों में अंकित है जो गलत है उसका सही नाम Mohd. Aahil Raza Khan है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। वसीम हसन खान पुत्र श्री शब्बीर हसन खान निवासी, बदायूँ।
आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
आप सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता देवी ग्राम प्रधान
रूपलाल प्रधान पति
ग्राम पंचायत बहरुया वि.खं. अमरिया जनपद- पीलीभीत
नीतू मित्रा, ग्राम प्रधान
पंकज मित्रा, प्रधान पति
विकास पाण्डेय ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कंजा हरैया
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बांके बिहारी टायल्स एंड सैनेटरी एंड बिल्डिंग मैटेरियल
उच्च कोटि के टाइल्स निर्माता
बमरोली, बिलसंडा (पीलीभीत)
प्रो- जितेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पप्पू
TATA
टाटा अधिकृत सर्विस स्टेशन
कामर्शियल वाहन प्रारम्भ
दादू कामर्शियल
4 किमी. स्टोन, आसाम रोड, पीलीभीत
मो. 7351213333, 9837047718
वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत इंटर कॉलेज कैंपस में स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर प्रांगण में
श्री कृष्ण जन्मोत्सव
के पावन पर्व पर आप सादर आमंत्रित हैं।
दिनांकः 26 अगस्त 2024 दिन सोमवार
श्री राधा कृष्ण श्रंगार / छप्पन भोग दर्शन- सायं 7:30 बजे
संकीर्तन- रात्रि 8.00 से 12:00 बजे तक
कृष्ण लला का अभिषेकः- रात्रि 12:00 बजे
आरती एवं प्रसाद वितरण रात्रि- 12:30 बजे
आयोजन को भव्य रूप देने के लिए प्रसाद वितरण के पश्चात् ही प्रस्थान करें।
निवेदकः- जिला पंचायत, पीलीभीत परिवार एवं इष्ट मित्रगण
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
महादेव फूड्स
एवं महादेव तराई सीड्स
हर्ष शर्मा (डिंपल)
दिनेश शर्मा (पार्टनर)
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं।
झड़ते बालों और गंजापन दूर करने के लिए संपर्क करें।
बाबूराम विजय कुमार
गोटा वाले, मंडी मोड़, चौक शाहजहांपुर
संपर्क नंबर 9621088824
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्रीकृष्ण गन हाउस
शस्त्र विक्रेता
मालखाना मोड़, शाहजहांपुर
संजीव गुप्ता
मो. 9415488749
जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राम गोल्ड एवं सेवन सीज़
आटा, मैदा, सूजी, चोकर
निर्माताः- श्री राम रोलर फ्लोर मिल्स (इ) प्रा.लि.
निर्माताः- उमा एग्रो इण्डस्ट्रीज चावल निर्माता एवं निर्यातक
रामचन्द्र सिंघल प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र. रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसियेशन, लखनऊ
सुनील सिंघल डायरेक्टर
रजि. कार्यालयः- गांधीगंज, शाहजहांपुर
E-mail: shriramflour@gmail.com
मो. 8601870504, 8601870505, 8601870515
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रताप नारायण मेहरोत्रा (बच्चा वाले डॉ.)
अमित मेहरोत्रा
नारायन अस्पताल- केरूगन्ज
आशा रेस्टोरेन्ट, निवाजपुर रोज़ा, शाहजहांपुर
मो. 9839841843
सक्सेना फैमिली की ओर से
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बांके बिहारी लाल की जय
श्री बांके बिहारी लाल की जय
भदौरिया फैमिली की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सक्सेना फैमिली की ओर से
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बांके बिहारी लाल की जय
जन्माष्टमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बांके बिहारी लाल की जय
बलराम कुमार
उपायुक्त मनरेगा
मनरेगा सेल बदायूं
जन्माष्टमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
रबेन्द्र सिंह
बाजार मालिक, म्याऊ
अभय प्रताप सिंह
राष्ट्रीय सचिव महाराणा प्रताप सेना
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा
संस्थापक, सिनर्जी फाउंडेशन, बदायूं
जन्माष्टमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश चंद्र
ग्राम पंचायत अधिकारी
श्रीमती रिंकी देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मोहम्मद नगर सुलरा
विकास खण्ड जगत, बदायूं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
अजय मिश्रा
प्रबंधक
परशुराम पब्लिक स्कूल दातागंज
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री गुरु तेग़ बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट (रजिस्टर्ड)
सितारगंज जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)
S.G.T.B W.T
•FOOD
•CLOTHES
•MEDICAL
ENVIRONMENT, EDUCATION.
+917817833013
सभी क्षेत्रवासियों को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित शाह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जटपुरा
सभी क्षेत्रवासियों को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता मिष्ठान भण्डार
स्टेशन रोड, पूरनपुर
हमारे यहां सभी प्रकार की देशी घी की मिठाईयां उपलब्ध हैं।
प्रो. संजीव गुप्ता
रितेश गुप्ता
www.makoons.com
ADMISSION OPEN
Let us Enjoy our Childhood
PRE SCHOOL
• INTERACTIVE
• HYGIENIC
• SECURED
• INNOVATIVE
• FUN-FILLED
• LIVE CCTV Enabled
• 100% NUTRITIOUS FOOD
MAKOONS®
THIS SMILE COULD BE YOURS
• Well educated daycare incharge
• Large and clean child friendly infrastructure
• Complete Hygiene and care
• Educational games and play equipments
• Structured schedule
• Books for reading
• Absolute security and safety
• Flexi days & Timings
• Delicious & nutritious meals
• Tuition facility available on request
• CCTV Enabled
DAY CARE
MAKOONS®
KIDS UNPLUGGED
pre-school. daycare. activity centre.
Call: +91-8081496047, 6388400431
Infront of Sitapur Eye Hospital, State Bank of India Gate,
Near-Jila Sehkari Bank Wali Gali, Shahjahanpur, Uttar Pradesh-242001
E-mail : shahjahanpur@makoons.com, facebook.com/makoonsshahjahanpur
4 COUNTRIES
18 STATES
250+ SCHOOL
30+ AWARDS

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्यों को पढ़ाकर, दुष्ट स्त्री के साथ अपना जीवन बिताकर, रोगियों और दुखियों के साथ रहकर विद्वान भी दुखी हो जाता है।

## संपादकीय

# भारत का जैव-दृष्टिकोण

भारत एक वृहद जैव-वैविध्य देश के रूप में पुनर्गठित है और हमारे जैविकीय संसाधनों को आर्थिक संपदा एवं रोजगार के अवसरों में परिणत करने के अवसर देता है। नवीकरणीय संसाधनों पर तैयार नवप्रवर्तित उत्पाद एवं सेवाएं औद्योगिक प्रक्रियाओं में व्यापक दक्षता लाती है, पर्यावरणीय निम्नीकरण पर नियंत्रण रखती हैं और एक अधिक जैव-आधारित अर्थव्यवस्था देती हैं। यह सही समय है कि हम आधुनिक तकनीकों में निवेश करें और जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी प्रदूषण को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पर्यावरण के क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग बहुत बढ़ा है। जैव-आधारित उत्पादों के विकास के लिए अत्याधुनिक नवाचारों को गति देने के लिए देश में एक लचीला जैव-विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना महत्वपूर्ण है। जैव प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग पर्यावरण से संबंधित समस्याओं को कम करने या हल करने में मदद करता है और इस प्रकार जीवित जीवों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को साफ करता है। पर्यावरणीय समस्याओं और पारिस्थितिकी तंत्रों के समाधान के लिए जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग को पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी के रूप में जाना जाता है।

देश को एक बेहतर और स्वस्थ भविष्य की ओर ले जाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को उच्च प्रदर्शन जैव विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए तीन व्यापक योजनाओं (बायोई3) को मंजूरी दे दी। यह योजना पर्यावरण के अनुकूल विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं जो भारत के जैव अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान दे रहे हैं। इस क्षेत्र को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और भारत के वर्ष 2047 तक 'ऊर्जा आत्मनिर्भर' बनने के दृष्टिकोण से प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा सरकार ने जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति में संशोधनों को मंजूरी दी है और जैव ईंधन उत्पादन बढ़ाने और 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत का निर्णय लिया है। औद्योगीकरण, शहरीकरण और मानवजनित गतिविधियों के कारण, पर्यावरण को प्राकृतिक संसाधनों की कमी, प्राकृतिक निकायों का प्रदूषण आदि जैसे विभिन्न मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है; जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों को लागू करके, इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से और कुशलता से हल किया जा सकता है। कुल मिलाकर यह नीति भारत के लिए जैव-दृष्टिकोण निर्धारित करती है। सरकार की पहलों जैसे 'नेट जीरो' कार्बन अर्थव्यवस्था और 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' को और मजबूत करेगी। यह नीति भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा और रोजगार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी।

# संघर्ष ही संघर्ष: श्रीकृष्ण



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कृष्ण ने जन्म लिया है। यह खबर सुनकर कैलाश पर्वत से चलकर शिव गोकुल में आकर अलख जगाते हैं। ब्रज की गोपियां जाकर जसोदा से कहती हैं। देखौ री एक बाला जोगी द्वार तिहारे आया है री। अरी जसोदा, आज तो तेरे दरवाजे पर एक जोगी आया है।

श्रीकृष्ण की अंतर्वेदना महाभारत (के शांतिपर्व के अध्याय 81) में व्यक्त हुई है, नारद आते हैं तो वासुदेव का मन खुल जाता है। वे कहते हैं - नारद, गुप्त मंत्रणा केवल विद्वान से ही नहीं की जा सकती , न केवल सुहृद से ही की जा सकती है, गुप्त मंत्रणा के लिए इन दोनों योग्यताओं के साथ मनस्वी होना भी जरूरी है, आप में ये तीनों ही विशेषता हैं, इसलिए आप से कह रहा हूं। मेरे परिवार में शांति नहीं है। हालांकि मुझे जो उपभोग्य-साधन मिल जाते हैं, उनका आधा हिस्सा मैं कुटुंब को छोड देता हूं और आधे से ही काम चलाता हूं, फिर भी ये कुटुंबी-जन मन में कटुता रखे हुए रहते हैं और कटु-वाक्य बोल भी देते हैं। मैं अन्दर ही अन्दर जलता रहता हूं। बलराम अपने बल के गुरूर में डूबे रहते हैं, छोटा वाला-गद है, वह परिश्रम से भागता है, प्रद्युम्न बेटा है, मुझे सहायता कर सकता है किन्तु वह अपने सौन्दर्य में मतवाला रहता है। अंधक और वृष्णि-वंश में दुर्धर्ष वीर हैं किन्तु आहुक और अक्रूर ने वैमनस्यभाव पैदा कर दिया है। दो जुआरी बेटों की मां जैसी मेरी स्थिति है कि वह मां कौन से बेटे की जीत चाहेगी? मैं तो दोनों में से किसी की भी पराजय नहीं चाहता। मैं किसकी ओर रहूं, जिसकी सी न कहूं, वही मुझे शत्रु समझने लगता है। नारद, मैं मन ही मन व्यथित रहता हूं। क्या करूं ?

श्रीकृष्ण के जीवन को देखें,संघर्ष ही संघर्ष दिखायी देता है। जब तक नंद के ब्रज में रहे कंस और उसके असुर मित्रों ने चैन से नहीं रहने दिया। पूतना, शकट, तृणावर्त, वत्सासुर, अघासुर,धेनुकासुर, प्रलंब, केशी फिर मथुरा गए तो कुवलियापीड से लेकर चाणूर-मुष्टिक जैसे बलवान मल्लों से युद्ध तदुपरांत शूरसेन-वीरों के सहयोग से कंस का वध किया, किंतु कंस का श्वसुर मागध जरासंध तो बहुत ही शक्तिशाली था। उससे निरंतर 17 बार युद्ध हुए,जब 18 वीं बार युद्ध होने को था,तभी दूसरी ओर से काल-यवन ने बहुत बड़ी यवन सेना के साथ मथुरा पर आक्रमण कर दिया। कृष्ण ने यहां पैंतरा बदला और मैदान छोड़ दिया। रणछोड़ कहलाए। आगे-आगे श्रीकृष्ण और पीछे-पीछे कालयवन। पहाड़ की गुफा में घुस गए। वहां मुचकुंद को ही श्रीकृष्ण



समझकर कालयवन भिड़ गया और मुचकुंद के द्वारा मारा गया,लेकिन एक बात साफ हो गई कि जब तक जरासंध जीवित रहेगा,तब तक वह मथुरा में नहीं रहने देगा। यह सोचकर कृष्ण ने यादव गण के साथ मथुरा छोड़ दी। कुछ गोप और यादव चलते-चलते भटककर दक्षिण पंहुचे और वहां दक्षिण-मथुरा बसाई, जिसे मदुराई कहते हैं। दूसरी शाखा द्वारका पहुंची और वहां यह नगरी बसाई।

भौमासुर से प्राग्ज्योतिषपुर में युद्ध हुआ। बाणासुर से युद्ध हुआ। इस प्रकार द्वारका में भी अनेक युद्ध हुए,किंतु सबसे बड़ा कांटा तो जरासंध ही था। जरासंध ने शताधिक राजाओं को बंदी बना रखा था,उनसे कृष्ण के कूटनीतिक संबंध थे,संदेश का आदान-प्रदान था। उसे नष्ट करने के लिए कृष्ण ने पांडवों (जो वसुदेव की बहन कुंती के पुत्र थे) से घनिष्ठता बढ़ाई। युधिष्ठिर को राजसूय यज्ञ का परामर्श दिया, कृष्ण जरासंध की शक्ति से परिचित थे और जानते थे कि युद्ध में जरासंध को जीतना असंभव है। अर्जुन,भीम को साथ लेकर जरासंध के पास ब्राह्मण का वेश धारण करके गए, द्वंद्वयुद्ध मांगा। जरासंध भीम से मल्लयुद्ध करने को तैयार हो गया। भीम ने टांग पर अपना पैर जमाकर उसे चीर दिया। इस प्रकार श्रीकृष्ण ने उन बंदी राजाओं को मुक्त किया। यहां आकर वे प्रसिद्ध हो गए। भारत भर के राजा उन्हें जान गए और युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ मे उनकी अग्रपूजा हुई।

भारत में कितने सांस्कृतिक समूह हैं,कितनी भाषा और बोलियां हैं। कितनी उपासना पद्धतियां हैं, किंतु जब हम श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व में देखते हैं तो लगता है कि वे समस्त संस्कृतियां मानो यहां आकर समाहित हो गई हैं। नाम भी तो मनमोहन है। शैव उपासना की परंपरा किस प्रकार श्रीकृष्ण में सम्मिलित हो रही है।

भारत में कितने सांस्कृतिक समूह हैं,कितनी भाषा और बोलियां हैं। कितनी उपासना पद्धतियां हैं, किंतु जब हम श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व में देखते हैं तो लगता है कि वे समस्त संस्कृतियां मानो यहां आकर समाहित हो गई हैं। नाम भी तो मनमोहन है। शैव उपासना की परंपरा किस प्रकार श्रीकृष्ण में सम्मिलित हो रही है। इसका उदाहरण एक लोकगीत है। हालांकि यह सूरदास के जमाने में भी प्रचलित रहा होगा। क्योंकि सूरसागर में यह पद है, मैं जोगी जस गाया रे बाला।

कृष्ण ने जन्म लिया है। यह खबर सुनकर कैलाश पर्वत से चलकर शिव गोकुल में आकर अलख जगाते हैं। ब्रज की गोपियां जाकर जसोदा से कहती हैं। देखौ री एक बाला जोगी द्वार तिहारे आया है री। अरी जसोदा,आज तो तेरे दरवाजे पर एक जोगी आया है। शरीर में भभूत रमी है,बड़ी-बड़ी जटा है, माथे पर चन्द्रमा है,गले में नाग लटका है। कंचनथाल में भिक्षा सजाकर मैया जसोदा दरवाजे पर आई। जोगी बोला,ना चहिये तेरी दौलत दुनिया/ ना चहिये धन माया है री/अपने गुपाल जी कौ दरस कराय दे/ जा कारन जोगी आया है री।/तू मोतियों की माला ले/कंचन थार ले। जोगी, ऐसी जिद क्यों करता है? तुझे देखकर मेरा लाल डर जाएगा। मैया,हमारी भिक्षा तो गोपालजी का दर्शन करना है। मैया तो डर रही थी। जोगी दरवाजे से लौटा,किंतु लाला का रोना शुरू हो गया। चुप ही न हो। थाली बजायी, नजर उतारी, दूध से लगाया पर लाला तो चुप नहीं हो रहा। रोता ही जा रहा है। क्या करूं? अरी मैया,यह तो उस जोगी का ही कुछ चेटक है। उसे बुलवाओ। जोगी आया और उसने लाला को गोद में ले लिया।

बिथा भई सब दूर बदन की किलकि उठे नंदलाला। अब जसोदा प्रसन्न होकर जोगी से बोली। रहु रे जोगी नंद-भवन में ब्रज कौ बासौ कीजै/ जब-जब मेरौ लाला रोबै तब-तब दरसन दीजै।/ रे जोगी,तू तौ चेटक वाला है/अब तू नंदगांव में ही रह जा/मेरा लाला जब कभी रोने लगे/ तब-तब तू आ जाया करना।

जरासंध की बेटियों (अस्ति-प्राप्ति) के साथ हजारों मगध दासियां भी मथुरा आईं,हजारों मगध सैनिक भी मथुरा आकर रहने लगे। जरासंध के संकेत से कंस ने उग्रसेन को बंदी बना दिया। मगध लोग वसुदेव और देवकी के विरुद्ध कंस के कान भरते थे, उसने यह भी सुना कि देवकी के गर्भ से पैदा होने वाला बालक तेरा विनाश करेगा। इस वजह से कंस मन ही मन डरने लगा। एक दिन तो कंस ने देवकी के केश पकड़ लिए और तलवार निकालकर मारने को तैयार हो गया। वसुदेव ने दीन भाव से कहा कि इसके गर्भ से जो बालक उत्पन्न होगा,उसे हम तुम्हें सौंप देंगे। देवकी की हत्या करने से तुम्हारी लोकनिंदा होगी। लोग तुम्हें धिक्कारेंगे। देवकी के गर्भ से बालक का जन्म होता और कंस उसे मार डालता। जब आठवां गर्भ हुआ,तब देवकी रोकर वसुदेव से बोली-अहो पति सो उपाय कछ कीजै।/जिहि उपाय आपनों बालक राखि कंस सों लीजै।/बुद्धि बल,छलबल कैसें हु करिकें काढि अनत ही दीजै। अबकी बार कुछ भी करो, इस बालक की रक्षा करनी होगी।

वसुदेव ने नंद से परामर्श किया। नंद ने यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। वसुदेव गण सचिव के रूप में लोकप्रिय तो थे ही,लोग मगधों के अत्याचार से पीड़ित भी थे। अंदर ही अंदर वसुदेव के प्रति समर्थन का भाव पुष्ट होने लगा था। कारागार से द्वार खुला, जमुना में बाढ़ आई हुई थी,किंतु भादों की अंधेरी रात में किसी को कानोंकान भनक नहीं पड़ी और यशोदा की बेटी कंस के कारागार में आ गई और उधर गोकुल में दुंदुभी बजने लगी। पूत भयौ वसुदेव के भौन औ दुंदुभी बाजत नंद के द्वारे।

## प्रसंगवश

# विवाहिता राधा

कभी-कभी महान विभूतियों के एक से अधिक रूप होते हैं,हालांकि लोक प्रचलित और ग्राह्य एक ही होता है। हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी और अविवाहित मशहूर हैं। यद्यपि विशेष कारणों से उनका सूर्य पुत्री 'सुवर्चला' से औपचारिक विवाह भी हुवा था। विवाहोपरांत सुवर्चला तप करने चली गईं और श्री हनुमान पूर्ववत् अखंड ब्रह्मचर्य व्रतधारी ही बने रहे।

ऐसा ही त्रैलोक्य सुंदरी राधा रानी के विषय में भी है। उनका श्रीकृष्ण से परकीय प्रेम ही विश्व प्रसिद्ध है और वे कृष्ण की पत्नी नहीं मान्य हैं। श्रीकृष्ण की 16108 रानियां थीं, जिनमें किसी के साथ मंदिरों में उनका श्रीविग्रह स्थापित नहीं किया जाता है। कहते हैं कि गोलोक में श्रीकृष्ण की एक अन्य प्रेयसी विरजा का राधा जी को शाप था कि पृथ्वी पर उन्हें कुलटा (विवाहेतर रति करने वाली) नारी के रूप में जाना जाएगा। ऐसा ब्रह्म वैवर्त पुराण के "श्रीकृष्ण खंड" में कहा गया है। इसके फलस्वरूप राधा रूप में उनका लौकिक विवाह 'रायाण' नामक गोप हुवा था,जो यशोदा जी के भाई लगते थे। किंतु मान्यता है कि यह विवाह राधा की छाया से हुआ,जैसा कि सीता जी के बारे में भी कहा गया है कि रावण द्वारा छाया रूप सीता ही हरी गईं थीं। राधा जी का कृष्ण से जार प्रेम ही प्रसिद्ध है। इस सबके बावजूद 'गर्ग संहिता' के उल्लेखानुसार राधा कृष्ण का विवाह भी हुई बताया गया है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कथानुसार नंदगांव और बरसाने के बीच स्थित 'भांडीर वन' में यह विवाह स्वयं ब्रह्माजी ने संपन्न करवाया था। वहां स्थित एक मंदिर में इस युगल को विवाहित रूप में दर्शित किया गया है और ब्रह्मा जी भी वहां मौजूद हैं। यह अपने प्रकार का इकलौता मंदिर है। वैसे राधा जी विष्णु रूप कृष्ण की चिर संगिनी लक्ष्मी जी ही हैं और सदा उनकी अर्धांगिनी हैं। जयदेव रचित 'गीत गोविंद' में रसिक शिरोमणि कृष्ण राधा से कहते हैं कि 'सुंदरी! हमारा आपका जन्म-जन्म का संग है। समुद्र मंथन के समय उससे प्रकट हुई। आपने मेरा वरण किया था। शायद इसीलिए तुम्हें न पा सकने के कारण क्षुब्ध शंकर जी ने विष पान कर लिया था'।

# यूपीएस पर कर्मचारी संगठनों की असहमति



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कर्मचारियों पर इसका भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था।

वर्ष 2004 में अटल बिहारी सरकार ने निर्णय लेकर अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन समाप्त कर एनपीएस लागू की थी। उस समय इसे एक बेहतर पेंशन योजना बताया कर सरकार ने इसे कर्मचारियों पर थोप दिया था। लगभग 10 साल यूपीए सरकार और 10 साल एनडीए सरकार में कर्मचारियों के लंबे संघर्ष के बाद आखिर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को एक विशेष बैठक बुलाकर एकीकृत पेंशन योजना (यूनिफाइड पेंशन योजना) की घोषणा करनी पड़ी। अब कर्मचारियों को एनपीएस और यूपीएस में से किसी एक का विकल्प चुनना होगा। इस तरह पुरानी पेंशन योजना, एनपीएस और यूपीएस तीन पेंशन योजना फिलहाल देश में चालू रहेंगी।

1977 में मैंने शिक्षकों को पेंशन के लिए संघर्ष करते और जेल जाते भी देखा था। उस समय चलाया गया जेल भरो आंदोलन मुझे आज भी याद है। 1993 में पेंशन की लड़ाई को बैंक कर्मचारियों ने बड़ी शिद्दत और आपसी द्वंद के बाद जीता था। इस आंदोलन को खुद मैंने भी लड़ा और बैंक कर्मचारियों की पेंशन शुरू हो सकी। किंतु एनपीएस के खिलाफ लंबी लड़ाई और बढ़ते दबाब का ही परिणाम है कि जो सरकार किसी भी तरह एनपीएस को वापस लेने को तैयार नहीं थी,उसे भी यू टर्न लेकर नई यूनिफाइड पेंशन योजना लागू करने की घोषणा करनी पड़ी।

यूपीएस की सबसे बड़ी खास बात यह है कि इसमें पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की तरह ही सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद औसत मूल वेतन की 50 प्रतिशत पेंशन मिलेगी जिस पर महंगाई राहत भी देय होगी। नई स्कीम को घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि सरकारी कर्मचारी देशभर में सामान्य नागरिकों की सेवा करते हैं, रेलवे, पुलिस, डाक सेवा, चिकित्सा जैसी सेवाओं में देशभर में सरकारी कर्मचारी सामान्य नागरिकों को अपनी सेवाएं देते हैं। इससे समाज की एक व्यवस्था चलती है। सरकारी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे समय-समय पर उठते आए हैं।

सेवानिवृत्त यानी सुपर एन्यूएशन के बाद मिलने वाली पेंशन सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। देशभर में सरकारी कर्मचारियों की तरफ से मांग आती रही कि नई पेंशन स्कीम यानी एनपीएस में सुधार किए जाएं। अप्रैल 2023 में डॉ. सोमनाथन की अध्यक्षता में इस पर समिति बनी और सौ से ज्यादा कर्मचारी संगठनों-यूनियन के साथ विस्तार से सलाह-मशविरा किया गया। रिजर्व बैंक से बात की गई। राज्यों के वित्त सचिव, राजनीतिक नेतृत्व, कर्मचारी संघों ने अपने सुझाव दिए। इसके बाद समिति ने एकीकृत पेंशन योजना की सिफारिश की गई। कैबिनेट ने इस स्कीम को अनुमोदित कर दिया है।

यूपीएस अपनाने पर सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिलेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में पेंशन मिलेगी। पारिवारिक पेंशन : किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा। न्यूनतम पेंशन : कम से कम 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रुपये प्रतिमाह की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित होगी। महंगाई भत्तों को जोड़कर आज के हिसाब से यह रकम 15 हजार रुपये के आसपास होगी। महंगाई दर के साथ इंडेक्सेशन : उपरोक्त तीनों तरह की पेंशन यानी सुनिश्चित पेंशन,पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन के मामलों में महंगाई राहत यानी डीआर के आधार पर इंफ्लेशन इंडेक्सेशन मिलेगा। सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान मिलेगा। लगभग 90 लाख केंद्र और राज्य कर्मचारियों को फायदा होगा एनपीएस और यूपीएस का विकल्प उनको देना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कर्मचारियों पर इसका भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था। यह अपने आप में बड़ा कदम था। अब केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा। यह स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। कर्मचारियों के लिए कंट्रीब्यूटरी यूनिफाइड पेंशन योजना ( यूपीएस) कैसी होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा,लेकिन कुछ संगठनों ने इससे अपनी असहमति दर्शायी है उनकी मांग पुरानी पेंशन बहाली की कायम है,जिसमें कर्मचारियों को कोई अंश नहीं देना होता था। अटेवा, एटक आदि संगठनों के मुख्य पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के अपने संघर्ष को जारी रखने का ऐलान किया है।

## सोशल फोरम

# बात व्यावसायिक उत्कृष्टता की

हमारे यहां भ्रष्टाचार इतना ओवररेटेड है कि प्रोफेशनल एक्सीलेंस की बात कोई नहीं कर रहा। स्टॉर्म वाटर प्लानिंग या बारिश के पानी को शहर से बाहर निकालना एक तकनीकी मामला है। यह डिजाइन कुल बारिश और शहर के कंटूर प्लान के आधार पर बनाई जाती है। थोड़ी सी बारिश में शहर के डूबने की वजह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं इंजीनियरों की नाकाबिलियत भी है। स्टॉर्म वॉटर प्लानिंग जैसे विशेषज्ञता के मामले को हमने उसी इंजीनियर के भरोसे छोड़ दिया है जिसके जिम्मे बगीचे बनवाना हो। यह वैसा ही है जैसे किसी आंख के डॉक्टर से ओपन हार्ट सर्जरी करवाना ।



संजय वर्मा
इंदौर

हर मुश्किल को भ्रष्टाचार पर डालकर बरी होने वाला मीडिया और समाज यह बुनियादी सवाल क्यों नहीं कर रहा कि जब शरीर के अलग-अलग अंगों के विशेषज्ञ डॉक्टर होते हैं तो इंजीनियरिंग में ऐसा क्यों नहीं हो रहा ? अब भी बांध बनाने से लगाकर रेल लाइन डालने तक एक ही डिग्री काफी है। एक डॉक्टर कॉन्फ्रेंस और सेमिनार के जरिए सारा जीवन खुद को लगातार अपडेट करता रहता है जबकि अधिकांश इंजीनियर कॉलेज से निकलने के बाद फिर कभी किताब को हाथ नहीं लगाते ।

समाज भी सिविल इंजीनियरिंग को उतना महत्व नहीं देता जितना मेडिकल या किसी दूसरी विशेषज्ञता को। सिविल इंजीनियरिंग गरीब की जोरू है जिसे भौजाई मान हर कोई मजाक करता है। पिछले दिनों कई पुल बनते बनते टूट गए तो हम सबने फिर भ्रष्टाचार का रोना रोया।

किसी ने सवाल नहीं किया कि सिविल इंजीनियरिंग में जब फैक्टर ऑफ़ सेफ्टी तीन के बराबर लिया जाता है, तब दस बीस प्रतिशत की चोरी से पुल कमजोर तो हो सकता है लेकिन इतना नहीं की बनते बनते टूट जाए यह इसलिए भी होता है क्योंकि इस काम को करने के लिए इन लोगों के पास ना तो संबंधित शिक्षा होती है ना ट्रेनिंग। भ्रष्टाचार का विरोध जरूर कीजिए पर इंजीनियरिंग समेत तमाम विषयों में विशेषज्ञों की जरूरत पर भी बात कीजिए ।

**– फेसबुक वॉल से**

## व्यंग्य

# बोरियत जो न कराए



अनूप शुक्ल
कानपुर

बोरियत एक मानसिक स्थिति है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि जिसका मन हुआ वह बोर हो ले। कुछ खास मानसिक स्थिति वाले लोगों को ही बोरियत की सुविधा हासिल होती है।

दफ्तर में हमारे एक सहकर्मी हैं। एक ही दफ्तर में होने के बावजूद वे हमारे मित्र हैं। बगल के कमरे में ही बैठते हैं इसलिए बहुत दिन से उनसे 'बातचीत'नहीं हो पाई। आते-जाते कभी 'बात' हुई तो 'चीत' रह गई। 'चीत' हुई तो 'बात' के लिए मौका नहीं मिला। आज सोचा उनके दफ्तर में ही चल के 'बातचीत' की जाए। गए तो देखा बैठे हैं। गुमसुम। चुप्प। फाइलों ने मेज पर कब्जा कर रखा था। मेज मित्र की तरह असहाय सी पड़ी थी। मित्र चुप्पी का बोझ चेहरे पर लादे थे। मेज फाइलें लादे थी।

पूछा-"क्या हो रहा है गुरु! आज चिंतन मुद्रा में! बड़े स्मार्ट दिख रहे हो! कोई खास बात!" बोले- "कुछ नहीं,जरा बोर रहा था।" हम बोले-"कोई काम नहीं है क्या जो बोर हो रहे हो?" वो बोले-"काम तो बहुत है। ससुरे काम से ही तो बोर रहे हैं। इत्ता काम पड़ा है। करते-करते बोर हो रहे थे। काम करने से बोरियत में बाधा पड़ रही थी तो सोचा थोड़ा कायदे से बोर हो लें। काम तो होता ही रहता है। बोरियत के क्षण दुर्लभ होते हैं।"

हमने पूछा-"मुझे तो कभी बोरियत नहीं होती यार! तुम कैसे बोर हो लेते हो?" वो बोले-"जैसे तुम बिना काम के व्यस्त रह लेते हो वैसे ही हम बोर हो लेते हैं। तुम्हें याद है न जब हम तुमसे मिलते थे तो पूछते थे- क्या बात है बहुत बिजी दिख रहे हो, कोई काम-धाम नहीं है क्या? तुमने व्यस्तता को पकड़ लिया हमने बोरियत को थाम लिया।" हम बोले- "यार व्यस्त आदमी की आजकल वकत कहां? हर तरफ बोरियत की पूछ है। देखो अखबार में, टीवी में , सिनेमा में सब तरफ बोरियत का ही बोलबाला है। जो जित्ता बड़ा बोर, उसका उत्ता बड़ा शोर! लेकिन तुम बताओ! तुमको कैसे मिली ये बोरियत की नियामत?" वो बोले- "बोरियत भी तो हरेक पर मेहरबान नहीं होती। सुपात्र के पास जाती है। हर ऐरे-गैरे के पास जाने लगे तो उसका 'स्टेट्स' क्या रह जाएगा? हम और तुम अगर दोनों ही बोर होने लगें तो फिर हमारे और तुम्हारे में अंतर क्या रह जाएगा?" हमें तड़ से बोर न हो पाने का हीनता बोध होना चाहिए था, लेकिन उनके दीन चेहरे को देखकर हमने अपने हीनता बोध को दबा दिया। उत्सुक मुद्रा में ही बने रहे। उत्सुक मुद्रा और हीनता बोध में अगर चुनाव की सुविधा हो तो मैं हमेशा उत्सुकता ही चुनता हूं। थोड़ी बेवकूफी मिलाकर चेहरे पर उत्सुकता का लेप किया जाए तो चेहरा ऐसा चमकता है कि उसका वर्णन बड़े-बड़े कवि तक नहीं कर पाते। शोभा वरनि न जाय कह के पीछा छुड़ा लेते हैं। 'हीनता मोड' में चेहरा लटक जाता है 'बेवकूफी वाली उत्सुकता' में उछलता सा रहता है। कभी-कभी तो इत्ता उछलता है कि अगर कंधे से जुड़ा न हो तो उछल के चांद पर पहुंच जाए। बहरहाल,बात बोरियत की हो रही थी। सो मित्र से वार्तालाप के बाद बोरियत के नए-नए आयाम खुले मेरे सामने।

बोरियत एक मानसिक स्थिति है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि जिसका मन हुआ वह बोर हो ले। कुछ खास मानसिक स्थिति वाले लोगों को ही बोरियत की सुविधा हासिल होती है। इस तरह से दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। बोरियत रेखा के नीचे वाले और बोरियत रेखा के ऊपर वाले। बोले तो बीबीएल (बिलो बोरियत लाइन) और एबीएल (एवव बोरियत लाइन)। बीबीएल और एबीएल दूसरे के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। बोर लोग बेबोर लोगों को देख के बोर हो लेते हैं। बेबोर लोग बोर लोगों को देख के कट लेते हैं( बोर नहीं होते जी, कट लेते हैं)।

बोर होने के लिए आपको कुछ करना नहीं पड़ता है। न सुखी, न दुखी। न परेशान न उदास। न हड़बड़ न बहदवास। न हैरान न हलकान। न सींकिया न पहलवान। बस केवल आपको होना होता है। बोर व्यक्ति दुनिया का सबसे निष्क्रिय प्राणी होता है। वह न्यूटन के पहले नियम का भक्त होता है। जैसा होता है, वैसा बना रहना चाहता है। न ऊधौ से लेना न माधौ को देना। बस केवल और केवल बोर होना।

# ज्ञान-विज्ञान का समन्वित रूप हैं श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण ऐसे मार्गदर्शक हैं, जिनका संपूर्ण जीवन हमें विविध परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देता है। वर्तमान शिक्षा नीति विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक विकास के साथ विविध व्यावसायिक दक्षताओं व कौशलों के समावेश की बात करती है। श्रीकृष्ण को सोलह कलाओं और उनसे जुड़े विविध पक्षों का अवतार माना जाता है। इस रूप में वे हमारे सम्मुख विविध कला-कौशल के समन्वित उदाहरण के रूप में प्रस्तुत होते हैं। किसी भी सभ्यता और संस्कृति में कर्म को सर्वोपरि माना गया है। श्री मद्भगवद्गीता के द्वारा श्री कृष्ण 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' के द्वारा कर्मयोग को न केवल प्रतिस्थापित करते हैं, बल्कि उसके द्वारा तात्कालिक इतिहास को एक नया मोड़ भी देते हैं। उनका मानना था कि किसी भी व्यक्ति का सर्वोत्तम आकलन कर्ता वह व्यक्ति स्वयं ही हो सकता है। इसलिए स्व-आकलन के आधार पर 'क्षेत्रे-क्षेत्रे धर्म कुरु' को जीवन मंत्र मानते हुए धर्मानुकूल व न्यायोचित कार्य तथा आचरण आवश्यक है। वह आचरण जो कि समय और समाज के स्थापित मानकों और मान्यताओं के अनुरूप हो। विद्यार्थी जीवन शिक्षारंभ हेतु बाल्यावस्था से किशोरावस्था और क्रमशः युवावस्था की ओर अग्रसर होने का समय काल है। इन अवस्थाओं में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के दौरान तनाव प्रबंधन कौशल की अहम आवश्यकता होती है। कृष्ण अपनी मनभावन छवि, अदम्य साहस और सकारात्मक ऊर्जा से इन परिस्थितियों में प्रखर मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। जन्म से ही उनका जीवन प्रतिकूल परिस्थितियों के समक्ष मजबूती से खड़े रहने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन दर्शाता है कि जीवन चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं या प्रतिकूल परिस्थितियां हों,धैर्य-धीरज से उनका सामना किया जाए तो वे सहज और सुगम हो जाती हैं। अपने कार्य - व्यवहार में कृष्ण शांति दूत नजर आते हैं। महाभारत कृष्ण के तमाम शांति प्रयासों को कौरवों द्वारा नकार देने की प्रतिक्रिया का परिणाम था।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

कृष्ण मानते थे कि दुनिया के तमाम युद्धों का सम्यक् समाधान शांति में निहित है और शांति ही समुन्नति का सटीक मार्ग है। इसीलिए उन्होंने तमाम दुनियावी साधन-संसाधनों पर शांति को वरीयता देने की हर संभव कोशिश की। उनका मानना था कि कोई भी निर्णय जल्दबाजी या तात्कालिक आवेश में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने इस आदर्श का सदैव पालन किया कि भावी पीढ़ियों और समुदाय हित में समूची पीढ़ी को सुकून और शांति का मार्ग अपनाना होगा। इसके लिए उन्होंने मंत्र भी दिया कि 'जीवन की हर सम-विषम परिस्थिति में मन शांत रहे और मस्तिष्क सहज।' उनके जीवन में तमाम ऐसी परिस्थियां आईं जहां सामने वाले ने मर्यादाओं का खुला उल्लंघन किया, लेकिन उन्होंने यथाशक्ति धैर्य रखते हुए शांति स्थापना को भरसक प्रयत्न किए। उन्होंने जीवन में कार्य सिद्धि को सर्वाधिक महत्व दिया,स्वार्थपूर्ण कूटनीति को नहीं। यही वजह रही कि वे उस युग के प्रखर नेतृत्वकर्ता के रूप उभरे।

## एक नजर

### सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

बरखेड़ा : ग्राम विक्रमपुर के गनेश प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री प्रिंसी की शादी 27 फरवरी 2023 को शाहजहांपुर के थाना खुटार क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर के पिंटू से हुई थी। अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। रुपये न मिलने पर पति की दूसरी शादी करने की मांग की गई। नौ अगस्त को बेटी को मारपीट कर निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा : क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी उन्नीस वर्षीय पुत्री को गांव का ही छोटेलाल 20 अगस्त को बहला फुसलाकर ले गया। बेटी का कुछ पता नहीं चल सका है ।पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई है।

### पति समेत पांच लोगों पर एफआईआर लिखाई

बरखेड़ा : क्षेत्र के ग्राम परेवा अनूप की कुसुमा देवी ने बताया कि उसकी शादी बिलसंडा के ग्राम घुंघचईया के जितेंद्र कुमार से 24 जून 2024 को हुई थी। दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट की जाती। 20 अगस्त की रात ससुराल वालों ने पीटा और जेवर छीन लिए। तब से वह मायके में रह रही है। पुलिस ने मामले में जितेंद्र कुमार, लीलामती, पिंकी देवी, अनिल कुमार, चांदनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला को पीटा, रिपोर्ट

गजरौला : ग्राम हटुआ बिजलाही के भगवतसरन ने बताया कि गुरुवार को वह घर पर नहीं थे। इस बीच दोपहर करीब 12 बजे गांव का पाली घर में घुस आया। पत्नी जयदेवी ने विरोध किया तो आरोपी ने पिटाई कर दी। शोर सुनकर लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# परीक्षा के लिए 9014 अभ्यर्थियों ने रोडवेज में किया मुफ्त सफर

## सिपाही भर्ती परीक्षाः कई राज्यों के अभ्यर्थियों ने की यात्रा, शासन करेगा परिवहन निगम को 12.79 लाख रुपये किराए का भुगतान

- तीसरे दिन रविवार को भी रही भीड़, राजस्थान समेत अन्य प्रदेशों से परीक्षा देने आए अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में आने वाले अभ्यर्थियों को रक्षाबंधन की तर्ज पर मुफ्त रोडवेज बस सेवा मुहैया कराई गई। यह सेवा पांच दिनों तक चलेगी। इसी क्रम में जिले में आने और फिर वापसी करने वाले अभ्यर्थियों को रोडवेज बस का लाभ मिल रहा है। दो दिन में रोडवेजों में कुल 9014 अभ्यर्थियों ने सफर तय किया है। जिनसे 12 लाख 79 हजार रुपये का राजस्व मिला है। हालांकि परीक्षा के तीसरे दिन भी बसों में भीड़ भाड़ देखने को मिली।

बता दें, 23 अगस्त से यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा कराई जा रही है, जोकि 31 अगस्त तक चलेगी। परीक्षा में यूपी के अलावा बिहार, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब समेत कई प्रदेश के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। योगी सरकार ने अभ्यर्थियों के लिए पांच दिनों तक बस सेवाएं मुफ्त की है। परीक्षा को लेकर बसों के फेरे बढ़ने के साथ दिल्ली, लखनऊ और कानपुर रुट पर बसें बढ़ाई गई है। सबसे ज्यादा बसें बरेली और दिल्ली तक चल रही हैं ताकि अभ्यर्थियों को दिक्कत न होने पाए। परीक्षा के पहले दिन 5697 अभ्यर्थियों ने बसों में मुफ्त सफर तय किया। यह सुविधा एडमिट कार्ड दिखाने पर ही मिली थी। जिनका किराया 08 लाख 717 रुपये बना था। वहीं दूसरे दिन 24 अगस्त को 3317 ने मुफ्त सफर किया। जिनका किराया 04 लाख 79 हजार रुपये का बना, जोकि अब शासन परिवहन निगम को व्यय करेगा। एआरएम पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 31 अगस्त तक पुलिस अभ्यर्थियों के लिए मुफ्त सेवा दी जाएगी। जिले में सभी बसें ऑन रुट है। ताकि अभ्यर्थियों को दिक्कत न होने पाए। पेपर छूटने के वक्त मुख्यालय से कई बसें के साथ लगाई जा रही है। सभी को आसानी से जगह मिल सके।


परीक्षा से पहले एडमिट कार्ड चेक करती पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


नौगवां चौराहा से दिल्ली को जाने वाली रोडवेज बस में बैठे अभ्यर्थी और अन्य सवारी।


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी

### 1911 अभ्यर्थियों ने दी पुलिस परीक्षा, निगरानी में जुटे रहे अफसर

पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन रविवार को भी अभ्यर्थियों की संख्या कम रही। हालांकि अभ्यर्थियों की तुलना उम्मीद से कठिन जीएस के प्रश्न आने से अभ्यर्थियों के होश उड़ गए। पहली पाली में 2496 अभ्यर्थियों में 960 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1536 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह दूसरी पाली में 951 उपस्थित रहे। जबकि 1545 अनुपस्थित रहे। शहर के राजकीय पॉलिटेक्निक, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज समेत सभी छह परीक्षा केंद्रों पर नौ बजे से अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। ठीक दस बजे पेपर शुरु कर दिया गया। इस दौरान परीक्षा कराने वाली संस्था के कर्मचारी भी कार्यरत रहे। ठीक 12 बजे पहली पाली की परीक्षा समाप्त हुई। दूसरी तरफ अभ्यर्थियों के परिजन और दूसरी पाली में परीक्षा देने के लिए आने वाले अभ्यर्थी जगह-जगह लेटे बैठे मिले। परीक्षा के बाद मिलीजुली प्रतिक्रिया के बीच अभ्यर्थियों ने पेपर थोड़ा कठिन बताया। अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा में जीके और रिजनिंग कठिन थी।

### ई-रिक्शा, ढाबा और होटल वालों का बढ़ा कारोबार

परीक्षा में शामिल होने कई प्रांतों के अभ्यर्थी शहर में डेरा जमाए हुए हैं। वह परीक्षा से एक दिन पहले ही शहर में पहुंचने लगे हैं। इस वजह से ई-रिक्शा, ढाबा और होटल संचालकों का कारोबार तेजी पकड़ने लगा है। रोडवेज या स्टेशन पर उतरने के बाद अभ्यर्थियों को ई-रिक्शा या टेंपो का सहारा लेना पड़ता है। वहीं ढाबे और होटल में भी भीड़ उमड़ रही है। जहां खाने के लिए लाइन लग रही है। इस वजह से ढाबे में बचने वाला खाना अब ढाबों में बच नहीं रहा है। ढाबा संचालक राजा ने बताया कि कुछ दिन पहले ही ड्रमंड कॉलेज के पास ढाबा खोला था। पुलिस का पेपर देने के लिए आने वाले बच्चों की वजह से कारोबार अच्छा हो रहा है। इधर, डग्गामार वाहन भी उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर मुनाफा कमा रहे हैं।


बस में चढ़ते अभ्यर्थी


पुरुष अभ्यर्थी की चेकिंग करता कर्मचारी।


परीक्षा केंद्रों के बाहर बैठे अभ्यर्थी।

## लकड़ी ठेकेदार समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पूरनपुर, अमृत विचारः बिना परमिट दो ठेकेदार ने आम के कई हरे भरे पेड़ काट डाले। सूचना पर पुलिस ने लकड़ी से भरी ट्राली कब्जे में ली थी। पुलिस ने 67 बोटे लकड़ी बरामद की है। मामले में ठेकेदार समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरैया कलां के सरोज पुत्र ओमकार के खेत आम के बर्षों पुराने पेड़ खड़े हुए थे। शनिवार को ठेकेदार नासिर पुत्र साजिद और अनीस पुत्र रहीश ने बिना अनुमति हरे भरे पेड़ों को काट दिया। दोनों ठेकेदार लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले जा रहे थे। पुलिस ने सूचना पर ट्राली को कब्जे में ले लिया था। इस दौरान पुलिस ने ठेकेदार को हिरसात में ले लिया। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने ठेकेदार नासिर और अनीस के अलावा खेत स्वामी सरोज के खिलाफ वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। वन विभाग की टीम ने भी कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी की। उपनिरीक्षक प्रताप सिंह धामा ने बताया कि वन विभाग से अनुमति लिए बगैर अवैध रुप से पेड़ काटे गए थे। पकड़ी गई ट्राली से आम की लकड़ी के 67 बोटे बरामद हुए हैं।

### अधिवक्ता पर किया हमला

बरखेड़ाः गांव इमलिया के अधिवक्ता रामबाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 अगस्त को स्प्रे मशीन पहुंचाने गांव गए थे। इस बीच भाई राजकुमार घर में घुस आया और जान से मारने की नियत से लाठी से वार कर दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### अटल बिहारी मिश्रा बने करेली नगराध्यक्ष



पीलीभीत : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आफरोज जिलानी ने बताया कि लंबे समय से व्यापारियों के हितों को लेकर काम कर रहे अटल बिहारी मिश्रा को करेली ( बिलसंडा ) का नगराध्यक्ष बनाया गया है। युवा विंग के ज़िला संगठन मंत्री अनुज खंडेलवाल को पदोन्नत करते हुए जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। जबकि सिमरन जीत सिंह को जिला संगठन मंत्री युवा विंग मनोनीत किया गया है। नवमनोनीत पदाधिकारियों के को जिलाध्यक्ष ने मनोनयन पत्र सौंपे। इस मौके पर जिला संरक्षक प्रकाश वीर सिंह, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, महामंत्री पंकज अग्रवाल,राजेश अग्रवाल,संजय पांडेय, रणवीर पाठक, राशिद अंसारी, अतुल जायसवाल, अनिल अरोरा, विक्रांत मिश्रा,विक्रम सिंह,सुनील वर्मा, रोहित सैनी,नन्द किशोर कश्यप,वीरेंद्र रस्तोगी, शैली शर्मा, ऋषभ सिंह, सुधीर पाल सिंह, शेर सिंह ,युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, सपना यादव, कंचन सक्सेना, शोभिनीय सिंह आदि ने बधाई दी।

### जब तक रकम वापस नहीं मिलती चलेगा आंदोलन



बिठौराकलां, : ग्राम रूपपुर कृपा में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने रविवार को बैठक की। जिसमेंडूबी रकम को वापस लेने के लिए कलेक्ट्रेट में एक सितंबर से अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन करना तय किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि अपनी डूबी रकम को वापस करने के लिए कई बार ज्ञापन देकर मांग की गई। लखनऊ दिल्ली भी गए। मगरकोई सुनवाई नहीं हो सकी। जिलाध्यक्ष द्रगपाल ने बताया कि एक सितंबर को पीलीभीत कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन की तैयारी पूरी है। जिला सचिव नंदकिशोर, जिला महामंत्री जसवीर सिंह,हीरालाल वर्मा, महेश त्रिवेदी, अमर सिंह, गणेश प्रसाद, मोहनलाल आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया लखपति दीदी का सम्मान



पीलीभीत : मरौरी ब्लॉक में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान लखपति सीआरपी और चिन्हित लखपति दीदीयों को ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वॉलेट रिचार्ज करवा चुकी विद्युत सखियों को निशुल्क थर्मल प्रिंटर वितरित किए गए।

### हर बूथ पर बनाए जाएं 51 प्रतिशत सदस्य



अमरिया, अमृत विचार : ब्लॉक सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान के माध्यम से लोगों को जोड़ने के टिप्स दिए गए। मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने कहा कि हमे गांव गांव पहुंचकर लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ना है। अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता दिलानी है। मुख्य अतिथि संजीव मोहन अग्रवाल ने कहा कि एक सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदस्यता ग्रहण कर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। संगठन पर्व के तहत सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला प्रत्येक मंडल स्तर पर होगी। प्रत्येक कार्यकर्ता 8800002024 पर मिस कॉल कर सदस्य बन सकेगा। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री महेंद्र गंगवार ने किया। बताया कि हर बूथ में 51 प्रतिशत सदस्य बनाना है। ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह , विकास वाल्मीकि ,सुधीर चौधरी, संजय गुप्ता, छेदालाल वर्मा, चेतराम वर्मा, धर्मवीर प्रजापति, धर्मेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

# अपने हक के लिए पेंशनरों ने उठाई आवाज

- राष्ट्रीय संघर्ष समिति की ओर से रोडवेज पर हुई विशाल सभा
- 31 अगस्त को होगा दिल्ली में धरना प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : राष्ट्रीय संघर्ष समिति की ओर से रविवार को रोडवेज परिसर में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। जहां रोडवेज के अलावा विभिन्न विभागों से रिटायर्ड हो चुके कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सभा को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष एके अरोड़ा ने पूर्व हुए आंदोलन और सभाओं के बारे में जानकारी दी। आरके शर्मा ने कहा कि पेंशनरों की बहुत कम पेंशन मिलने से परिवार का खर्च नहीं चल पा रहा है।

जिस विभाग के लिए 60 साल दिए। अब वह विभाग और सरकार रिटायर्ड होने के बाद उनके बारे में नहीं सोच रहा है। चीनी मिल के श्रमिक नेता नागेंद्र सिंह ने कहा कि पेंशन की बढ़ोत्तरी जब तक नहीं होती है तब तब यह आदोलन जारी रहेगा। संगठन मंत्री आरएस गुप्ता ने 31 अगस्त को दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

महेश अग्रवाल ने कहा कि इस मंहगाई में प्रति पेंशनरों का जमा औसत 20 लाख रुपये पर 1171 पेंशन प्राप्त हो रही है, जो उसका ब्याज भी नहीं है। न ही पेंशनरों के जमा पैसा पेंशनर और उसके परिवार के किसी सदस्य को नहीं मिल रहा है। सरकार ऐसी पॉलिसी बनाई है कि वह पैसा उनका ही हो जाएगा। चीनी मिल के राकेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार पेंशनरों की समस्याओं को प्रमुखता से हल करना चाहिए। सभा का संचालन चिरंजीव गौड़ और गंगा प्रसाद लोधी ने किया।

पेंशनरों को 7500 रुपये मासिक पेंशन, डीए मंहगाई भत्ता, पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा और ईपीएस के छूटे हुए कर्मचारियों को पांच हजार रुपये माह दिए जाए। इस मौके पर उमेश जौहरी, पंडित ओमकार नाथ,राम सिंह, केशव कुमार, राजीव पांडे, पीके शुक्ला, रवि शुक्ला, राजेश अवस्थी, राकेश मिश्रा, रियासत हुसैन, दीनानाथ गंगवार, एस एस राय, मेवाराम, वेदपाल, आदित्य शुक्ला, बृजमोहन सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, तोताराम, प्रदीप तिवारी, दिनेश मिश्र आदि मौजूद रहे।


रोडवेज पर हुई सभा में मौजूद पेंशनर। ● अमृत विचार

# गांव खिरकिया बरगदिया में ग्रामीणों ने फिर किया प्रदर्शन


गांव खिरकिया बरगदिया में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- मांगों को लेकर ग्रामीण मंगलवार से शुरू करेंगे पांच दिवसीय धरना

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचारः खिरकिया बरगदिया के ग्रामीण दूसरे गांव में बसाने और तटबंध बनाने आदि की मांग कर रहे हैं। मांगे पूरी न होने पर ग्रामीणें ने नारेबाजी करते हुए रविवार को प्रदर्शन किया। ऐलान किया गया कि मंगलवार से ग्रामीण पांच दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरु करेंगे।

तहसील क्षेत्र का गांव खिरकिया बरगदिया शारदा नदी किनारे बसा है। नदी तेजी के साथ कटान कर रही है। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। काफी समय से बाढ़ से बचाव के लिए नदी पर तटबंध बनाने, ग्रामीणों को ढक्का चांट गांव में बसाने और नदी में कटी जमीन का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग ग्रामीण कर रहे हैं। वह डीएम सहित बाढ़ खंड के अधिकरियों के समक्ष मांगे रखे चुके हैं। इसके बावजूद उनकी मांगे पूरी नहीं हो सकीं। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी हैं। रविवार को ग्रामीणों ने गांव में इस संबंध में बैठक की। इसमें मांगे पूरी न होने पर मंगलवार से पांच दिवसीय धरना प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान ग्रामीणों ने सर्व सहमति से किसान संघर्ष बचाओ समिति का भी गठन किया। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया। मांगे पूरी न होने पर समिति गांव में ही पांच दिवसीय धरना शुरू करेगी। प्रदर्शन करने वालों में विवेक सिंह चौहान, प्रधान पति लल्लन प्रसाद, हरिशंकर, रामसूरत, अलाउद्दीन, कुलबीर सिंह, हरदीप सिंह, शिवशंकर, भोलू आदि थे।

# सेहरामऊ स्टेशन का नाम बदलने की मांग

- ग्रामीणों ने स्टेशन पर प्रदर्शन कर विधायक को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचारः रविवार को पूरनपुर मैलानी रेल प्रखंड के सेहरामऊ रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने नारेबाजी की और मुख्यमंत्री व डीआरएम को संबोधित ज्ञापन विधायक बाबूराम पासवान को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि जोगराजपुर गांव में स्थित सेहरामऊ रेलवे स्टेशन इज्जतनगर मंडल में आता है। जबकि सेहरामऊ गांव रेलवे स्टेशन से छह किमी दूरी पर है। ऐसे में रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर जोगराजपुर किया जाए। कहा कि इस गांव में बैंक, डाकघर, इंटर कालेज, बड़ी बाजार और दूरभाष केंद्र भी है। जोगराजपुर में मौजूद स्टेशन सेहरामऊ के नाम से होने से लोग भ्रम रहता हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि करीब सात साल से ग्रामीण रेल मार्ग के माध्यम से जिला मुख्यालय से नहीं जुड़ सके हैं। ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन का नाम जोगराजपुर करने और पैसेंजर ट्रेनों के अलावा दो जाड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन करने की मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतवानी दी। इस मौके पर राजकुमार, मो. इलियास, अयूब खां, युसुफ खान, श्याम किशोर, दिनेश, प्रज्जवल, विकास गुप्ता, सुभाष मिश्रा, संजीव आदि मौजूद रहे।


विधायक बाबूराम पासवान को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## सियार ने ग्रामीण पर किया हमला

बीसलपुर, अमृत विचारः एक ग्रामीण पर सियार ने हमला कर दिया। इस घटनाक्रम का पता चलने परिजनों ने उसे आनन-फानन में गंभीर हालत में सीएचसी भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। डाक्टर ने हालत खतरे से बाहर बताई है। ग्राम भरकनिया के मुन्ना लाल शनिवार रात खाना खाने के बाद गांव के बाहर नदी किनारे स्थित अपने खेत पर गए थे। इस बीच सियार पहुंचा और हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों पर मौजूद ग्रामीण पहुंचे और बमुश्किल बचाया। परिवार वाले भी हमले की जानकारी मिलने पर आ गए। आनन-फानन में घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया।

### जनसेवा केंद्र संचालकों ने किया पौधरोपण

गजरौला, अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जन सेवा केन्द्र संचालकों ने रविवार को पौधरोपण किया। सीएससी पीलीभीत के जिला प्रबंधक संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों में सीएससी संचालकों की ओर से छायादार व फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद, जामुन, सागौन, पीपल, नीम, महोगनी के पौधे लगाए गए हैं। इसकी नियमित देखभाल की जाएगी। कुल 356 पौधे लगाने का दावा किया गया।

## दुकान पर सामान लेने गई युवती से छेड़छाड़ करने का आरोप

पूरनपुर, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम वह गांव में ही एक किराना की दुकान पर सामान लेने गई थी। आरोप है कि इस दौरान दुकान स्वामी पहले उससे बातचीत करता रहा। इसी दौरान अचानक से उसने छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। जब इसका उसने विरोध किया तो आरोपी ने अपने भाइयों को दुकाना पर बुला लिया और उसके साथ मारपीट की। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पिछड़ों और दलितों को आरक्षण प्राप्त होना बीपी मंडल की देन

- सपा कार्यालय पर मनाई गई बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंडल आयोग के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मंत्री पूर्व लोकसभा सदस्य बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल (बीपी मंडल) की जयंती मनाई गई। संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा आज पिछड़ों और दलितों का जो आरक्षण का लाभ मिल रहा है वह बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की देन है। उनका चिंतन सदैव पिछड़े वर्ग व दलितों के उत्थान का रहा। कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़े दलित और अल्पसंख्यकों के हिमायत में सदैव समर्पित रहे हैं। पीडीए की लड़ाई लड़ रहे हैं। ये भी कहा कि प्रदेश में सपा का सबसे बड़ा तीसरा राजनीतिक दल है। यह पीडीए और मंडल आयोग की ही देन है। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, बालकराम सागर, गयासुद्दीन, अमित पाठक एडवोकेट, विनोद कुमार वर्मा, नरेश कुमार, दिनेश वर्मा, लखविंदर गंगवार, अमरजीत सिंह, रितेश सिंह, गजोवनप्रीत सिंह, हरगोविंद वाजपेई, रामू आदि मौजूद रहे।



सपा कार्यालय पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती मनाते कार्यकर्ता।

### जनता की समस्या दूर कराने को नहीं हटेंगे पीछे



पीलीभीत : समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने रविवार को पूरनपुर में कई गांवों का दौरा किया। चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कहा कि सपा ने सभी जाति और धर्म के लोगों का सदैव सम्मान किया है। प्रत्येक गांव मे सपा सरकार में जाति एवं धर्म से उठकर कार्य कराए गए थे। बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में सपा को प्रदेश में बड़े पैमाने पर सीटें मिली। सपा सरकार की नीतियों से अवगत कराया गया। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए आंदोलन भी करना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर तौफीक खां, ठाकुरदास, बसंत भारती, आकाश, भुवनेश, जाशीद, बादल, सुरेश मिश्रा, सुनील सिंह, पलविन्दर, उस्मान शाह आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि भूमि गाटा संख्या-817 रकवा 0.184 हे. स्थित ग्राम कस्बा बदायूं बाहर चुंगी परगना व तहसील व जिला बदायूं के पहले काश्तकार रफात अली, शफात अली पुत्रगण-मसीत खां निवासीगण मो. कबूलपुरा शहर व जिला बदायूं थे जिन्होंने रजिस्टर्ड बैनामा से यह भूमि मेरे पिता अफसार हुसैन को दिनांक 06.05.1980 को बेच दी और मेरे पिता का काबिज करा दिया। बैनामा के बाद विक्रेता रफात अली व शफात अली के वारिसानों के नाम दर्ज है, रफात अली के वारिस उनके 5 पुत्र अजीम, असीम, नईम, नसीम खां, वसीम खां व विधवा पत्नी शाकरा बेगम हुए तथा शफात अली खां के वारिस उनके 3 पुत्र नदीम मियां, सलीम मियां, हसीफ मियां है। मेरे पिता का देहान्त हो गया था उनके वारिस दो पुत्र वह और उसके भाई आरिफ है। शपथकर्ता व उसके भाई ने बैनामा के आधार पर एक वाद रफात अली व शफात अली के वारिसान का नाम कटवाने व अपना व अपने भाई का नाम दर्ज कराने के लिए परगनाधिकारी बदायूं के न्यायालय में दायर किया था जो स्थानान्तरित होकर जिला राजस्व अधिकारी बदायूं के न्यायालय में आ गया था। मैंने जब नये वकील साहब नियुक्त किये तब पता चला कि दावा में कुछ कमी है। इसलिए पुनः दायरा की अनुमति सहित वापस ले लिया और धारा- 80 C.PC व 106 पंचायत राज एक्ट के नोटिस दे दिये है। रफात अली, शफात अली के वारिसान अपना नाम दर्ज होने का लाभ लेकर बेचना चाहते है। इसलिए सूचना दी जाती है कि इस भूमि का बैनामा दानपत्र या अन्य किसी तरह से हस्तान्तरण न करावे वरना उसकी पाबन्दी मेरे व मेरे भाई पर नहीं होगी।

**मोहम्मद उमर पुत्र अफसार हुसैन निवासी मोहल्ला हकीमगंज, शहर व जिला बदायूं**

# दोहरे हत्याकांड की मजिस्ट्रियल जांच पूरी

## डीएम को सौपी आख्या, 19 मार्च को दो भाइयों की हत्या के बाद मुठभेड़ में मारा गया था एक हत्यारोपी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुठभेड़ को लेकर बैठी थी मजिस्ट्रियल जांच, अधिकारियों ने सौंपी जांच आख्या

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में 19 मार्च को दो भाइयों की नृशंसतापूर्वक धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपी दो भाई मौके से भाग निकले थे। एक हत्यारोपी साजिद गांव मुजाहिदपुर होता हुआ शेखूपुर की जा रहा था। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी थी। एक गोली इंस्पेक्टर गौरव विश्नोई को लगी लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट होने की वजह से वह बच गए। पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाईं। हत्यारोपी साजिद की मौके पर ही मौत हो गई थी। मुठभेड़ को लेकर मजिस्ट्रियल जांच का आदेश दिया गया था। अधिकारियों ने चश्मदीदों के बयान दर्ज किए। जिन्होंने आरोपी के पुलिस पर गोली चलाने की बात कही। अधिकारियों ने मुठभेड़ को सही बताते हुए डीएम को जांच आख्या सौंप दी है।

मामला शहर की बाबा कॉलोनी का है। यहां रहने वाले ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान 19 मार्च को अपने घर पर थे। विनोद कुमार के घर के पास सड़क के पार हेयर कटिंग की दुकान चलाने वाले दो भाई थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू निवासी साजिद और जावेद उनके घर पहुंचे और छत पर ले जाकर धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों हत्यारोपी मौके से फरार हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घटना के दौरान घर के बाहर मौजूद लोगों ने बताया कि साजिद इस ओर पैदल भागा है। पुलिस हत्यारोपी साजिद का पीछा करने लगी। वहीं दोहरे हत्याकांड से गुस्साए लोगों ने दुकानों को आग के हवाले कर दिया। हंगामा और मंडी समिति चौराहे पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने लोगों को समझाया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। वहीं साजिद का पीछा कर रहे इंस्पेक्टर गौरव विश्नोई, नवादा चौकी इंचार्ज सुमित कुमार, उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह को हत्यारोपी साजिद गांव इकलहरी मुजाहिदपुर से कस्बा शेखूपुर मार्ग पर जाता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। सीने पर गोली लगी लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से वह बच गए लेकिन एक गोली उनके पैर में लगी। इंस्पेक्टर के घायल होने के बाद भी साजिद फायरिंग करता रहा। चौकी इंचार्ज और उपनिरीक्षक भी साजिद पर फायर करने लगे।

## पहले दी धमकी, फिर लगा दी कार में आग

आगरा। सिकंदरा थाना क्षेत्र की पुरानी आबादी में कुछ लोगों ने एक कार में आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। सिकंदरा के पुरानी आबादी निवासी राजेश जादौन ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उन्हें दो दिन पहले किसी ने फोन किया और बोला कि अब उसकी खैर नहीं है। इस मामले को उन्होंने हल्केपन से लिया। बीती रात किसी ने घर के बाहर खड़ी उनकी कार के आग लगा दी। वह जब तक बाहर आए जब तक युवक भाग निकले थे। सिकंदरा पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 7553/413सी0(ई0टेण्डर)–3/2024–25 दिनांक 17.08.2024

**ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर ई–निविदायें दिनांक 28.08.2024 से दिनांक 18.09.2024 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 18.09.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य व योजना का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | वित्तीय वर्ष 2024–25 में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद बरेली में आई0 वी0 आर0आई0 पुल से नैनीताल मार्ग पर फैन्सिंग एवं प्लाण्टेशन का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली | 400.00 | 22.00 | 6 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |
| 2- | जनपद बरेली में एम0जे0 पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के परिसर में मार्ग एवं फुटपाथ का निर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली | 228.80 | 13.44 | 6 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

**(नारायण सिंह)** अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली

**(प्रकाश चन्द्र)** अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

UP – 218653 दिनांक 22.08.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

## TENDER NOTICE

1. Sealed tenders are invited from the interested parties to carryout renovation of Bareilly **Club Restaurant and Palm House.**
2. The renovation will be carried out as per the plan approved by the Board of Directors.
3. The scope of work will involve civil works, change/upgradation/repair of the existing furniture, electricity works, painting and landscaping of the extension area.
4. The interested parties are requested to either approach the Hony Secretary for further details or raise their queries on e-mail 'bareillyclub.india.up@gmail.com'.
5. Tender Notice will be available at the office of the Bareilly Club wef 01 Sep 2024.

**Hony Secretary**
**Bareilly Club**

## प्रेमिका के धोखे से टूटा युवक, जान देने की कोशिश

**आगरा, अमृत विचार।** प्रेमिका के साथ जीने और मरने के वादे के बाद जब धोखा मिला तो युवक टूट गया। उसने जान देने की कोशिश की। धारदार हथियार से नसें काट लीं, अब उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार थाना हरीपर्वत की रिंग रोड पुलिस चौकी इंचार्ज विपिन कुमार को सूचना मिली कि लंगड़े की चौकी क्षेत्र में मस्ता की बगीची इलाके में रहने वाले सूरज पुत्र निरंजन सिंह ने अपने हाथ पैर और गर्दन पर किसी धारदार वस्तु से काट लिया है। सूचना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार अपने साथ सिपाही पवन यादव को लेकर मौके पर पहुँचे। युवक के घर पहुँचने पर पूरे घर में खून फैला हुआ था। सूरज के हाथ पैर और गर्दन से काफी खून बह रहा था। पुलिस और परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। उसने बताया उसे युवती ने धोखा दिया है। जिस वजह से वह काफी परेशान है

## पूर्वोत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** ई–निविदा संख्या: CPM-GS-IZN-2024-06, कार्य का नाम: उप मुख्य इंजीनियर /गतिशक्ति/इज्जतनगर के कार्यक्षेत्र में आर्किटेक्चरल मुराल कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 48,65,500/-, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 93,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 (छ:) माह। ♦बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि: 03-09-2024 ♦उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि: दिनांक 17-09-2024, 15:00 बजे तक। ♦उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 17-09-2024, 15:30 बजे। ♦निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-218

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एक करोड़ की मांग को लेकर घर से निकाला

आगरा, अमृत विचार : साधन संपन्न होने के बाद भी नवविवाहिता के घर दहेज का दानव घुस गया। एक करोड़ रूपये की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया। अब कमला नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कमला नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती की शादी लखनऊ में अर्पित गुप्ता से 15 नवंबर 2021 को हुई थी। शादी में करीब 40 लाख रूपये खर्च किए गए थे। लड़के की सरकारी नौकरी बताई गई थी। शादी के बाद पता लगा की वह संविदा कर्मचारी है। वह केजीएमयू में नौकरी करता है। शादी के बाद उससे एक करोड़ रूपये की मांग की गई। देवर ने उसके साथ मारपीट की और छेड़छाड़ की। उसके बाद उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दूसरे पक्ष को थाने बुलाया लेकिन वह नहीं आया तो कमला नगर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है।

## अचेतावस्था में मिली युवती

आगरा। डा. आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी कैंपस के पास आज शाम एक युवती बेहोश की अवस्था में मिली तो पुलिस में खलबली मच गई। उसके कपड़े भी अस्त–व्यस्त थे। उसके पास दो लैपटाप भी पड़े हुए थे। तमाशबीन उसकी वीडियो बना रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस उसे अस्पताल ले गई है। युवती को जब होश आया तो उसने बताया कि वह लखनऊ की रहने वाली है और उसे यह समझ नहीं आ रहा है कि यहां कैसे आ गई है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत शेखापुर विकास खंड भुता (बरेली)
### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शेखापुर में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस. एल. डब्ल्यू. एम, ओ. एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्ड वॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउंड्रीवॉल, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 30.08.2024 सायं 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 31.08.2024 दोपहर 1:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**अनिल सिंह (प्रधान)** **अजेय सिंह राघव (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरखेड़ा विकास खंड भुता (बरेली)
### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरखेड़ा में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस. एल. डब्ल्यू. एम, ओ. एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्ड वॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउंड्रीवॉल, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 30.08.2024 सायं 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 31.08.2024 दोपहर 2:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**ओम प्रकाश (प्रधान)** **अजेय सिंह राघव (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अठायन विकास खंड भुता (बरेली)
### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अठायन में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस. एल. डब्ल्यू. एम, ओ. एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्ड वॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउंड्रीवॉल, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 30.08.2024 सायं 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 31.08.2024 दोपहर 3:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**तेजस यादव (प्रधान)** **अजेय सिंह राघव (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अमृति विकास खंड भुता (बरेली)
### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमृति में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस. एल. डब्ल्यू. एम, ओ. एस. आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्ड वॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउंड्रीवॉल, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 30.08.2024 सायं 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 31.08.2024 सायं 4:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**अशोक कुमार सिंह (प्रधान)** **अजेय सिंह राघव (सचिव)**

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम–पंकज सिंह चौधरी–7081828333, सीएलएम–दीपक सिंह मो. नं. 9453220448, सीआरएम–दीपक कुमार–9839600666

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | **श्री सचिन वार्ष्णेय और श्री योगेश कुमार दोनों:** श्री नारायण गंज उझानी ग्रामीण बदायूँ उझानी, सेमीअर्बन, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 243639 **खाता नं. UP/BLY/BDAN/A000000018 & UP/BLY/BDAN/A000000043 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 35,43,771/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मोह नारायण गंज उझानी बदायूं, उझानी, नारायण गंज, सेमीअर्बन, बदायूं, उत्तर प्रदेश, भारत - 243639** चौहद्दीः दक्षिण में - आभा गोयल का घर/ संजय कुमार का प्लॉट, दक्षिण में - योगेश कुमार/संजीव कुमार का मकान, पूरब में - 27 फीट सड़क चौड़ी, पश्चिम में -विमर/कृष्ण अग्रवाल का मकान |
| 2 | **श्री इमरान सैफी,** 385 महाराज पुरम कॉलोनी आँवला बरेली, आँवला, महाराज पुरम कॉलोनी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 और **श्री रियाजुद्दीन जी,** 13 ख महाराज पुरम कॉलोनी पक्का कटरा आंवला बरेली, आंवला, महाराज पुरम कॉलोनी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 **खाता नं. UP/BLY/BDAN/A000000104 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 11,08,961/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **राम नगर रोड आंवला बरेली, आंवला, एस्सार पेट्रोल पंप के पास, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301** चौहद्दीः उत्तर में - मुलू का खेत दक्षिण में - सड़क 20 फीट चौड़ी, पूरब में - इमरान सैफी का प्लॉट, पश्चिम में - उमेश कुमार का प्लॉट |
| 3 | **श्री अभिषेक वार्ष्णेय और श्री कनक वार्ष्णेय दोनों:** भदावर गंज, उझानी, साई बिल्डिंग मटेरियल, ग्रामीण, बदायूँ, उत्तर प्रदेश, भारत - 243639 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000283& UP/LKN/BRLY/A000000410 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 33,824,54/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **भदावर गंज, उझानी, ग्रामीण, बदायूं, उत्तर प्रदेश, भारत - 243639** चौहद्दीः उत्तर में - मुकीरन की संपत्ति, दक्षिण में - 20 फीट चौड़ी सड़क, पूरब में - मुकीरन की संपत्ति, पश्चिम में - शुधांशु गुप्ता की संपत्ति |
| 4 | **श्री तरमीन खान और श्री सलीम सलीम दोनों:** मोहल्ला- मोहम्मदपुर, बहेरी, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000826 & CO/CPC/CPOF/A000002435 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 24,65,878/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मोहल्ला- शेखूपुर तहसील- बहेरी, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201,** चौहद्दीः उत्तर में - तौफीक अहमद का प्लॉट, दक्षिण में - सड़क, पूरब में - जमील अहमद का प्लॉट, पश्चिम में - निसार अहमद का प्लॉट |
| 5 | **श्री सुखप्रीत सिंह, श्रीमती कुलविंदर कौर और श्री मलकीत सिंह सभी:** सी-140, ओशी बैंक्वेट हॉल के पास, 100 फुटा रोड, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000954 & CO/CPC/CPOF/A000002319 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 43,34,299/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **सी- 140, ओशी बैंक्वेट हॉल के पास, 100 फुटा रोड, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122,** चौहद्दीः उत्तर में - मकान नं. 140 बी, दक्षिण में - 30 फीट चौड़ी सड़क, पूरब में - 30 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - मकान नं.- 140 डी |
| 6 | **श्री हरमनजीत कौर और श्री सुखप्रीत सिंह दोनों:** सी 140, 100 फूटा रोड, तुलाशेरपुर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122, ग्राम गुलरिया, एम बालकरनपुर भैरो कलां, पीलीभीत, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 262121 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001183 & CO/CPC/CPOF/A000001666 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 35,39,440/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **खेत नं. 185, 186, तुलाशेरपुर, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122** चौहद्दीः उत्तर में - नरेश कुमार का मकान, दक्षिण में - सुरेश कुमार का मकान, पूरब में - 25 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - गंगवा का मकान |
| 7 | **श्री धीरेंद्र सिंह और श्री शालू, दोनों:** ग्राम चोडेरा, चोंड्रा रामपुरा रतन, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243503 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001409 & CO/CPC/CPOF/A000002403 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 36,65,332/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **बिहारमान नगला, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001** चौहद्दीः उत्तर में - 20 फीट सड़क, दक्षिण में - सचिन कुमार का प्लाट, पूरब में - रोहित सक्सेना का मकान, पश्चिम में - संजय कुमार का मकान |
| 8 | **श्री तस्लीम राजा और मिस्टर आफरीन दोनों:** आनंद विहार कॉलोनी रामपुर रोड जागृति नगर बरेली, रामपुर रोड, जागृति नगर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243502 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001421 & CO/CPC/CPOF/A000002203 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 24,84,171/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मकान नं. 56ए का पार्ट रकबा 78.625 वर्ग मी. बाके सैदपुर हुकैन्स बरेली, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243502** चौहद्दीः उत्तर में - रसीद का मकान, दक्षिण में - वसीम का मकान पूरब में - गंगवार साहब का प्लॉट, पश्चिम में - 14 फीट चौड़ी सड़क |
| 9 | **श्री प्रेम सिंह और श्रीमती इंद्रावती देवी, दोनों:** गेट नंबर 2 आशुतोष सिटी बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243122 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001544 & CO/CPC/CPOF/A000002400 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-05-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 36,72,942/- दिनांक** 12.06.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **खसरा नं. 916, 917 पीर बहोड़ा बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001,** चौहद्दीः उत्तर में - सतीश का मकान, दक्षिण में - साजिद अली का मकान, पूरब में - सड़क 20 फीट चौड़ी सड़क |
| 10 | **श्री आदर्श मोहन बाजपेयी, श्रीमती कमलेश मोहन और श्रीमती शशि प्रभा,** सभीः वार्ड नं. 5 मो. डुवे, बिलासपुर सेमिअर्बन, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश भारत 262201 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001328 & CO/CPC/CPOF/A000002827 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 45,38,899/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मकान नं. - 294- बिलासपुर, बाजपेयी हवेली, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश 262201,** चौहद्दीः उत्तर में - आराजी खुर्द, दक्षिण में - आदर्श मोहन बाजपेयी का प्लाट, पूरब में - सड़क 20 फीट चौड़ी सीसी रोड, पश्चिम में - कैलाश का मकान |
| 11 | **श्री नीलेश वर्मा और श्रीमती शालिनी जी, दोनों:** 28 अंबिका विहार फेस 3 वीर सावरकर नगर, अर्बन बरेली उत्तर प्रदेश 243122, श्री हर्ष वर्मा, निवासः वार्ड नं. .5 मो. डुवे, बिलासपुर सेमीअर्बन, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश भारत 262201 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001456 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 20,08,032/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **अंबिका विहार फेज-3, खेत नं. 1058 पर आवासीय मकान, विहारमान नगला, वीर साबरकर नगर, एलेन किड्स पब्लिक स्कूल, बरेली, उत्तर प्रदेश- 243122,** चौहद्दीः उत्तर में - संजीव शर्मा का मकान, दक्षिण में - सड़क 12 फीट चौड़ी, पूरब में - नीलेश वर्मा का मकान, पश्चिम में - सड़क 15 फीट चौड़ी |
| 12 | **श्रीमती गीता माथुर और श्री हर प्रकाश माथुर दोनों:** आलोक नगर एयर फोर्स, गौतम क्लिनिक के पास, सेमीअर्बन, उत्तर प्रदेश 243122, 28 अंबिका विहार फेज 3 वीर सावरकर नगर, बरेली, उरबन, बरेली उत्तर प्रदेश 243122 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001325 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 17,60,342/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **वार्ड नं 30 आलोक नगर कंजय दास पुर, कंजयदास पुर, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001** चौहद्दीः उत्तर में - रास्ता 16 फिट, दक्षिण में - जीवन सिंह बिष्ट का मकान, पूरब में - नीलेश वर्मा का मकान, पश्चिम में - सड़क 15 फीट चौड़ी |
| 13 | **श्री आलोक प्रसाद विश्वकर्मा, सुश्री अनीता विश्वकर्मा एवं श्री पंकज प्रसाद विश्वकर्मा, सभीः** 33 नगरिया परीक्षित, इज्जत नगर सेमी अर्बन, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000570 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 14,10,383/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **खसरा नं. 308 मी 309 मी 310 मी 311 312 313 मी बाके शिकारपुर चौधरी बरेली 243001** चौहद्दीः उत्तर में - 6 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में - आराजी मार्ग, पूरब में - 6 मी. चौड़ा रास्ता, पश्चिम में - आराजी मार्ग |
| 14 | **श्री सत्य वीर सिंह, निवासः** मोह-मीर गंज जी.टी. रोड बरेली मीरगंज अर्धशहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243504 **श्री सर्वेश,** निवासः मोह- खानपुरा जी.टी. रोड बरेली मीरगंज अर्धशहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243504 और 33 नगरिया परीक्षित, इज्जत नगर अर्धशहरी, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000963 & UP/LKN/BRLY/A000001613 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 55,55,081/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मोह-गाटा संख्या- 571 बाके ग्राम नगरिया कल्याणपुर मीरगंज बरेली, अर्धनगरीय बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243504** चौहद्दीः उत्तर में - अराजी रेल मार्ग, दक्षिण में - नैटिनल हाईवे, पूरब में - खेत लक्ष्मी देवी और विजय पाल, पश्चिम में - अकबर अली का खेत |
| 15 | **श्री मोहम्मद कपिल खान और श्रीमती सबनम बी दोनों:** डॉ. आरिफ वाली गली, थिरिया निजावत, तहसील बरेली, अर्धशहरी, बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001804 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 49,326/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **खेत सं. 493 से 495 का हिस्सा, सैदपुर खजुरिया, बीओबी बरेली उत्तर प्रदेश 243003,** चौहद्दीः उत्तर में - जुनैद का प्लॉट, दक्षिण में - नसरीन बेगम का मकान, पूरब में - रास्ता 15 फीट चौड़ा, पश्चिम में - भूरे का प्लॉट |
| 16 | **श्री रिजावन, निवासीः** 87 चौधरी तालाब बरेली शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001 **श्रीमती नाजमीन, निवासीः** छावनी अशरफ खान, बड़ी मस्जिद के पास, शहरी ब्रेली उत्तर प्रदेश 243001 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001423 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 10,01,568/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **बांके मोजा सैदपुर साकिंस मिनजुमला नं-818 820 822, बरेली अर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243122,** चौहद्दीः उत्तर में - 12 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण में - अन्य का मकान, पूरब में - इस्लाम का प्लॉट, पश्चिम में - ताज का मकान |
| 17 | **श्री विपिन गुप्ता एवं सुश्री बेबी गुप्ता दोनों:** 482 बरेली कटरा चौनखान बरेली, बरेली शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243005 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001018 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 9,60,618/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मोहल्ला - कटरा चांद खां बरेली ब्रेली अर्बन बरेली उत्तर प्रदेश 243001** चौहद्दीः उत्तर में - अमित गुप्ता का मकान, दक्षिण में - मुकेश गुप्ता का मकान, पूरब में - विक्की गुप्ता का मकान, पश्चिम में - रास्ता 6 फीट चौड़ा |
| 18 | **श्री दिलीप कुमार मिश्रा और सुश्री नेहा पांडे,** दोनोंः वेनीपुर चौधरी और जिला-बरेली अर्ध शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000707 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 8,94,052/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मकान नं.-3, खसरा नं.-289, बाके जोकि बेनीपुर चौधरी, तहसील व जिला बरेली, मढ़ीनाथ माता मंदिर,** चौहद्दीः उत्तर में - अन्य का मकान, दक्षिण में - अन्य खाली प्लॉट, पूरब में - 14 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - अन्य आराजी |
| 19 | **श्री रमजान खान और श्री आलमीन दोनों:** मोह-थिरिया निजावत खान सदर कैंट मकान नं. 110 शब्द सं. 2 बरेली अर्ध शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243001 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000487 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 8,76,829/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मकान नं. - 512, खाता नं. - 110, वार्ड नं. - 2, ग्राम - ठिरिया निजावत खां परगना और तहसील बरेली 243123 में स्थित,** चौहद्दीः उत्तर में - लालुआ का मकान, दक्षिण में - रईस खान का मकान, पूरब में - 8 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - हाबिद का मकान |
| 20 | **श्री असलम मिया, सुश्री साना जी और श्रीमती फरमुदी जी,** सभीः 86 खैरुल्ला शाह पीलीभीत, पीलीभीत सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 262001 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001579 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 5,20,559/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मोह- खैरुल्ला शाह निकट लमम्बरा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262201** चौहद्दीः उत्तर में - भैया का मकान, दक्षिण में - रिजवान का मकान, पूरब में - 9 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - असलम का मकान |
| 21 | **श्री शिवम माहेश्वरी, निवासः** भवन 11 महाराजपुरम आंवला बरेली, आंवला, यूनियन बैंक के पास, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 **श्रीमती ममता माहेश्वरी** निवासः 333 पक्का कटरा बरेली, आंवला, यूनियन बैंक के पास, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243301 और 86 खैरुल्ला शाह पीलीभीत, सेमीअर्बन बरेली उत्तर प्रदेश भारत 262001 **खाता नं. UP/BLY/BDAN/A000000012 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **31-07-2024** **बकाया राशि ₹ 4,62,822/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **मोहल्ला - महाराजपुरम, अर्नोला बरेली यूनियन बैंक के पास अर्ध शहरी बरेली उत्तर प्रदेश भारत 243301,** चौहद्दीः उत्तर में - संजीव माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में - नाथू गुप्ता का प्लॉट, पूरब में - भगवान दास का मकान, पश्चिम मे - 10 फीट चौड़ी सड़क |
| 22 | **श्री जगदीश कुमार गंगवार और श्रीमती अमित लता दोनों:** 237, नगरिया सादात बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243504 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000904 & CO/CPC/CPCO/A000000148 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 18,34,681/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **ग्राम- नगरिया सादात परगना सिरौली, तहसील मीरगंज जिला-बरेली नगरिया सादात, स्वास्थ्य केंद्र नगरिया सादात,** चौहद्दीः उत्तर में - 20 फीट चौड़ी कच्ची सड़क, दक्षिण में - अन्य खाली प्लॉट, पूरब में - प्लॉट नं. - 23, पश्चिम में - 25 फीट चौड़ी टार रोड |
| 23 | **श्री अनिल कुमार और श्रीमती वार्षेने, दोनों:** वार्ड नंबर 6 वजीरगंज बदायूँ वजीरगंज सेमीअर्बन बदायूँ उत्तर प्रदेश भारत 202526 **खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000001103 & CO/CPC/CPCO/A000000171 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 05-07-2024** | मांग सूचना की तारीख **30-07-2024** **बकाया राशि ₹ 14,03,932/- दिनांक** 16.07.2024 **तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि** | **वार्ड नं. 2 मोह- गोपाल पुर, परगना सतासी थाना वजीर गंज तहसील बिसौली जिला- बदायूं, पुशगामा रोड/फैंसी कॉलोनी पोसाकी लाल इंटर कॉलेज बदायूं उत्तर प्रदेश 202526** चौहद्दीः उत्तर में - पोसाकी लाल इंटर कॉलेज की दीवार, दक्षिण में - श्री पाल का मकान, पूरब में - अन्य का मकान, पश्चिम में - 12 फीट चौड़ी सीसी रोड |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

**दिनांक : 24.08.2024, स्थान : बरेली** **प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

## इंस्पायर अवॉर्ड को सर्वाधिक नामांकन के साथ यूपी प्रथम

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय की तरफ से 2024-25 में इंस्पायर अवॉर्ड के लिए अब तक सर्वाधिक नामांकन करने में प्रदेश विद्यार्थी अव्वल रहे हैं। पहली जुलाई से प्रारंभ हुई नामांकन की प्रक्रिया 15 सितंबर तक चलेगी। देश के बच्चों को रचनात्मक बनाने के लिए इंस्पायर (इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च) अवॉर्ड-मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशंस एंड नॉलेज) दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक करना है। यह पुरस्कार 10 से 15 वर्ष और कक्षा 6 से 10 के छात्रों प्रदान किया जाएगा। एक स्कूल की तरफ से अधिकतम पांच नवाचार प्रस्तुत किए जाते हैं। 23 अगस्त तक के आंकड़ों के मुताबिक 40 हजार से अधिक नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। राजस्थान दूसरे स्थान पर हैं। यहां से अब तक 25 हजार नामांकन हुए हैं। 20 हजार से अधिक नामांकन के साथ कर्नाटक तीसरे स्थान पर है।

# जनस्वास्थ्य की नीतियां बनाने के लिए आधार बनेगा बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर

## एलोपैथिक डॉक्टरों की वास्तविक संख्या सामने आएगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) लॉन्च हो जाने के बाद केन्द्र और राज्य सरकारों को जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में नीतियां तय करने में सुगमता हो जा जाएगी। इस डेटा बेस से देश में एलोपैथिक डॉक्टरों की न केवल वास्तविक संख्या सामने आ जाएगी बल्कि यह भी तय हो जाएगा कि एक मरीज पर कितने डॉक्टर हैं और वे किस क्षेत्र के चिकित्सा विशेषज्ञ हैं। इतना ही नहीं, कोविड जैसी आपदा के समय सरकारों को चुनौतियों का प्रबंधन करने में भी आसानी होगी।



दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बीते दिनों बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) लॉन्च किया है। इसके बाद अब एमबीबीएस, एमडी, एमएस, सुपर विशेषज्ञों सहित आधुनिक चिकित्सा का अभ्यास करने वाले सभी डॉक्टरों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ खुद को फिर से पंजीकृत करना होगा। इस रजिस्टर (पोर्टल) को नेशनल मेडिकल कमिशन (एनमसी) और नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने मिलकर तैयार किया है। यह भारत में सभी एलोपैथिक (एमबीबीएस) पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक और महत्वपूर्ण डेटाबेस होगा।

इसका अहम उद्देश्य प्रधानमंत्री की मंशानुरुप हेल्थ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। नेशनल मेडिकल रजिस्टर एनएमसी एक्ट 2019 की धारा 31 के तहत जरूरी है। इस कवायद से देश में कुल डॉक्टरों की संख्या, देश छोड़ने वालों, प्रैक्टिस करने का लाइसेंस खोने वालों या जान गंवाने वाले डॉक्टरों की संख्या और समग्र तस्वीर सामने आएगी। इससे 13 लाख से अधिक डॉक्टरों के डेटा का सुनिश्चित होगा। एनएमआर को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हेल्थकेयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री का हिस्सा बनाया गया है, जिसमें मेडिकल प्रोफेशनल्स का पूरा विवरण होगा। इस संबंध में बरेली के चिकित्सक डॉ. अतुल अग्रवाल का कहना है कि अभी तक देश में डॉक्टर्स की वास्तविक संख्या ही नहीं पता है, इस पहल से वर्तमान में किस राज्य में कितने डाक्टर है साफ हो जाएगा।

### डॉक्टरों को मिलेगा यूनीक आईडी

पंजीकरण के बाद देश के सभी डॉक्टरों को यूनीक आईडी मिलेगी। दरअसल, वन नेशन वन रजिस्ट्रेशन की तर्ज पर नेशनल मेडिकल रजिस्टर को लागू किया गया है। इससे एमबीबीएस पास करते ही डॉक्टर का एनएमआर पर रजिस्ट्रेशन हो जाएगा और इससे अलग- अलग राज्यों में रजिस्ट्रेशन से लेकर किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना खत्म हो सकेगी। इसके बाद सरकार पैरामेडिक्स और अन्य स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के लिए भी इसी तरह का रजिस्टर शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ेगी।



यह एक अच्छी पहल है, इससे न केवल वास्तविक डॉक्टरों की संख्या स्पष्ट होगी बल्कि मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर किस क्षेत्र के कितने विशेषज्ञ हैं, का भी पता चल जाएगा। इससे डबल्यूएचओ के मानकों को पूरा करने की दिशा भी तय होगी।
– डॉ. सचिन वैश्य
पीएमएस अध्यक्ष उप्र.

## चार रोजगार मेलों में 30 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ, अमृत विचार :** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोजगार मेला प्रयोग का अगला पड़ाव 27 अगस्त से 2 सितंबर तक मैनपुरी, अलीगढ़, मीरजापुर और मुरादाबाद में होगा। इसमें 50 से अधिक निजी कंपनियां 30 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देगीं। एक-एक हजार नियुक्ति पत्र खुद मुख्यमंत्री से दिलाने की योजना है।

यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी। बताया कि रोजगार मेला के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। 27 अगस्त को मैनपुरी, 28 अगस्त को अलीगढ़, एक सितंबर को मीरजापुर और 2 सितंबर को मुरादाबाद में रोजगार मेला का आयोजन प्रस्तावित है। रोजगार मेला और नियुक्ति पत्र वितरण के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह सकते हैं।

# 21-22 बैच के आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केशव झा मुरादाबाद और देवेंद्र कुमार को बरेली भेजा गया

**अमृत विचार :** शासन ने वर्ष 2021-22 बैच के 18 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। इन सभी अधिकारियों की तैनाती क्षेत्राधिकारी अथवा सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर थी। जिलों में स्थानांतरण के बाद कई अधिकारियों को एएसपी के पद पर तैनाती मिल सकती है।

जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें आईपीएस केशव झा को सहायक पुलिस अधीक्षक अयोध्या से मुरादाबाद भेजा गया है। इसी क्रम में अनंत चंद्रशेखर को सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज से आजमगढ़, रालापल्ली वराग कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ से गोरखपुर, देवेंद्र कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त वाराणसी से बरेली भेजा गया है। इसके अलावा डॉ. मुकुर्त सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर से लखनऊ कमिश्नरेट, सुधांशु नायक सहायक पुलिस अधीक्षक सहारनपुर से कमिश्नरेट कानपुर, श्रवण रूनवॉल सहायक पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से कमिश्नरेट लखनऊ, डॉ. ईशान सोनी सहायक पुलिस अधीक्षक बरेली से कमिश्नरेट वाराणसी, राजकुमार मीणा सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से कमिश्नरेट प्रयागराज, सुमित सुधाकर सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से पुलिस कमिश्नरेट कानपुर, भोसले विनायक सहायक पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर से कमिश्नरेट आगरा, अंकित जैन सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी से मेरठ, मनोज कुमार यादव सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर से सहारनपुर, निजुल सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से बुलन्दशहर, ट्विंकल जैन सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा से कमिश्नरेट नोएडा, लिपि नागवच सहायक पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ से कमिश्नरेट ग़ाज़ियाबाद, आलोक कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से झांसी, मयंक पाठक सहायक पुलिस अधीक्षक आगरा से अलीगढ़ भेजे गए हैं।

## मायावती पर टिप्पणी करने वाले पर चंद्रशेखर आजाद हुए हमलावर

# विधायक को जूतों से पीटना चाहिये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** मथुरा की मांट सीट से भाजपा विधायक राजेश चौधरी द्वारा मायावती पर टिप्पणी करने का विवाद गहराता जा रहा है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भीम आर्मी प्रमुख व नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को यहां कहा कि मायावती पर टिप्पणी करने वाले विधायक को जूतों से पीटना चाहिये। भाजपा के कुछ नेताओं के दिमाग खराब हो गये हैं। वह हैसियत से ज्यादा बोलने लगे हैं। कभी-कभी वह अपने नेताओं को खुश करने के चक्कर में यह भी भूल जाते हैं कि इसके परिणाम क्या-क्या हो सकते हैं।

गौशाला स्थित एमवीआर ग्रांड होटल से निकलने के बाद सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बहन जी (मायावती) हमारी नेता हैं, आदर्श हैं। उनके सम्मान में यदि कोई गलत शब्द कहेगा तो फिर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के लोग उससे हिसाब-किताब लेंगे। मैं उनको सावधान करना चाहता हूं। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आज मंडल कमीशन के अध्यक्ष बीपी मंडल के साथ ही राम स्वरूप वर्मा की जयंती है। इस जयंती पर बांदा में सामाजिक न्याय सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हालात खराब चल रहे हैं, अखबार में महिलाओं के साथ हत्या, रेप, चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार की खबरें आती हैं। यह उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था और जो गरीबों, कमजोरों, किसानों के दमन की राजनीति चल रही है यह उसका सच है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा का उप चुनाव हमारे लिये कोई चुनौती नहीं है। असपा-भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी कोशिश कर रहे हैं। जनता हमारे साथ है। पार्टी अपनी तैयारी कर रही है।

### हमने फैसला पढ़ा है इसलिये कर रहे विरोध

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि हम आरक्षण में वर्गीकरण के खिलाफ इसलिये प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि हमने सुप्रीम कोर्ट का फैसला पढ़ा है। हम चाहते हैं कि हम भाइयों की एकजुटता बनी रहे। इसीलिये हमने प्रयास किया है कि बहुत जल्द हम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सभी जातियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता करेंगे।



## देश भर के बिजली अभियंताओं को दिया जाए पुरानी पेंशन का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर इंजीनियर फेडरेशन ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

**अमृत विचार:** देश भर के बिजली अभियंताओं व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। इस सिलसिले में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा। फेडरेशन ने पत्र की प्रतिलिपि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजा है।

फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे व सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव ने सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवन यापन देने की प्रधानमंत्री की पहल का स्वागत करते हुए अनुरोध किया है कि इस मामले में सबसे दयनीय अवस्था में चल रहे देश भर के ऊर्जा क्षेत्र के कर्मियों के लिए भी पुरानी पेंशन की व्यवस्था लागू की जाए। दोनों नेताओं ने साझा बयान में कहा कि एकीकृत पेंशन स्कीम पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प नहीं है। इसमें काफी विसंगतियां हैं। ऊर्जा क्षेत्र के कर्मियों की स्थिति सबसे दयनीय है। उन्होंने बताया कि राज्य बिजली बोर्ड के विघटन के बाद भर्ती होने वाले कर्मचारियों को पावर सेक्टर में पेंशन से महरूम कर दिया गया है।

**ऊर्जा निगमों में निदेशकों के पद पर लागू किया जाए आरक्षण :** पावर आफीसर्स एसोसिएशन ने ऊर्जा निगमों में खाली चल रहे निदेशकों के पद पर आरक्षण लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन इस सिलसिले में जारी विज्ञापन को निरस्त कर नए सिरे से विज्ञापन जारी करे।

# सपा-कांग्रेस से अब गठबंधन नहीं: माया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश की हमदर्दी के बाद शुरू हुई अटकलों पर लगा विराम

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा व कांग्रेस से अब कभी गठबंधन नहीं होगा। बसपा प्रमुख के इस बयान से भाजपा विधायक के उन पर टिप्पणी किए जाने व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की हमदर्दी के बाद गठबंधन को लेकर शुरू हुई अटकलों पर विराम लग गया है।



बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए सवाल उठाते हुए कहा कि कि क्या आरक्षण विरोधी इन दलों के साथ अब किसी भी चुनाव में गठबंधन करना एससी, एसटी व ओबीसी के हित में होगा। यह कतई नहीं होगा। ऐसे में इन वर्गों को खुद अपने दम पर खड़े होना है, यही सलाह है। प्रयागराज में बीते दिन कांग्रेस के संविधान सम्मान समारोह पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के अनुयायी इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे, जिसने संविधान के मुख्य निर्माता बाबा साहब को जीते जी व देहांत के बाद भी भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया। इसी तरह, डॉ आंबेडकर के मूवमेंट को गति देने वाले कांशीराम का देहांत होने पर केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने राष्ट्रीय शोक व प्रदेश में सत्तारूढ़ सपा सरकार ने राजकीय शोक घोषित नहीं किया। इनकी ऐसी सोच, चाल व चरित्र से जरूर सजग रहें। उन्होंने सवाल उठाते हुए कि भाजपा से पहले केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस ने अभी तक जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई, जबकि बसपा हमेशा जातिगत जनगणना की पक्षधर रही है। अन्य भी कई ऐसे मुद्दे हैं जहां पिछड़ों को लेकर कांग्रेस व अन्य को अपनी स्थिति साफ करनी चाहिए।

# राष्ट्र की कीमत पर राजनीति बिल्कुल नहीं: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, मथुरा

- मुख्यमंत्री ने मथुरा में 1037 करोड़ की 178 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र की कीमत पर राजनीति बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री रविवार को मथुरा में ब्रज के विकास के लिए कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर 1037 करोड़ की 178 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जो लोग दुनिया के अंदर हर मुद्दों पर मुखर होते हैं, उनके सबके मुंह बांग्लादेश की घटना पर बंद हैं। उन्हें वोट बैंक खिसकने का भय है। पैरों के नीचे की जमीन की चिंता है। इन लोगों को फिलीस्तीन दिखता है, लेकिन बांग्लादेश नहीं, क्योंकि वहां मंदिर तोड़े जा रहे हैं और हिंदुओं को मारा जा रहा है। संतों पर अत्याचार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें वर्तमान की चुनौतियों को समझना पड़ेगा। जो चुनौती सनातन धर्म के सामने है, वही भारत की चुनौती है। जो भारत की चुनौती है, वही सनातन धर्म की है। दोनों एक-दूसरे से खुद को अलग नहीं कर सकते। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि संतों को समाज को एकजुट करने के लिए एक साथ जुटना होगा। अगर हमने भूल की, समाज फिर से बंटा और जो साजिशें हो रही हैं, वह सफल हुईं तो हालात खराब होंगे। बांग्लादेश के अंदर हिंदुओं पर यातनाएं हो रही हैं। मठ-मंदिर तोड़े जा रहे हैं। शास्त्र, दर्शन, साधना पद्धति तभी सुरक्षित हो पाएगी, जब सनातन धर्म, देश व हिंदू समाज सुरक्षित होगा। हमें एक-एक को जोड़ना पड़ेगा और उन विभाजनकारी ताकतों को बेनकाब करना होगा, जो अपना उल्लू सीधा करने के लिए वादों के आधार पर समाज को बांटना चाहती हैं।

**सीएम ने की हेमा मालिनी की प्रशंसा:** मुख्यमंत्री ने सांसद हेमा मालिनी को तीसरी बार जिताने के लिए ब्रजवासियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने हेमा मालिनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके भीतर कला व विकास के प्रति समर्पण का भाव है। जब हेमामालिनी पहली बार सांसद बनी तो संसद में पहला मुद्दा उठाते हुए कहा था कि क्या यमुना मैया को शुद्ध होने का अधिकार नहीं है। विकास की योजनाओं को लेकर वह हमेशा सक्रिय रहती हैं।



मीरा ग्रंथ का विमोचन करते मुख्यमंत्री। साथ में सांसद हेमा मालिनी व अन्य अतिथि।

### अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी के भजन एल्बम का किया विमोचन

मुख्यमंत्री ने फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी के भजन एल्बम व उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के जरिए संकलित मीरा ग्रंथ का विमोचन भी किया। सीएम ने बटन दबाकर बरसाना के राधा रानी मंदिर के रोप-वे, यमुना में पीपीपी मोड पर क्रूज, पांचजन्य प्रेक्षागृह की शुरुआत की।

## फेल हुआ पैसेंजर ट्रेन का इंजन, परीक्षार्थियों ने किया हंगामा

**महोबा, अमृत विचार :** वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन (झांसी) से प्रयागराज जा रही पैसेंजर ट्रेन का रविवार को बेलाताल रेलवे स्टेशन पर इंजन फेल हो गया। ट्रेन में बड़ी संख्या में यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा के परीक्षार्थी सवार थे, उन्होंने स्टेशन पर हंगामा कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही महोबा प्रशासन द्वारा प्राइवेट बस व अन्य वाहनों का इंतजाम कर परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक समय से पहुंचाया गया। इसके बाद रेल प्रशासन ने 2 घंटे बाद दूसरा इंजन भेजकर ट्रेन को गन्तव्य स्थान के लिए रवाना किया गया। झांसी प्रयागराज पैसेंजर 11801 रविवार को अपने निर्धारित समय 7:40 के स्थान पर 8:17 पर वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन से चली। ट्रेन में सिपाही भर्ती परीक्षा देने वाले ज्यादातर परीक्षार्थी बैठे हुए थे।


## वर्ग पहेली-172

**बाएं से दाएं**

3. उतरन।
4. 1. किसी कार्य या व्यवहार पर लज्जित होने का भाव या अवस्था, शर्मिंदगी 2. किसी बात पर आंखें नीची करना, लजाना।
5. 1. तंबाकू, सिगरेट आदि के धुएं का घूंट, दम, फूंक, खींच 2. खींचने की क्रिया या भाव।
6. युवती, औरत, स्त्री।
8. 1. थूक 2. पीब, मवाद 3. (चिकित्साविज्ञान) शरीर की श्वेत कोशिकाओं वाला रंगहीन द्रव जो शरीर को संक्रमण से बचाता है, (लिंफ़)।
9. 1. शीशा, कांच 2. काला नमक 3. आंख की एक बीमारी 4. मोम।

**ऊपर से नीचे**

1. आराम करने के लिए लंबी कुरसी जिसपर अधलेटे झपकी भी ली जा सकती है।
2. 1. किसी कार्य को भविष्य में करने के लिए स्थगित या मुलतवी करना 2. किसी अवांछित व्यक्ति या कार्य से पीछा छुड़ाना, टरकाना 3. किसी युक्ति द्वारा भावी समस्या या संकट से बचना 4. किसी अधिकारी आदि के आदेश को अनसुना करना, उल्लंघन करना, (अनुरोध) न मानना।
3. 1. सत्कर्म के लिए प्रेरित करने वाले वचन, नेक सलाह, सीख 2. विद्वानों द्वारा धर्म तथा नीति संबंधी बताई गई अच्छी-अच्छी बातें 3. आज्ञा, निर्देश 4. दीक्षा, गुरु मंत्र।
5. सफ़ेद खड़िया, एक प्रकार का चूना पत्थर जो लिखने और सफ़ेदी के काम आता है, खड़िका।




### वर्ग पहेली -171 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | ■ | 2 उ | ■ | 3 अ | ■ |
| दी | ■ | पो | ■ | 4 कु | आँ |
| ■ | ■ | स | ■ | ला | ■ |
| 5 थ | 6 प | थ | पा | ना | ■ |
| ■ | रि | ■ | ■ | ■ | 7 खा |
| ■ | 8 वा | यु | र | हि | त |
| ■ | द | ■ | ■ | ■ | मा |

## सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 6 | | | 8 | |
| | 7 | 1 | 9 | | | 6 | | 2 |
| | 5 | | 2 | | 3 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | | | 6 | |
| 9 | | | | | | | | 4 |
| | 6 | | | | 5 | 7 | | |
| | 3 | | 5 | | 1 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | | 9 | 2 | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | | 3 |

### सुडोकू -84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 |
| 4 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 7 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 27 अगस्त 02.19 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े सतर्क रहें। उधार दिए हुए धन की चिंता हो सकती है। भोजन में स्वाद को लेकर कुछ नाराज हो सकते हैं। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विचार-विमर्श कर सकते हैं।

**वृष** – आज कानूनी अड़चनें दूर हो सकती हैं। कार्यों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। व्यक्तिगत रिश्तों को मजबूत करेंगे। जॉब में आपको अपेक्षित लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनस्तर को अच्छा करने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन** – आज लोग आपकी भावनाओं का मजाक उड़ा सकते हैं। अचानक ही बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। कार्यस्थल में परेशानी हो सकती है। मनोनुकूल परिणाम न मिलने से मन उदास रहेगा।

**कर्क** – आज अविवाहित लोगों का रिश्ता तय हो सकता है। पुरानी गलती से सीखकर आगे बढ़ना उचित होगा। कोई बड़ी संपत्ति की डील फाइनल हो सकती है। नए व्यवसाय को शुरू करने में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**सिंह** – आज विरोधियों पर आप भारी पड़ने वाले हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार की वजह से आपको लाभ मिलेगा। घर और ऑफिस में मरम्मत संबंधी काम करवा सकते हैं। किसी दूसरे व्यवसाय में आप निवेश करेंगे। कार्यक्षेत्र में स्थायित्व की स्थिति रहेगी।

**कन्या** – आज अपरिचित लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें। जॉब में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। आपकी मानसिकता नकारात्मक हो सकती है। नसों में खिंचाव और दर्द जैसी समस्या को अनदेखा न करें।

**तुला** – आज कुछ आवश्यक कार्य बाधित हो सकते हैं। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। फोन के माध्यम से कोई तनाव भरी सूचना मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज मांगलिक आयोजन में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में काफी ध्यान देना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन को पूरा समय नहीं दे पाएंगे। किसी मित्र की मध्यस्थता से विवाद निपट जाएंगे।


**धनु** – आज समय का पर्याप्त सदुपयोग करेंगे। कार्य के साथ आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए। शेयर बाजार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिजनों के साथ हास्य-विनोद में समय बिताएंगे।

**मकर** – आज आपको बहुत सारा काम एकसाथ करना पड़ेगा। मशीनरी से जुड़े व्यवसाय में परेशानी होगी। कोई बुरी सूचना मिल सकती है। लोग आपकी उपलब्धियों को कम आंक सकते हैं। मित्रों की सहायता से उलझे हुए काम सुलझ जायेंगे। समय को व्यर्थ बर्बाद न करें।

**कुंभ** – आज आपकी प्रतिष्ठा को हानि पहुंच सकती है। जीवनसाथी से गुस्से और तनाव के लहजे में बातचीत न करें। व्यवसाय की गुणवत्ता पर ध्यान दें। अपने आपको सही सिद्ध करने की कोशिश न करें। समय तेजी से आगे बढ़ने का है।

**मीन** – आज कारोबार में अस्थिरता की स्थिति समाप्त होगी। अपने कार्य को उत्साहपूर्वक करें। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। आपके संपर्क का दायरा बढ़ेगा। वरिष्ठ लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 15.55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हैसियत — सुबह : 11.07
- हैप्पी हार्डी एंड हीर — शाम : 06.50

&pictures
- कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 10.57
- लव शुदा — रात : 08.00

SONY PIX
- एज ऑफ टूमारो — सुबह : 11.09
- द डार्क नाईट राइसेस — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- वलाटी — सुबह : 10.20
- स्कंदा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- उगराम — दोपहर : 01.00
- हनु-मान — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चोर- हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से- बस इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक- कैसे ?
पप्पू- हैंड पंप से



# तन्वी ने एशियाई अंडर-15 का खिताब जीता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी तन्वी पत्री ने चीन के चेंग्दू में रविवार को खेले गए फाइनल में वियतनाम की थि थू हुयेन गुयेन को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में लड़कियों का एकल खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त 13 वर्षीय तन्वी ने 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 22-20, 21-11 से जीत हासिल की।

तन्वी इस जीत से सामिया इमाद फारूकी और तस्नीम मीर की सूची में शामिल हो गईं, जिन्होंने क्रमशः 2017 और 2019 में अंडर-15 लड़कियों का एकल खिताब जीता था। तन्वी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने जो पांच मैच खेले उनमें एक भी गेम नहीं हारा। फाइनल के पहले गेम में तन्वी एक समय 11-17 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद वियतनाम की खिलाड़ी ने कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर भारतीय खिलाड़ी पहला गेम अपने नाम पर करने में सफल रही। इस तरह से भारत ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। ज्ञान दत्तू टीटी ने शनिवार को अंडर-17 वर्ग में लड़कों की एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में तन्वी पत्री की खिताबी जीत और अंडर-17 पुरुष एकल वर्ग में ज्ञान दत्तू के कांस्य पदक ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत के पास मजबूत प्रतिभा पूल है। हमारा मजबूत और बेहद प्रतिस्पर्धी घरेलू सर्किट हमारे शीर्ष खिलाड़ियों को ऐसी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### सिंधू जैसी प्रतिभाशाली है तन्वी : विमल

**नई दिल्ली।** ओडिशा की रहने वाली तेरह वर्षीय तन्वी पत्री ने कहा खिताब जीतने के बाद मैं अच्छा महसूस कर रही हूं। मुझे जीत की उम्मीद थी और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा करने में सफल रही। मैं पिछले दो वर्षों से बेंगलुरु में प्रकाश पदुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में प्रशिक्षण ले रही हूं। उनके माता-पिता, रबीनारायण पत्री और शैलबाला पांडा, सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वे पहले चीन में काम करते थे जहां तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। कोविड महामारी के कारण यह परिवार 2020 में भारत लौट आया था। पीपीबीए के निदेशक विमल कुमार तन्वी में बहुत संभावनाएं देखते हैं, यहां तक कि उनकी तुलना भारत की सबसे प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक पी वी सिंधू के शुरुआती दिनों से भी की जाती है। विमल ने कहा वह लगभग आठ या नौ साल की थी जब वह भारत आई और 2022 में अकादमी से जुड़ी। वह मुझे सिंधू की याद दिलाती है जब वह जूनियर वर्ग में खेला करती थी। कम उम्र में मैच जीतने की क्षमता अच्छा संकेत है।

# फिटनेस के पैमाने पर लक्ष्य की परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के सर्किट पर आगामी टूर्नामेंटों के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने के लक्ष्य के साथ भारत के लक्ष्य सेन रविवार को अपने शरीर के विस्तृत आकलन के लिए ऑस्ट्रिया रवाना हुए। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद चौथे स्थान पर रहे अल्मोड़ा के 22 वर्षीय लक्ष्य के साल्जबर्ग में रेड बुल एथलीट परफोर्मेंस सेंटर में कई परीक्षण की मदद से विस्तृत आकलन होगा जिससे कि उनकी फिटनेस और खेल को बेहतर किया जा सके।

विमल ने पीटीआई से कहा लक्ष्य शारीरिक आकलन के लिए ऑस्ट्रिया जा रहा है। वहां एक अच्छा खेल संस्थान है जहां वह कुछ शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहता है। वह आज रवाना हो गया और एक हफ्ते में लौट आएगा। लक्ष्य के साथ उनके ट्रेनर गौरव और उत्तराखंड के 15 वर्षीय जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी निश्चल चंद भी गए हैं जो उन्हें सप्ताह भर खेल से जुड़ी जानकारी रखने में मदद करते हैं। विमल ने कहा परीक्षणों में मुख्य रूप से विशिष्ट स्ट्रैंथ से जुड़े पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा। कई शीर्ष खिलाड़ियों ने वहां जाकर परीक्षण कराया है। हमने उसकी चोटों को लेकर डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के साथ भी सलाह मशविरा किया है।



- शारीरिक आकलन के लिए लक्ष्य ऑस्ट्रिया रवाना

लक्ष्य के इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 और चीन ओपन सुपर 1000 में खेलने की संभावना है। विमल का मानना है कि लक्ष्य को अपनी संपूर्ण फिटनेस पर काम करते रहना चाहिए, खास तौर पर इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वह किस तरह का खेल खेलता है। उसे निश्चित रूप से फिटनेस के पहलुओं पर बेहतर होने की जरूरत है, खास तौर पर गति, मजबूती और अन्य चीजों पर उसे काम करने की जरूरत है।

### यूपी टी-20 लीग के उद्घाटन में लगे चार चांद

**लखनऊ।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, रैपर बादशाह और अभिनेत्री कृति सैनन की दमदार प्रस्तुतियों के बीच अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का धमाकेदार आगाज हुआ। आयुष्मान की दमदार डांस परफार्मेंस के बाद लाल ड्रेस में उतरे रैपर बादशाह का जलवा देखते ही बना। वे जैसे ही 'तैनू काला काला चश्मा जचा है...' गाते हुए मैदान पर उतरे वैसे ही स्टेडियम में बैठे दर्शक झूमने लगे। साथ ही डीजे वाले बाबू मेरा गाना बजादे ने माहौल को रंगीन कर दिया। इसके बाद अभिनेत्रा कृति सैनन ने बीड़ी जलइले... जिगर से पिया पर जो ठुमके लगाए तो पूरा वातावरण शोर से गूंज उठा। साथ ही अपार शक्ति खुराना के संचालन ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। लीग का उद्घाटन बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया। इस मौके पर लीग के ब्रांड अंबेसडर और पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, यूपीसीए के अध्यक्ष निधिपति सिंहानिया, यूपी टी-20 लीग के चेयरमैन डीएस चौहान, इकाना स्पोर्ट्स सिटी के एमडी उदय सिन्हा समेत कई हस्तियां मौजूद थीं। सभी ने यूपी टी20 लीग की ट्रॉफी का अनावरण किया। मौके पर लीग का हिस्सा बनने वाली सभी छह टीमों के कप्तानों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

### यूपी के चंदन और रवीना ने जीती मुंबई हाफ मैराथन

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के बडोही जिले के कॉलेज छात्र चंदन यादव और महाराष्ट्र के नासिक की रहने वाली रवीना गायकवाड़ ने रविवार को आठवें एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस मुंबई हाफ मैराथन 2024 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। इससे पहले कई बार पोडियम पर पहुंचने वाले 21 वर्ष के चंदन ने फिनिश लाइन से आधा किलोमीटर पहले अपनी गति बढ़ाई तथा एक घंटा 11.01 मिनट का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। नीतीश कुमार एक घंटा 11.54 मिनट के साथ दूसरे जबकि पीयूष मसाने एक घंटा 13.20 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 19 वर्षीय रवीना ने 21 किलोमीटर की दौड़ में अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए एक घंटा 27.43 मिनट का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। दिग्गज क्रिकेटर और प्रायोजक के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।



प्रतिभागियों से बातचीत करते दिग्गज क्रिकेटर और प्रायोजक के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर ● एजेंसी

# 84 खिलाड़ियों के साथ होंगे 95 अधिकारी

## पेरिस पैरालंपिक : 179 भारतीय सदस्य होंगे शामिल, 77 टीम अधिकारी भी मौजूद, 28 से शुरू होगा पदकों का सफर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की 84 सदस्यीय टीम 28 अगस्त से शुरू हो रहे पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेगी जिसमें उनके साथ 95 अधिकारी भी जाएंगे। इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल हैं। इस तरह भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं। इन 95 अधिकारियों में से 77 टीम अधिकारी, नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी शामिल हैं।

भारत पेरिस पैरालंपिक (28 अगस्त से आठ सितंबर) में 84 खिलाड़ियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है जो 12 खेलों में हिस्सा लेंगे। 2021 में हुए तोक्यो पैरालंपिक में भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलो में हिस्सा लिया था। मंत्रालय ने दल को स्वीकृति देते हुए कहा कुछ पैरा खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दल में निजी कोच को शामिल किया गया है। हालांकि वे मिशन प्रमुख/टीम के मुख्य कोच के निर्देशों के अनुसार अन्य खिलाड़ियों को भी आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे। मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन के लिए एक टीम मैनेजर को छोड़कर पूरे दल (खिलाड़ियों, दल के अधिकारियों, कोच) की भागीदारी का खर्च सरकार उठाएगी। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें निजी कोच मिलेंगे। ये दोनों तोक्यो पैरालंपिक में अपना स्वर्ण पदक बचाने की कोशिश करेंगे।

पैरा एथलेटिक्स टीम 38 प्रतिभागियों के साथ भारत की सबसे बड़ी टीम है। इसमें सबसे अधिक संख्या में निजी कोच और सहायक कर्मी भी शामिल हैं। मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन टीम के मैनेजर को छोड़कर दल के सभी सदस्यों को खेलों के दौरान ठहरने की आवश्यक और वास्तविक अवधि के अनुसार 50 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन का भत्ता मिलेगा जिसमें अनुकूलन और प्रशिक्षण अवधि के अलावा दो दिन की आने-जाने की यात्रा का समय भी शामिल होगा। कुछ अधिकारी खेल गांव के बाहर रहेंगे।

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया और मिशन प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान सहित एक बड़ा जत्था रविवार को पेरिस के लिए रवाना हुआ। झझारिया ने शनिवार को बताया कि वह सभी खिलाड़ियों का ध्यान रखने के लिए खेल गांव के बाहर रहेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी पेरिस के बाहर प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 19 पदक (पांच स्वर्ण, आठ रजत, छह कांस्य) जीते थे जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### चीयर4भारत का नारा बढ़ाएगा हौसला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि देशवासियों को पैरालंपिक एथलीटों की हौसला-अफजाई करने के लिए चीयर4भारत का नारा लगाना चाहिए। खेल मंत्री मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पेरिस पैरालंपिक शुरू होने वाला है और हमारे 84 एथलीट इसमें हिस्सा ले रहे हैं, मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि सभी देशवासी चीयर4भारत का नारा लगाएं और हमारे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं।



नई दिल्ली हवाई अड्डे से पेरिस के लिए रवाना हुए भारतीय पैरालंपिक दल के सदस्य। ● एजेंसी

### पैरालंपिक के लिए सबसे बड़ा दल हुआ रवाना

**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक 2024 के लिए रविवार को भारतीय एथलीटों का अब तक का सबसे बड़ा दल दिल्ली से फ्रांस के लिए रवाना हो गया है। 28 अगस्त से आठ सितंबर तक चलने वाले पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल बैडमिंटन, एथलेटिक्स, साइकिलिंग और अन्य सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश को गौरावित करने के लिए तैयार है। इस दल के साथ भारतीय पैरालिंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया, सचिव जयवंत, चीफ डी मिशन सत्य प्रकाश सांगवान, अन्य प्रमुख सदस्यों के साथ आज रवाना हुए।

**2021** तोक्यो पैरालंपिक में भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलो में लिया था हिस्सा

**2021** तोक्यो पैरालंपिक में 19 पदक जीते थे जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

**38** प्रतिभागियों के साथ सबसे बड़ी टीम है पैरा एथलेटिक्स 84 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल 12 खेलों में लेगा हिस्सा

# अल्टीमेट जाट ने कई मैच जिताए : रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी



- विराट कोहली और रवि शास्त्री ने याद शिखर धवन की यादगार पारियों को याद किया

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने रविवार को शिखर धवन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी उपलब्धियों से एक अमिट छाप छोड़ी है। धवन आक्रामक बल्लेबाजी से गेंदबाजों पर दबदबा बनाने वाली तिकड़ी के अहम सदस्य रहे जिसमें रोहित और कोहली भी शामिल थे। धवन ने लगभग 13 साल के करियर के बाद शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

कोहली, रोहित और पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री तथा अन्य खिलाड़ियों ने उस समय को याद किया जब दायें हाथ के बल्लेबाज धवन शानदार प्रदर्शन से मैचों में जीत दिलाने की काबिलियत के बूते भारत की वनडे बल्लेबाजी का अहम हिस्सा थे। रोहित ने एक्स पर लिखा कमरे साझा करने से लेकर मैदान पर जीवन भर की यादें साझा करने तक। आपने हमेशा दूसरे छोर से मेरा काम आसान किया। अल्टीमेट जाट।

कोहली ने धवन को भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बताते हुए कहा कि उनके जोश, खेल भावना और विशिष्ट मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन उनकी विरासत हमेशा याद रहेगी। आपके खेल के प्रति जुनून, खेल भावना और आपकी खास मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने गब्बर के नाम से मशहूर धवन को इन सभी यादों के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मैदान के बाहर आपकी अगली पारी के लिए शुभकामनाएं, गब्बर।

शास्त्री ने ट्वीट किया शिकी ब्वाय अपने संन्यास का आनंद लें। आपने मुझे कोच और निदेशक के तौर पर मेरे सात वर्षों के दौरान बहुत खुशी प्रदान की और मनोरंजन किया। आईसीसी टूर्नामेंट, एशिया कप और गॉल में आपकी मैच विजेता पारी हमेशा याद रहेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत महिला ए को 45 रन से दी शिकस्त

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)।** टेस फ्लिंटॉफ (39 रन देकर तीन विकेट) और चार्ली नॉट (34 रन देकर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां अनधिकृत महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में भारत ए को 45 रन से हरा दिया।

भारतीय टीम 289 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 243 रन पर आउट हो गई। भारतीय टीम ने सुबह छह विकेट पर 149 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसके बाकी बचे बल्लेबाज खेल के चौथे दिन 94 रन ही जोड़ पाए। राघवी बिष्ट (26) और उमा छेत्री (47) के साथ 61 रन की साझेदारी निभाई। फ्लिंटॉफ ने इन दोनों खिलाड़ियों को चार गेंद के अंदर आउट करके भारत का स्कोर आठ विकेट पर 212 रन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहली पारी में 212 और दूसरी पारी में 260 रन बनाए। भारत ने पहली 184 रन बनाए थे।

# बांग्लादेश की पाक पर ऐतिहासिक जीत

- पहले टेस्ट में मेजबान को 10 विकेट से हराया, 6 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

रावलपिंडी, एजेंसी

बांग्लादेश ने स्वदेश में राजनीतिक अशांति के बीच रविवार को यहां पाकिस्तान को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा। पाकिस्तान की टीम अपनी दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर हो गई और इस तरह से उसने बांग्लादेश के सामने 30 रन का लक्ष्य रखा। बांग्लादेश ने पांचवें दिन चाय के विश्राम से पहले ही केवल 6.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल करके पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन 15 और शादमान इस्लाम नौ बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम को थर्राया जबकि ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज (21 रन देकर चार विकेट) और शाकिब अल हसन (44 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर सात विकेट हासिल किए। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 टेस्ट मैच में अपनी पहली जीत हासिल की। यह विदेशी धरती पर उसकी केवल सातवीं जीत है।



जीत के बाद जश्न मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल



# रणवीर को डॉन 3 में कास्ट करने की बताई वजह

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर ने रणवीर सिंह को फिल्म डॉन 3 में कास्ट करने की वजह बताई है। फरहान अख्तर ने शाहरूख खान को लेकर डॉन और डॉन 2 बनायी थी। फरहान अब रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 बना रहे हैं।फरहान अख्तर ने डॉन 3 में शाहरूख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट करने की वजह बतायी है। फरहान अख्तर ने कहा, जब मैंने पहली बार डॉन 3 के बारे में सोचना शुरू किया, तो मैंने शाहरुख के साथ कुछ लिखने के बारे में सोचा। हालांकि, हम कहानी को आगे बढ़ाने के लिए सही मोड़ नहीं ढूंढ पाए। इसके बाद मैंने सोचा कि मुझे इस बारे में फिर से सोचना चाहिए कि मैं फिल्म के साथ क्या करना चाहता हूं और पीछे की ओर जाना चाहिए।इस दौरान मुझे ख्याल आया कि डॉन को डॉन बनाने वाली कहानी की तरह ही कुछ अलग सोचना चाहिए। इसके बाद जब मैंने लिखा शुरू किया, तो हसूस हुआ कि नई कहानी को दिखाने के लिए एक युवा अभिनेता की जरूरत होगी। मुझे लगा कि रणवीर सिंह इस भूमिका के लिए सबसे बेहतर विकल्प होंगे। इस तरह से डॉन 3 में रणवीर सिंह की उपस्थिति दर्ज हुई।

# रेस 4 में विलेन होंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म रेस 4 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। रमेश तौरानी निर्मित रेस फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट रिलीज हो चुके हैं।अब रेस 4 बनने की चर्चा जोरों पर है और इसमें सैफ मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। विलेन के रोल के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेने की योजना बनाई जा रही है। रेस 4 की शूटिंग 2025 के शुरुआती छह महीनों में ही शुरू हो जाएगी। रेस फ्रेंचइजी की फिल्मों में हीरो और विलेन के बीच की दुश्मनी को रोचक अंदाज में दिखाया जा चुका है। पहले पार्ट में सैफ अली खान के अपोजिट अक्षय खन्ना थे, तो वहीं दूसरे पार्ट में सैफ के अपोजिट जॉन अब्राहम नजर आए थे। रेस तीसरे पार्ट में सलमान खान और बॉबी देओल हीरो और विलेन के रोल में आमने-सामने थे।

### अक्टूबर में शुरू होगी भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग अक्टूबर में शुरू हो सकती है। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी फिल्म लव एंड वॉर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर ,आलिया भट्ट और विक्की कौशल की मुख्य भूमिका होगी कहा जा रहा है कि लव एंड वॉर की शूटिंग इसी साल शुरू हो जाएगी। रणबीर कपूर और विक्की कौशल अक्टूबर में लव एंड वॉर की शूटिंग शुरू करेंगे जबकि आलिया भट्ट दिसंबर में उन्हें ज्वाइन करेंगी। आलिया भट्ट इन दिनों यशराज की स्पाई यूनिवर्स अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। नवंबर एंड या दिसंबर की शुरुआत में वह इसकी शूटिंग खत्म कर विक्की और रणबीर को लव एंड वॉर के लिए ज्वाइन करेंगी।फिल्म लव एंड वॉर 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जा सकती है।



# नोवाक की निगाह 25वें ग्रैंड स्लैम पर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- जोकोविच के नाम पर दर्ज हैं कुल 99 खिताब
- विश्व का नंबर एक खिलाड़ी रहने का भी बनाया है रिकॉर्ड

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है।

जोकोविच ने कहा लोग मुझसे पूछते हैं कि अब तो आपने स्वर्ण पदक भी जीत लिया है तो फिर अब हासिल करने के लिए क्या बचा है लेकिन मेरे अंदर अब भी प्रतिस्पर्धा करने की भावना है। मैं आगे भी इतिहास बनाना चाहता हूं और अपने करियर के इस दौर का पूरा आनंद लेना चाहता हूं। सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



- मॉन्टेरी ओपन टूर्नामेंट में चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने लुलु सन को 7-6 (6) 6-4 से दी शिकस्त

### लिंडा नोस्कोवा ने जीता पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब

**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा ने लुलु सन को 7-6 (6) 6-4 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस तरह से नोस्कोवा ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में सन से सीधे सेटों में मिली हार का बदला ले लिया। चेक गणराज्य की यह 19 वर्षीय खिलाड़ी जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने यहां खिताब जीतकर सोमवार से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का सबूत भी पेश किया। अमेरिकी ओपन में उनका पहला मुकाबला मंगलवार को 30वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा। इससे पहले चीन की हन्यू गुओ और रोमानिया की मोनिका निकुलेस्कू ने मैक्सिको की गिउलिआना ओल्मोस और रूस की एलेक्जेंड्रा पानोवा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-6, 6-3, 10-4 से हराकर युगल खिताब जीता।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### हसीना के खिलाफ हत्या के चार और मामले दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट सहयोगियों के खिलाफ हत्या के चार और मामले दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2010 में बांग्लादेश राइफल्स के एक अधिकारी अब्दुर रहीम की मौत के मामले में रविवार को हसीना, बांग्लादेश सीमारक्षक बल के पूर्व निदेशक जनरल अजीज अहमद व 11 अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### अरुण बने टेक्सास आर्थिक संस्था के उपाध्यक्ष

**ह्यूस्टन।** टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने डलास निवासी भारतीय अमेरिकी उद्यमी अरुण अग्रवाल को 'टेक्सास आर्थिक विकास निगम' (टीईडीसी) के निदेशक मंडल में उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। गवर्नर कार्यालय के अनुसार, गवर्नर के आर्थिक विकास और पर्यटन कार्यालय के साथ टीईडीसी का काम घरेलू व वैश्विक स्तर पर व्यापार के लिए टेक्सास का प्रचार करने का है।

### अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु व्यापार पर बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि गगनयान मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में शामिल होने के लिए तैयार हैं और यह मिशन भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डॉ. सिंह अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु वाणिज्य पर द्विपक्षीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्ता का 10वां दौर सिडनी में सम्पन्न

**नई दिल्ली।** भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) वार्ता के अगले दौर से पहले दोनों देश इन वार्ताओं के सभी विषयों पर बातचीत की एक कार्ययोजना बनाएंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। व्यापार वार्ता दसवां दौर सिडनी में 19-22 अगस्त तक आयोजित किया गया था।

### आतंकवाद से मुकाबले पर भारत-इंडोनेशिया एकराय

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया ने शुक्रवार को जकार्ता में आतंकवाद से मुकाबले पर अपने संयुक्त कार्य समूह की छठी बैठक की। दोनों पक्षों ने बैठक में आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की और इसका मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बांग्लादेश के पूर्व कपड़ा एवं जूट मंत्री गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कपड़ा एवं जूट मंत्री गुलाम दस्तगीर गाजी को ढाका से गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। मीडिया रिपोर्ट में पल्टन पुलिस थाने के प्रभारी मोल्ला मोहम्मद खालिद हुसैन के हवाले से बताया गया कि 76 वर्षीय नेता को शनिवार देर रात करीब तीन बजे राजधानी ढाका के पियरगोली इलाके में एक घर से हिरासत में लिया गया। ढाका पुलिस उन्हें हिरासत में लेने के बाद डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) कार्यालय ले गई।

### यमन में नाव पलटने से 13 लोगों की मौत

**अदन।** यमन के तट पर प्रवासियों की एक नाव के पलटने से 13 लोगों की मौत हो गई तथा 14 अन्य लापता हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के अनुसार यह नाव जिबूती से रवाना हुई थी। इस पर 25 इथियोपियाई प्रवासी तथा दो यमनी नागरिक सवार थे। बानी अल-हकम उप-जिले में डुबाब जिले के निकट यह पलट गई। मृतकों में 11 पुरुष तथा दो महिलाएं हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं।

### टेलीग्राम के संस्थापक डूरोव को हिरासत में लिया

**पेरिस।** फ्रांस में पेरिस के उत्तरपूर्वी उपनगर ले बॉर्गेट के एक हवाईअड्डे पर शनिवार को टेलीग्राम के संस्थापक डूरोव को हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी मीडिया ने बताया कि फ्रांस की नागरिकता रखने वाले डूरोव को कथित तौर पर अज़रबैजान से आए एक निजी विमान से उतरते समय हिरासत में लिया गया।

### जर्मनी में चाकू से हमला करने वाला हिरासत में

**सोलिंगन।** जर्मनी के सोलिंगन शहर में एक उत्सव के दौरान शुक्रवार देर रात चाकू से हमला कर तीन लोगों की हत्या करने और आठ लोगों को घायल करने वाले संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उत्तरी राइन वेस्टफेलिया के गृह मंत्री हर्बर्ट रूल यह जानकारी दी।

---

# फ्रेंच फ्राई खाने से रोका तो पत्नी ने दर्ज करा दी रिपोर्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- **हाईकोर्ट ने पति के खिलाफ जांच पर लगाई रोक**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने अमेरिका में बच्चे के जन्म के बाद पत्नी को फ्रेंच फ्राई खाने से रोकने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामले की जांच पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने आरोपों को तुच्छ पाया और जांच पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि पति के खिलाफ किसी भी जांच की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

अमेरिका में कार्यरत महिला के पति को भी नौकरी पर लौटने की अनुमति दी गई, जब उसने अदालत को आश्वासन दिया कि वह जांच अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे और प्रक्रिया से नहीं बचेंगे। महिला के पति ने अपनी याचिका में जांच पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। उसके वकील ने बताया कि उनकी पत्नी की शिकायत के बाद उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था, जिससे उन्हें अमेरिका में काम पर लौटने से रोका गया। पत्नी ने आरोप लगाया था कि उसके पति ने बच्चे के जन्म के तुरंत बाद उसे फ्रेंच फ्राई, चावल और मांस खाने की अनुमति नहीं दी थी।

---

# डिजिटल डिमेंशिया : बौद्धिक क्षमता को कर रहा खोखला



डिजिटल डिमेंशिया के बारे में क्या आपने सुना है। डिजिटल डिमेंशिया आखिर क्या बला है। आप युवा हैं तो डिजिटल डिमेंशिया के बारे में जरूर जानना चाहिए क्योंकि युवा ही डिजिटल डिमेंशिया के असली शिकार हैं। सीधे शब्दों में कहें तो डिजिटल डिमेंशिया आपके दिमाग की बौद्धिक क्षमता को खोखला कर रहा है। मेडिकल भाषा में डिमेंशिया भूलने वाली बीमारी को कहते हैं। आमतौर पर डिमेंशिया बुजुर्गों को होने वाली बीमारी है जिसमें व्यक्ति को भूलने की ऐसी बीमारी होती है कि खुद का नाम भी याद नहीं रहता। डिमेंशिया से पहले डिजिटल लगा देने से आप समझ गए होंगे कि मोबाइल, लेपटॉप, गैजेट्स आदि का ज्यादा इस्तेमाल इस भूलने की बीमारी को जन्म दे रहा है। हालांकि डिजिटल डिमेंशिया डिमेंशिया की तुलना में ज्यादा खतरनाक है क्योंकि इसमें दिमाग के साथ-साथ शरीर में भी कई तरह की बीमारियां हो जाती है। जानते हैं इसके लक्षण, समस्या और समाधान के बारे में।

### क्या है डिजिटल डिमेंशिया

डिजिटल डिमेंशिया शब्द न्यूरोसाइंसटिस्ट का दिया हुआ है। वर्तमान में लोग स्मार्ट फोन, लेपटॉप, ब्लूटूथ जैसे गैजेट्स के बिना रह नहीं सकते। लेकिन इसका ज्यादा इस्तेमाल डिमेंशिया की तरह ही दिमाग को पंगु बना रहा है। लोगों की दिमागी क्षमता कमजोर हो रही है। साधारण गिनती पूछने पर भी लोग मोबाइल पर कैलकुलेटर खोलकर जवाब देते हैं। तिथि तक का पता नहीं रहता है। ये सब डिजिटल डिमेंशिया के लक्षण हैं। इसके साथ ही मेमोरी लॉस, किसी चीज पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी और सीखने की क्षमता में अपंगता डिजिटल डिमेंशिया के लक्षण हैं।

### ये आते हैं लोगों में मनोवैज्ञानिक परिवर्तन

व्यक्तित्व में परिवर्तन, अवसाद, चिंता, घबराहट, अनुचित व्यवहार, संदेहशील होना, ऐसी चीजें देखना जो वहां नहीं हैं।

### समस्या समाधान के लिए डॉक्टर को कब दिखाएं

अगर आपको या आपके किसी प्रियजन को याददाश्त संबंधी समस्या या अन्य डिमेंशिया के लक्षण हैं, तो डॉक्टर से मिलें। इसका कारण पता लगाना महत्वपूर्ण है। डिमेंशिया के लक्षण पैदा करने वाली कुछ चिकित्सा स्थितियों का इलाज किया जा सकता है।

### कुछ खास लक्षण

स्मृति में कमी होना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, तार्किक सोच में कमी, निर्णय लेने में कठिनाई, भाषा कौशल में कमी, जटिल कार्य में परेशानी होना, योजना बनाने व आयोजन में परेशानी, गतिविधियों में समन्वय एवं नियंत्रण की कमी

### समाधान

डिजिटल उपकरणों के उपयोग को सीमित करना, शारीरिक गतिविधियों और व्यायाम में भाग लेना, संज्ञानात्मक कौशल को विकसित करने वाली गतिविधियों में भाग लेना, पर्याप्त नींद लेना, संतुलित आहार लेना, तनाव प्रबंधन तकनीकों का अभ्यास करना

---

# इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर किए हवाई हमले

## 100 विमानों ने बरसाए गोले, जवाब में हिजबुल्ला ने की इजराइल पर रॉकेटों की बौछार

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइली सेना ने शिया मिलिशिया हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर रविवार तड़के लेबनान में हवाई हमले किए जिसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किए जाने की घोषणा की। इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने घरेलू मोर्चे पर विशेष स्थिति की घोषणा की। इन हमलों के कारण क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ गया है और इससे गाजा में युद्ध विराम समझौते के प्रयास विफल हो सकते हैं जहां फीलिस्तीनी समूह हमास के खिलाफ इजराइल का पिछले करीब 10 महीने से युद्ध जारी है।

रविवार को दिन में ऐसा प्रतीत हुआ कि दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी बंद हो गई है और दोनों पक्षों ने अपने हमलों को सैन्य ठिकानों तक सीमित कर दिया लेकिन स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हमलों में जान-माल का कितना नुकसान हुआ है। इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला इजराइली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट दागने की तैयारी कर रहा है। इसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने रविवार सुबह घोषणा की कि उसने बेरूत में उसके शीर्ष कमांडर फौद शुकूर की हत्या का बदला लेने के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किया है।



उत्तरी इज़राइल के एकर में हमले में एक क्षतिग्रस्त घर।

### इजराइली सेना हाई अलर्ट पर

इजराइली सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने कहा कि हिजबुल्ला का इरादा उत्तरी और मध्य इजराइल में लक्ष्यों को निशाना बनाने का था। कहा कि शुरुआती आकलन में इजराइल में बहुत कम नुकसान होने की जानकारी मिली है लेकिन सेना 'हाई अलर्ट' पर है। उन्होंने कहा कि रविवार के हमलों में लगभग 100 इजराइली विमानों ने हिस्सा लिया। दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में दो लोग घायल हुए हैं।

### 11 सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

हिजबुल्ला ने कहा कि उसने इजराइल में कई जगहों पर 320 से अधिक कत्युशा रॉकेट और बड़ी संख्या में ड्रोन दागे। उसने एक अहम इजराइली सैन्य स्थल को निशाना बनाकर हमला किया तथा दुश्मन के कई स्थलों एवं बैरकों और आयरन डोम मंचों को भी निशाना बनाया गया। उसने उत्तरी इजराइल और उसके कब्जे वाले 'गोलान हाइट्स' में 11 ठिकानों, बैरकों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने की बात कही।

### घटनाक्रम पर अमेरिका की पैनी नजर

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता सीन सैवेट ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इजराइल और लेबनान में घटनाक्रम पर पैनी नजर रख रहे हैं। सैवेट ने कहा कि उनके निर्देश पर वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी अपने इजराइली समकक्षों के साथ लगातार संवाद कर रहे हैं। हम आत्मरक्षा के इजराइल के अधिकार का समर्थन करते रहेंगे और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम करते रहेंगे।

### संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों ने किया युद्ध विराम का आग्रह

**बेरूत।** लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक (यूएनएससीओएल) और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने रविवार को इजरायल और लेबनान के हिजबुल्लाह से ब्लू लाइन (दोनों देशों को अलग करने वाली सीमा) पर तुरंत संघर्ष विराम करने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का पालन करने का आह्वान किया। दोनों संगठनों ने संयुक्त बयान में कहा, "सुबह से ब्लू लाइन पर चिंताजनक घटनाक्रमों के मद्देनजर, यूएनएससीओएल और यूएनआईएफआईएल सभी से संघर्ष विराम करने और आगे की कार्रवाई से परहेज करने का आह्वान करते हैं।

---

# अमेरिकी प्रतिबंध का चीन ने विरोध किया

**बीजिंग।** चीन ने यूक्रेन में रूस के युद्ध से कथित संबंधों को लेकर चीनी कंपनियों पर लगाए नए अमेरिकी प्रतिबंधों पर रविवार को विरोध जताया और कहा कि वह देश के व्यवसायों से जुड़े अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। अमेरिका ने रूस और यूरोप, एशिया तथा पश्चिम एशिया में सैकड़ों कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए शुक्रवार को उन पर ऐसे उत्पाद तथा सेवाएं देने का आरोप लगाया जिससे रूस को युद्ध में मदद मिली और प्रतिबंधों से बचने में उसके समार्थ्य में इजाफा हुआ। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि वह चीन से रूस तक दोहरे उपयोग वाले सामान के निर्यात को लेकर चिंतित है।

### टाटा लगाएगा 50 लघु मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर

**नई दिल्ली।** भारत का लक्ष्य ताप विद्युत संयंत्रों की जगह 40-50 छोटे 'मॉड्यूलर' परमाणु रिएक्टर स्थापित करना है, ताकि वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इसके लिए 220-मेगावाट दाबीकृत भारी जल रिएक्टर को 3डी डिजाइन मंचों का उपयोग करके फिर से तैयार किया जा रहा है। परमाणु ऊर्जा विभाग और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स ने पीएचडब्ल्यूआर का डिजाइन फिर से तैयार किया है।

---

# भारत और अमेरिका मिलकर काम करने के इच्छुक : राजनाथ



मैरीलैंड में नेवल सर्फेस वारफेयर सेंटर के दौरे के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **रक्षा मंत्री ने अमेरिकी नौसैन्य युद्ध सामग्री केंद्र का किया निरीक्षण**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं। उन्होंने शनिवार को मैरीलैंड में एक शीर्ष अमेरिकी नौसैन्य युद्ध सामग्री केंद्र का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की। सिंह अमेरिका और भारत के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। सिंह ने 'एक्स' पर कहा कि कार्डेरॉक में नौसैन्य सतह युद्ध सामग्री केंद्र का दौरा किया और इस केंद्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयोगों को देखा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर काम करने तथा एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं। इससे पहले, सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की। ऑस्टिन ने सिंह के साथ बैठक के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों की गति की प्रशंसा की। उन्होंने विभिन्न रक्षा मुद्दों पर दोनों देशों के बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें उनकी सेनाओं के बीच महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के प्रयास भी शामिल हैं।

---

# पाकिस्तान में दो बस हादसों में 37 की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद/कराची, एजेंसी**



खड्ड में गिरी बस।

- **एक बस में थे 70 जायरीन, दूसरी में सवार थे 35 लोग**

पाकिस्तान में रविवार को हुई दो अलग-अलग बस दुर्घटनाओं में 11 श्रद्धालुओं सहित 37 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। पाकिस्तान में पहली दुर्घटना उस वक्त हुई जब ईरान से 70 शिया जायरीन को लेकर आ रही बस बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तटीय राजमार्ग से रास्ता भटक गई थी।

इस हादसे में भी 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। इन श्रद्धालुओं को पंजाब की ओर जाना था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बस में बैठे ज्यादातर लोग लाहौर या गुजरांवाला के निवासी थे। दूसरी दुर्घटना उस दौरान हुई जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 35 लोगों को ले जा रही एक बस खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई। सधनोती के उपायुक्त उमर फारूक ने बताया कि मृतकों में बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं और ये सभी सधनोती जिले के निवासी थे। पुलिस, प्रशासन और बचाव दल के कर्मी घटनास्थल पर मौजूद हैं। कानून प्रवर्तकों ने बताया कि कुछ लोगों की पहचान कर ली गई है।

---

# ढाका में छात्रों और अंसार के सदस्यों में झड़प, कई घायल

**ढाका।** ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों और अंसार सदस्यों के बीच रविवार रात सचिवालय में झड़प हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक झड़प रात 9 बजे के बाद शुरू हुई। सरजिस आलम और हसनत अब्दुल्ला सहित भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के प्रमुख सदस्यों को सचिवालय में घेरने की खबर पर विश्वविद्यालय के कई हॉल के छात्र परिसर में राजू भाष्करजो में एकत्र हो गए और समन्वयकों की रिहाई की मांग करते हुए सचिवालय क्षेत्र की ओर चल पड़े। छात्रों की वहां अंसार के सदस्यों से टकराव हुआ, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला किया। डीयू के अंतिम वर्ष के छात्र सैदुल ने कहा कि हमले में कुछ छात्रों के पैर टूट गए हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस के नाकाम होने पर रात करीब 10 बजे सेना के जवान पहुंचे और स्थिति को संभाला।

---

**इस वर्ष 120 से अधिक ड्रोन किए हैं बरामद**

# ड्रोन रोकने के लिए बीएसएफ ने मांगी अतिरिक्त बटालियन


**जालंधर/नई दिल्ली, एजेंसी**

- **पंजाब में पाकिस्तान से लगी लंबी सीमा पर तैनात हैं 20 बटालियन**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थ और गोलाबारूद के साथ पाकिस्तान की ओर से पंजाब की सीमा में ड्रोन के प्रवेश को रोकने के लिए एक अतिरिक्त बटालियन तैनात करने की मांग की है। बीएसएफ के पास वर्तमान में, पंजाब की पाकिस्तान से लगी 500 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा की रक्षा के लिए लगभग 20 बटालियन हैं, जिनमें से 18 सीमा पर सक्रिय रूप से तैनात हैं, जबकि बाकी को अमृतसर में अटारी एकीकृत जांच चौकी और गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में करतारपुर गलियारे की आवश्यकताओं के मद्देनजर तैनात किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पंजाब की पाकिस्तान से लगी सीमा पर 2019-20 के आसपास शुरू हुआ ड्रोन का खतरा अमृतसर और तरनतारन सीमावर्ती जिलों में अधिक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पंजाब सीमा को बेहतर ढंग से सुरक्षित करने के लिए बीएसएफ की एक और बटालियन मांगी गई है। उन्होंने कहा कि यह अनुरोध केंद्रीय गृह मंत्रालय के विचारार्थ है।

बीएसएफ के पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक अतुल फुलजेले ने हाल में कहा था कि पाकिस्तानी सीमा से मादक पदार्थ स्थल मार्ग के बजाय अब ड्रोन के माध्यम से हवाई मार्ग से पंजाब भेजे जा रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अब तक सुरक्षा एजेंसियों द्वारा 120 से अधिक ड्रोन बरामद किए गए हैं।

---



**गोविंदा आला...**

**आगरा।** जन्माष्टमी उत्सव की पूर्व संध्या पर एक टोकरी में भगवान कृष्ण के रूप में सजे बच्चे को लेकर यमुना नदी पार करता वासुदेव के वेश में एक भक्त।

---

# ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन नहीं रुका तो लुप्त हो जाएगा ग्रेट बैरियर रीफ

**ब्रिसबेन, एजेंसी**

'ग्रेट बैरियर रीफ' का क्षरण मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन के कारण जारी रहेगा और इसे बचाने का समय तेजी से समाप्त हो रहा है। रीफ (शैल-भित्ति) की स्थिति पर एक नई रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। यह रिपोर्ट 'ग्रेट बैरियर रीफ मरीन पार्क अथॉरिटी' द्वारा जारी की गई है। यह इस बात की पुष्टि करती है कि मानवता के 'ग्लोबल वार्मिंग' का कारण बनने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकने में विफल रहने की वजह से 'ग्रेट बैरियर रीफ' और दुनिया भर की अन्य रीफ नष्ट हो रही है।

क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के ओवे होघ बताते हैं कि वह इस वर्ष के शुरू में दक्षिणी ग्रेट बैरियर रीफ के उन भागों में गए थे, जहां बड़े पैमाने पर 'कोरल' यानी प्रवाल के उनके नष्ट होने की घटनाएं हुई हैं। तस्वीर बहुत ही भयावह थी। कोरल के बहुत बड़े हिस्से सफेद रंग में बदल गए थे। बीच-बीच में गुलाबी और नीला रंग दिख रहा था, जो प्रवाल के जीवित रहने के लिए आखिरी प्रयास को दर्शाता है। दरअसल, दुनिया की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति बहुत ही बुरी हालत में है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इसकी वजह है यह भी है कि 2023 पृथ्वी का अब तक का सबसे गर्म साल था। 'ग्रेट बैरियर रीफ' कम से कम पिछले 400 वर्षों में सबसे गर्म रहा। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि मानवता ने जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो हम हजारों वर्षों से पृथ्वी पर मौजूद खूबसूरत, जटिल प्रवाल को खो देंगे। ग्रेट बैरियर रीफ मरीन पार्क अथॉरिटी द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट से भी यह पता चलता है। यहां तक कि सरकारें और अधिकारी भी अब इस तथ्य को स्वीकार करते हैं। हालांकि पारिस्थितिकी तंत्र के कुछ मूल्यों में हाल में हुए सुधार से यह पता चलता है कि चट्टान अब भी स्वयं को परिस्थिति के अनुसार ढाल रही है, लेकिन तेजी से बदलती जलवायु के कारण इसकी सहनशीलता और इसके ढलने की क्षमता खतरे में पड़ गई है।

**आधिकारिक रिपोर्ट**



- **दावा, बड़े कदम नहीं उठाए गए तो पृथ्वी पर मौजूद खूबसूरत जटिल प्रवाल हम खो देंगे**

### ग्रेट बैरियर रीफ आउटलुक की चौथी रिपोर्ट

शुक्रवार देर रात जारी की गई '2024 ग्रेट बैरियर रीफ आउटलुक रिपोर्ट' इसके स्वास्थ्य संबंधी पांच वर्षीय रिपोर्ट की श्रृंखला में चौथी रिपोर्ट है। इसमें पाया गया कि गर्म होते महासागर और गंभीर उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'क्राउन-ऑफ-थॉर्न स्टारफिश' प्रकोप, खराब जल गुणवत्ता और मछली पकड़ने की गतिविधियों की अस्थिरता जैसे अन्य खतरों को बढ़ा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच साल में कुछ प्रवाल प्रजातियों की स्थिति में सुधार हुआ है और वे 'बहुत खराब' से 'खराब' की श्रेणी में आ गई हैं। हालांकि वैज्ञानिक कहते हैं कि इससे ज्यादा उत्साहित नहीं होना चाहिए। इसका मतलब है कि तेजी से बढ़ने वाली कुछ प्रवाल प्रजातियां वापस उभर रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रवाल की समग्र संभावनाएं अब भी खराब बनी हुई हैं।

---

# अभिनेता सिद्दीक व फिल्म निर्देशक रंजीत ने पद छोड़ा

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि, एजेंसी**

- **अभिनेत्री के दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद उठाया कदम**

न्यायमूर्ति के. हेमा समिति की रिपोर्ट में महिलाओं का उत्पीड़न और उनके साथ दुर्व्यवहार के संबंध में किए गए चौंकाने वाले खुलासे से मची हलचल के बाद मलयालम सिनेमा के दो जानेमाने लोगों ने उच्च पदों से रविवार को इस्तीफा दे दिया। अभिनेता सिद्दीक ने एक अभिनेत्री द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद रविवार को एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स (एएमएमए) के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, मलायलम फिल्म निर्माता रंजीत ने एक अभिनेत्री से दुर्व्यवहार के उसके आरोपों को लेकर केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

मलयालम सिनेमा के लोग ही सिद्दीक के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। बांग्ला फिल्म में काम करने वाली एक अभिनेत्री ने कई साल पहले प्रसिद्ध फिल्म निर्माता रंजीत पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद रंजीत की आलोचनाएं की गई थीं, लेकिन हेमा समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद यह मामला सुर्खियों में आया। एक अभिनेत्री ने 24 अगस्त को अभिनेता सिद्दीक पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।